




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 152 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद शु.4 2082 बुधवार, 27 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## पाकिस्तान से पंजाब पहुंचे इम्पोर्टेड हथियार

अमृतसर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब में शांति और सौहार्द बिगाड़ने की साजिश रच रहे हथियार तस्करों के खिलाफ अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने गुरु की वडाली छेहर्टा निवासी अमित सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5 ग्लॉक पिस्टल, 4 मैगजीन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। ये सभी हथियार अवैध रूप से पंजाब में पहुंचाए गए थे। माना जा रहा है कि इनका इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों और अशांति फैलाने में किया जाना था। प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। आरोपी अमित सिंह अपने साथी गुरप्रीत सिंह उर्फ गिन्नी के साथ मिलकर पाकिस्तान स्थित हथियार तस्करों के संपर्क में था।

## हार्दिक शुभकामनाएं



स्वतंत्र वार्ता के सुधी पाठकों, शुभचिंतकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएँ।

-डॉ. गिरीश कुमार संघी

**अवकाश सूचना**

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में (बुधवार) 27 अगस्त को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक दि.29-8-2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

### दुनिया के दर्जनों देशों में जो ईवी चलेगी

# उस पर लिखा होगा- 'मेड इन इंडिया' : पीएम

अहमदाबाद, 26 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अहमदाबाद में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने गुजरात स्थित टीडीएस लिथियम-आयन बैटरी प्लांट में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन की शुरूआत की। यह प्लांट तोशिबा, डेंसो और सुजुकी का संयुक्त उद्यम है।

इस दौरान सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष व प्रतिनिधि निदेशक तोशीहिरो सुजुकी और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उपस्थित थे। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 'अब दुनिया के दर्जनों देशों में जो ईवी चलेगी, उसपर लिखा होगा- मेड इन इंडिया'। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा, गणेश उत्सव के इस उल्लास में आज भारत की 'मेक इन इंडिया' यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। मेक इन इंडिया, मेक




फॉर द वर्ल्ड हमारे उस लक्ष्य की ओर एक बड़ी छलांग है। आज से भारत में बनी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स 100 देशों को एक्सपोर्ट की जाएंगी। साथ ही आज हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोल मैन्युफैक्चरिंग की भी शुरूआत हो रही है। उन्होंने कहा कि यह दिन भारत और जापान की दोस्ती को भी एक नया आयाम दे रहा है। मैं सभी देशवासियों, जापान और सुज़ुकी कंपनी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। भारत की सफलता की कहानी के बीज करीब 13 साल पहले बोए गए थे। 2012 में जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब मैंने मारुति सुज़ुकी को हंसलपुर में जमीन अलॉट की थी। विजन उस समय भी आत्मनिर्भर भारत का था, मेक इन इंडिया का था। हमारे तब के प्रयास आज देश के संकल्पों को पूरा करने में इतनी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा, भारत के पास लोकतंत्र की शक्ति है। भारत के पास जनसांख्यिकी का सकारात्मक फैक्टर है। हमारे पास कुशल कार्यबल का बहुत बड़ा पूल भी है। इसलिए ये हमारे हर साथी के लिए विन-विन सिचुएशन यानी फायदा ही फायदा वाली स्थिति बनाता है। आज सुजुकी जापान भारत में मैन्युफैक्चरिंग कर रही है, और यहां बनी गाड़ियां वापस जापान को एक्सपोर्ट की जा रही हैं।

## चुनाव आयोग ने एसआईआर पर मांगा जनता का 'सर्टिफिकेट'

**वोट चोरी के आरोपों के बीच पांच सवाल पूछकर मांगा जवाब**

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने पांच सवाल पूछकर एसआईआर पर जनता की राय मांगी है। इन सवालों में पूछा गया है कि क्या मतदाता सूची की गहन जांच होनी चाहिए या नहीं। मृत लोगों, दो या अधिक स्थानों पर मतदाता बने लोगों के नाम मतदाता सूची से हटने चाहिए या नहीं। चुनाव आयोग ने जनता से इस बात पर भी अपनी राय देने के लिए कहा है कि क्या दूसरे स्थान पर चले गए लोगों या विदेशी लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने चाहिए, या नहीं? ये वही बुनियादी सवाल हैं जिनको लेकर चुनाव आयोग ने बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम किया है।

राजनीतिक विज्ञान के विशेषज्ञ धीरेंद्र कुमार ने कहा कि समय-समय पर मतदाता सूची को अपडेट करना चुनाव आयोग का दायित्व है। इसके लिए संविधान में उसे शक्ति और जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन आज चुनाव आयोग ने जो सवाल पूछे हैं, उसे देखकर यही कहा जा सकता है कि कहीं न कहीं चुनाव आयोग विपक्ष के वोट चोरी के आरोपों को लेकर दबाव में है। वह अपनी छवि बचाने के लिए सीधे जनता के दरबार में पहुंच गया है। धीरेंद्र कुमार ने कहा कि देश की राजनीति के लिए यह तस्वीर सही नहीं है। किसी भी संवैधानिक संस्था का कार्य राजनीति का विषय नहीं बनना चाहिए। देश के स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यही आवश्यक है कि हर संवैधानिक संस्था अपने-अपने दायित्यों को पूरा करे। यह प्रक्रिया इतनी पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए कि इस पर किसी को कोई संदेह न हो।

## 'बॉर्डर से 30 किमी तक के दायरे में सभी अतिक्रमण हटेंगे'

> बढ़ेगी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमांत गांवों में दूरसंचार, सड़क संपर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था होनी चाहिए।



वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम 'वीवीपी' को सरकारी प्रोग्राम नहीं, प्रशासन की स्पिरिट बनाना है। गृह मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य तभी प्राप्त हो सकेगा, जब यह प्रशासन की स्पिरिट बनेगा। वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम में मनरेगा के तहत कुछ नए तालाब बनाने, सघन वृक्षारोपण और स्थायी इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की संभावना पर भी विचार किया जाना चाहिए। सीमा से कम से कम 30 किलोमीटर तक के दायरे में सभी अवैध अतिक्रमण हटाए जाने चाहिए। गुजरात ने इस दिशा में बहुत अच्छा काम किया है, वहां समुद्री और भू-सीमा से ढेर सारे अतिक्रमण हटाए गए हैं। गृह मंत्री ने मंगलवार को नई दिल्ली में गृह मंत्रालय के सीमा प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि यह बात कही है। शाह ने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-1 में हम कार्यक्रम तक सीमित रहे, लेकिन वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-2 में हमें प्रशासन का दृष्टिकोण बदलने की जरूरत है। उन्होंने सीमावर्ती जिलों के कलेक्टरों से कहा कि वे अवैध धार्मिक अतिक्रमण को हटाने की दिशा में उचित कार्रवाई करें।

## कभी उम्मीद नहीं थी कि प्रधानमंत्री हमें 'चोर' कहेंगे : ममता बनर्जी

कोलकाता, 26 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को जबरदस्त हमला बोला है। ममता बनर्जी ने पीएम मोदी की हालिया टिप्पणियों का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि प्रधानमंत्री उनकी कुर्सी और पूरे राज्य का अपमान करेंगे और लोगों को "चोर" कहेंगे। पूर्वी बर्धमान जिले में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में बोलते हुए ममता बनर्जी ने मोदी की टिप्पणियों को पश्चिम बंगाल के लोगों का "अपमान" बताया और केंद्रीय धन को रोके रखने के लिए उनकी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से रोके जा रहे धन के चलते राज्य के खजाने पर "भारी बोझ" पड़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री को मेरी कुर्सी का उतना ही सम्मान करना चाहिए जितना मैं उनकी कुर्सी का करती हूं। मुझे कभी उम्मीद नहीं थी कि वे पश्चिम बंगाल के लोगों को 'चोर' कहेंगे। बनर्जी ने दावा किया, सच तो यह है कि उन्होंने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार की तथाकथित 'डबल इंजन' वाली भाजपा सरकारों के कामकाज पर आंखें मूंद ली हैं, जहां भ्रष्टाचार अपने चरम पर है।

## 50% अमेरिकी टैरिफ का नोटिफिकेशन जारी

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका ने मंगलवार को भारत पर एडिशनल 25% टैरिफ लगाने का ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भारतीय समय के अनुसार यह टैरिफ बुधवार यानी 27 अगस्त को सुबह 9:31 बजे लागू हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 6 अगस्त को रूस से तेल खरीद पर जुर्माने के तौर पर इस टैरिफ का ऐलान किया था। वहीं, व्यापार घाटे का हवाला देकर 7 अगस्त से भारत पर 25% टैरिफ लगा दिया था। यानी अब अमेरिका निर्यात होने वाले भारतीय सामानों पर कुल टैरिफ 50% तक हो जाएगा। मंगलवार को जारी आदेश में लिखा है, 'जो ड्यूटी इस दस्तावेज की सूची में बताई गई है, वह भारत से आने वाली चीजों पर लागू होगी। ये चीजें या तो अमेरिका में इस्तेमाल के लिए लाई जाएंगी या गोदाम से इस्तेमाल के लिए निकाली जाएंगी। ट्रम्प के टैरिफ से ज्वेलरी, टेक्सटाइल, ऑटो,




सीफूड सेक्टर की इंडस्ट्रीज का मुनाफा घट सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर अमेरिका के साथ ट्रेड डील नहीं होती है या टैरिफ कम नहीं होता है तो 48.2 अरब डॉलर के निर्यात पर सीधा असर पड़ेगा।

## माता वैष्णो देवी जाने वाले रास्ते पर भूस्खलन से 6 की मौत

> 14 घायल-रोकी गई यात्रा

जम्मू, 26 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू के वैष्णो देवी में भूस्खलन से 6 लोगों की मौत हो गई है और 14 श्रद्धालु घायल हुए हैं। भूस्खलन की घटना के बाद वैष्णो देवी की यात्रा स्थगित कर दी गई है। अधक्कारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भूस्खलन की घटना हुई और प्रशासन का बचाव अभियान जारी है। यह घटना दोपहर करीब 3 बजे हुई। बता दें कि मंदिर तक जाने वाले 12 किलोमीटर के घुमावदार रास्ते के लगभग आधे रास्ते में यह आपदा आई और यात्रा रोकनी पड़ी। हिमकोटि मार्ग पर सुबह से ही यात्रा स्थगित कर दी गई थी, लेकिन दोपहर 1.30 बजे तक पुराने मार्ग पर यात्रा जारी थी। हालांकि अधिकारियों ने मूसलाधार बारिश के मद्देनजर अगले आदेश तक इस रास्ते से भी यात्रा स्थगित करने का फैसला किया।

**जम्मू में बारिश से हाल बेहाल**

जम्मू में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन मध्यम से भारी बारिश हुई, जिसके कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि लगभग सभी नदियां और बरसाती नाले खतरे के निशान से ऊपर या उसके करीब बह रहे हैं, जिससे शहर और अन्य स्थानों के कई निचले इलाकों और सड़कों पर जलभराव हो गया है।

अधिकारियों ने बताया कि रामबन जिले के चंद्रकोट, केला मोड़ और बैटरी चश्मा में पहाड़ियों से पत्थर गिरने के बाद एहतियात के तौर पर 250 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह यातायात रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले एकमात्र बारहमासी राजमार्ग पर जम्मू के उधमपुर और कश्मीर के काजीगुंड में वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है।

## शांति चाहिए तो युद्ध के लिए तैयार रहें : सीडीएस

**भारत शांतिप्रिय देश लेकिन शांतिवादी नहीं, एमपी के महू में कहा-ऑपरेशन सिंदूर जारी**

इंदौर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने कहा कि भले ही भारत शांतिप्रिय देश है, लेकिन हम 'शांतिवादी' नहीं हैं। दुश्मन गलतफहमी में न रहे। देश की सेनाएं युद्ध के लिए हमेशा तैयार हैं। सीडीएस मंगलवार को मध्यप्रदेश के महू स्थित आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित रण संवाद-2025 कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के चीफ भी शामिल हो रहे हैं।

सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि शक्ति के बिना शांति एक 'यूटोपियन' धारणा है। जनरल चौहान ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां दोहराते हुए कहा, क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो, उसको क्या जो दंतहीन, विषरहित, विनीत, सरल हो। सीडीएस ने कहा, मैं एक लैटिन कोट कहना चाहूंगा, जिसका हिंदी अनुवाद है कि अगर आप शांति चाहते हैं तो युद्ध के लिए




तैयार रहें। क्योंकि, शक्ति से ही शांति आ सकती है। ऑपरेशन सिंदूर एक न्यू एज वॉर था, जिससे हमने कई सबक सीखे। ऑपरेशन अभी जारी है।

**ऑपरेशन सिंदूर जारी है, शस्त्र और शास्त्र एक साथ फॉलो करेंगे**

सीडीएस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। ऑपरेशन सिंदूर एक आधुनिक संघर्ष था, जिससे हमने कई सबक सीखे। उनमें से ज्यादातर पर अमल चल रहा है। सीडीएस ने कहा, गीता और महाभारत में युद्ध नीति के सबसे बेहतरीन उदाहरण हैं। चाणक्य की नीति ने चंद्रगुप्त को विजय दिलाई। उन्होंने कहा है शक्ति, उत्साह और युक्ति... युद्ध नीति के लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं। शस्त्र और शास्त्र दोनों को एकसाथ फॉलो करने की जरूरत है।

**सीडीएस ने बताया-बेहद खतरनाक होगी भविष्य की जंग**

जनरल चौहान ने कहा कि निकट भविष्य की जंग बेहद खतरनाक होगी, उसमें हम मिलकर (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) ही जीत हासिल कर सकते हैं। सीडीएस ने कहा कि हमें हर हालात में सशक्त और आत्मनिर्भर बनना है। उन्होंने साफ किया इस रण संवाद का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करना नहीं है। हम ऑपरेशन सिंदूर के आगे क्या है उस पर चर्चा कर रहे हैं यानी 'फ्यूचर वॉरफेयर' कैसा होगा।

**सुदर्शन चक्र मिशन पर काम शुरू**

इस साल 15 अगस्त को लाल किले से पीएम नरेंद्र मोदी के सुदर्शन चक्र मिशन पर किए गए ऐलान पर सीडीएस ने कहा कि इस पर काम शुरू हो चुका है।

जनरल चौहान ने कहा कि रविवार को डीआरडीओ (डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडीडब्ल्यूएस) का सफल परीक्षण इसी का हिस्सा है। सीडीएस ने कहा कि वर्ष 2035 में मिशन पूरा होने के बाद यह भारत की सुरक्षा आयरन डोम (या फिर गोल्डन डोम) की तरह करेगा। सीडीएस ने कहा कि भारत विकसित बनने की दिशा में अग्रसर है।

## पीएम जल्द ही जापान और चीन दौरे पर जाएंगे: विदेश सचिव

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री मोदी जल्द ही जापान और चीन के दौरे पर रवाना होने वाले हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत और जापान के संबंधों में रक्षा और सुरक्षा संबंधी सहयोग हाल के वर्षों में एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभरा है। इस साल दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की भी बैठक हुई थी। जिसमें संचालन संबंधी सहयोग, रक्षा उपकरणों और तकनीकी साझेदारी पर अहम बातचीत हुई।

विक्रम मिसरी ने कहा, दोनों देश मिलकर यूनिफाइड कॉम्पलेक्स रेडियो एंटेना का सह-निर्माण कर रहे हैं, यूनिकॉर्न प्रोजेक्ट पर भी नवंबर 2024 में हस्ताक्षर किए गए थे। भारतीय नौसेना और जापानी नौसेना भी भारत में जहाज मरम्मत के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाश रही हैं। इसरो और जापानी अंतरिक्ष एजेंसी चंद्रमा पर खोज के मिशन पर साथ काम कर रही हैं। चंद्रयान-5 मिशन के साथ ही इसे भी आगे बढ़ाया जा रहा है।

विक्रम मिसरी से जब प्रधानमंत्री की आगामी जापान और चीन यात्राओं को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी। हम अभी भी उन बैठकों को अंतिम रूप दे रहे हैं और आपको उनकी कार्यवाही के बारे में जानकारी देते रहेंगे। बैठकों से पहले, यह अनुमान लगाना और कहना कि बैठकों में क्या चर्चा होगी और क्या नहीं, शायद थोड़ी जल्दबाजी होगी।

विदेश सचिव ने क्वॉड को लेकर कहा, क्वॉड वास्तव में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, समृद्धि और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। हाल के वर्षों में, इसका एजेंडा व्यावहारिक सहयोग के मुद्दों तक फैला है और इसमें स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। हाल ही में महत्वपूर्ण खनिजों, आपूर्ति श्रृंखलाओं को और अधिक लचीला बनाने और बुनियादी ढांचे के विकास के संबंध में भी चर्चा हुई है।

## बीरेन सिंह ने खारिज की मणिपुर पर पीयूसीएल की रिपोर्ट

> भाजपा और मानवाधिकार संगठन ने दी एफआईआर की चेतावनी

इंफाल, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने गैर-सरकारी संगठन पीयूसीएल (पीपुल्स यूनियन ऑफ सिविल लिबर्टीज) की उस रिपोर्ट की आलोचना की है, जिसमें कहा गया है कि मणिपुर में हुई जातीय हिंसा स्वतः नहीं बल्कि सुनियोजित थी। उन्होंने कहा कि इस तरह की रिपोर्ट केवल समाज में विभाजन को गहरा करती हैं, अविश्वास को बढ़ाती हैं और गलतफहमी को जन्म दे सकती हैं।



बीरेन सिंह मणिपुर के मुख्यमंत्री थे, जब मई 2023 में इंफाल घाटी में बसे मैतेई समुदाय और आस-पास के पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच हिंसा भड़की थी। इस हिंसा में अब तक 260 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग बेघर हो चुके हैं। भाजपा के राज्यसभा सांसद लीशेम्बा सनाजाओबा ने कहा कि पीयूसीएल के इस दावे को लेकर 3000 से अधिक प्राथमिकी दर्ज की जाएंगी।

इंफाल आधारित मानवाधिकार संगठन 'ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फ्रीडम' (एचआरआईएफ) ने पीयूसीएल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। पीयूसीएल की 694 पन्नों की में यह दावा किया गया है कि हिंसा स्वतःस्फूर्त नहीं थी बल्कि इसे योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया था। यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस कुरियन जोसेफ की अध्यक्षता में तैयार की गई है। एचआरआईएफ ने पीयूसीएल के संपादक को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि 'मणिपुर में जारी जातीय संघर्ष पर स्वतंत्र जन न्यायाधिकरण' शीर्षक के साथ यह रिपोर्ट पूरी तरह से एकतरफा है। इसमें असत्यापित तथ्य, भ्रामक जानकारी और कुकी समुदाय के पक्ष में स्पष्ट झुकाव है। साथ ही, यह रिपोर्ट जानबूझकर मैतेई समुदाय की पीड़ा, तथ्य और दृष्टिकोण को नजरअंदाज करती है और तोड़-मरोड़ कर पेश करती है।

## संघ गीत गाने के लिए शिवकुमार ने मांगी माफी

**जन्म से कांग्रेसी, कांग्रेसी रहकर ही मरूंगा**

बेंगलूरू, 26 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक विधानसभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गीत गाने को लेकर अपनों के ही निशाने पर आए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेसियों और विपक्षी गठबंधन इंडिया को ठेस पहुंची है तो वह माफी मांगते हैं। उन्होंने कहा, मैंने बस बोला। मैं भाजपा की टांग खींचने की कोशिश की। मेरे कुछ दोस्त इसे राजनीतिक रूप दे रहे हैं, इसका दुरूपयोग करने और जनता में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं उनकी भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता। अगर किसी को ठेस पहुंची है, तो मुझे उनके लिए दुख है। मैं उन सभी से माफी मांगना चाहता हूं। गांधी परिवार पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं। मैं एक कांग्रेसी के रूप में मरूंगा। मेरे बहुत सारे अनुयायी और दोस्त हैं, पार्टी लाइन से परे विभिन्न राजनीतिक दलों में मैं किसी को ठेस नहीं पहुंचाना चाहता।

## चंडीगढ़ निगम मीटिंग में गाली-गलौज : महिलाएं बैठक छोड़ निकलीं

चंडीगढ़, 26 अगस्त (एजेंसियां)। चंडीगढ़ नगर निगम की 352वीं बैठक की शुरूआत से ही माहौल गरम रहा। आप और कांग्रेस ने मेयर व अधिकारियों को कई मुद्दों पर घेर लिया, जिससे हंगामा हो गया। दोपहर बाद जब बैठक फिर शुरू हुई तो पूर्व मेयर कुलदीप टीटा और बीजेपी पार्षद मनोज सोनकर आपस में भिड़ गए। बीच-बचाव के दौरान सदन में गालियां गूंजने लगीं, जिसके चलते कई महिलाएं बैठक छोड़कर चली गईं। मेयर ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की। बैठक में कांग्रेस पार्षद गुरप्रीत ने बिना टेंडर के कर्मचारियों की भर्ती का मुद्दा उठाया, जिस पर भी हंगामा हुआ। विपक्ष भ्रष्टाचार को लेकर मेयर पर निशाना साधने की तैयारी में था।

## अंबानी के वाइल्डलाइफ रेस्क्यू रिहैबिलिटेशन सेंटर वनतारा की जांच होगी

**सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी बनाई, हथिनी की शिफ्टिंग से शुरू हुआ था विवाद**

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गुजरात के जामनगर में वनतारा वाइल्डलाइफ रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर की जांच के लिए 4 सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित की। इस सेंटर को रिलायंस फाउंडेशन चलाता है। अदालत ने कहा कि एसआईटी 12 सितंबर तक रिपोर्ट देगी। इसके बाद 15 सितंबर को फिर सुनवाई होगी। इसके आधार पर आगे फैसला लिया जाएगा।

जस्टिस पंकज मित्तल और पीबी वराले की बेंच ने मामले की सुनवाई की। कहा- एसआईटी को 12 सितंबर 2025 तक रिपोर्ट सौंपनी होगी। एसआईटी पशु कल्याण, आयात-निर्यात कानून, वाइल्डलाइफ तस्करी, पानी और कार्बन क्रेडिट के दुरूपयोग जैसे मुद्दों की भी जांच करेगी। एसआईटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे. चेलमेश्वर करेंगे। टीम में जस्टिस राघवेंद्र चौहान (पूर्व चीफ जस्टिस,



उत्तराखंड व तेलंगाना हाईकोर्ट), पूर्व मुंबई पुलिस कमिश्नर हेमंत नागराले और कस्टम्स अधिकारी अनिश गुप्ता शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश 2 पब्लिक इंटरेस्ट पिटीशन (पीआईएल) पर दिया। एक वकील सीआर जया सुकीन और दूसरी याचिका देव शर्मा ने जुलाई में कोल्हापुर के मंदिर से हाथी 'माधुरी' को वनतारा में ले जाने के विवाद के बाद दायर की थी। हथिनी को कई लोग महादेवी भी बुलाते हैं। भारत और विदेश से, विशेषकर हाथियों के अधिग्रहण में- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, चिड़ियाघरों के नियम, अंतर्राष्ट्रीय प्रजाति व्यापार संधि (सीआईटीईएस), आयात-निर्यात कानूनों और अन्य वैधानिक आवश्यकताओं का पालन हुआ या नहीं।

# आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर ईडी की रेड



नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज के घर पर मंगलवार की सुबह ईडी ने छापेमारी की है। कहा जा रहा है कि ईडी की रेड हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन घोटाला मामले में की गई है। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन इस मामले में जांच के दायरे में हैं। इसको लेकर ईडी ने अपनी ईसीआईआर दर्ज की थी। ईडी की रेड के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है और इसे झूठा और निराधार बताया है।आप नेता सौरभ भारद्वाज के खिलाफ ईडी की छापेमारी पर आप सांसद संजय सिंह ने कहा, सौरभ भारद्वाज के खिलाफ दर्ज मामला झूठा और निराधार है। जिस समय ईडी ने मामला दर्ज किया था, उस समय वह मंत्री भी नहीं थे। आप नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करना और उन्हें जेल में डालना मोदी सरकार की नीति है।

यह सभी आप नेताओं को एक-एक करके परेशान करने और जेल में डालने के लिए किया जा रहा है। पीएम मोदी की फर्जी डिग्री से ध्यान हटाने के लिए छापेमारी की जा रही है। पीएम मोदी की फर्जी डिग्री पर चर्चा होने से रोकने के लिए ईडी ने छापेमारी की है। आज सौरभ के यहाँ रेड क्यों हुई? क्योंकि पूरे देश में मोदी जी की डिग्री पर सवाल उठ रहे हैं, क्या मोदी जी की डिग्री फर्जी है? इस चर्चा से ध्यान हटाने के लिए ही रेड डाली गई है। जिस समय का केस बताया जा रहा है, उस समय सौरभ मंत्री भी नहीं थे। यानी पूरा केस ही झूठा है। सत्येंद्र को भी तीन साल जेल में रखकर आखिरकार सीबीआई/ईडी को क्लोजर रिपोर्ट देनी पड़ी। इससे साफ़ है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं पर लगाए गए सारे केस सिर्फ झूठे और राजनीति से प्रेरित हैं। ये अस्पताल निर्माण घोटाला करीब 5,590 करोड़ का है। साल 2018-19 में दिल्ली सरकार ने 24 अस्पतालों के निर्माण के लिए 5,590 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी थी। 6 महीने में आईसीयू अस्पताल बनना था, लेकिन 3 साल बाद भी काम अधूरा रहा। इनमें से कई प्रोजेक्ट्स में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं।

## 52 बार रक्तदान कर बनीं मप्र की पहली महिला



इंदौर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर निवासी तरनजीत कौर भाटिया ने अब तक 52 बार रक्तदान (ब्लड डोनेट) किया है। वह बताती हैं कि 18 साल पहले प्रसव (डिलीवरी) के समय उनकी हालत गंभीर थी और खून की तत्काल जरूरत थी। उनके पति को खून की व्यवस्था के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। उसी अनुभव ने तरनजीत को रक्तदान के महत्व का अहसास कराया और उन्होंने ठान लिया कि जीवन भर जरूरतमंदों की मदद करेंगी। तरनजीत का परिवार 2006 में निमाड़ से इंदौर शिफ्ट हुआ था। उसी साल अक्टूबर में उनकी डिलीवरी हुई। डॉक्टरों ने पहले ही खून की जरूरत की बात कही थी, लेकिन उस समय मोबाइल और सोशल मीडिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं। रिश्तेदारों और अस्पतालों में फोन करके मुश्किल से खून मिला।

इसके बाद तरनजीत ने 2007 से नियमित रक्तदान की शुरुआत की। तरनजीत का कहना है कि महिलाएं रक्तदान को लेकर अक्सर संकोच करती हैं। उन्हें डर होता है कि रक्तदान से कमजोरी आ जाएगी, पोषक तत्व कम हो जाएंगे या स्वास्थ्य पर असर पड़ेगा। यही कारण है कि भारत में महिलाओं द्वारा रक्तदान का प्रतिशत मात्र 5 से 8% ही है।

## महिला और उसके प्रेमी को पीटकर कुएं में फेंका

नांदेड, 26 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में एक विवाहित महिला और उसके प्रेमी को परिजनों ने कथित तौर पर बुरी तरह पीटकर एक कुएं में फेंक दिया। यह घटना दोपहर को हुई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि महिला का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि युवक की तलाश अभी जारी है। घटना के सिलसिले में महिला के पिता, दादा और चाचा को हिरासत में लिया गया है। पीड़ितों की उम्र की भी पुष्टि की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, महिला की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। उसका प्रेमी बोरजुन्नी गांव में रहता था। वह सोमवार को उससे मिलने के लिए गोलेगांव गांव पहुंचा। उमरी थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जब दोनों को महिला के घर पर एक साथ देखा गया, तो उसके ससुरालवालों ने उसके मायके वालों को बुलाया और दोनों को उनके हवाले कर दिया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हत्या में कथित तौर पर महिला के पिता, चाचा और दादा शामिल थे। इसके बाद महिला का पिता उमरी थाने पहुंचा और खुद दोनों की हत्या की बात कबूल की। लेकिन जांच में पता चला कि इस अपराध में उसके चाचा और दादा भी शामिल थे। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मामले की जांच जारी है।

## बंद थी पेटी, खुलते ही निकली बुजुर्ग महिला की जली लाश पुलिस भी रह गई हैरान

मऊगंज, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मऊगंज के वरया कलां में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां 60 वर्षीय महिला का जला हुआ शव उसके ही घर के अंदर बंद पेटी में पाया गया। महिला का नाम देवकली सोंधिया है। इस घटना से हड़कंप मचा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है।

अचानक घर से धुआं उठता देख ग्रामीण दौड़े और जब उन्होंने दरवाजा तोड़ा तो अंदर का दृश्य देखकर सभी दंग रह गए। घर जल चुका था और भीतर देवकली का शव एक बक्से के अंदर जली हुई अवस्था में मिला। यह दृश्य अपने आप में कई शंकाएं पैदा कर रहा है, क्योंकि सामान्य परिस्थितियों में कपड़े रखने वाली पेटी के अंदर शव का जलना अजीब और संदिग्ध माना जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 3 उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और गोला-बारूद जब्त

इंफाल, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मणिपुर के इंफाल पूर्व और पश्चिम जिलों में सुरक्षा बलों ने तीन प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को रविवार को इंफाल पश्चिम जिले के ताओबोंग खुनोउ इलाके से गिरफ्तार किया गया। उग्रवादी की पहचान ओइनम सोमेनचंद्र सिंह (41) के रूप में हुई है, जो दुकानों और आम जनता से जबरन वसूली में शामिल था। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि उसके पास से एक पिस्तौल और एक मैगजीन जब्त की गई है। प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक उग्रवादी को रविवार को इंफाल पूर्व जिले के हुइकाप माखा लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान फंजौबाम रामानंद सिंह (23) के रूप में हुई। केसीपी (एमएफएल) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को सोमवार को इंफाल पूर्व जिले के ताखेल से गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने सोमवार को काकचिंग जिले के सिंगटॉम गांव से हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का एक जखीरा जब्त किया।

## कौन हैं चंद्रशेखर



### जो बनने जा रहे हैं बॉम्बे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस?

मुंबई, 26 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने वरिष्ठ न्यायाधीश जस्टिस चंद्रशेखर को बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त करने की सिफारिश की है। यह पद अप्रैल 2026 में वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस आलोक अराधे के रिटायरमेंट के बाद खाली होगा। सिफारिश को केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया है और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद औपचारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। बॉम्बे हाई कोर्ट देश के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित हाईकोर्टों में शामिल है, जिसकी मुख्य पीठ मुंबई में है। जस्टिस चंद्रशेखर का जन्म 25 मई 1965 को हुआ।

उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कैंपस लॉ सेंटर से 1993 में एलएल.बी की डिग्री प्राप्त की। 9 दिसंबर 1993 को वे दिल्ली स्टेट बार काउंसिल में वकील के रूप में पंजीकृत हुए। वकालत की शुरुआत दिल्ली से की और 19 साल के करियर में करीब 3,500 मामलों में पैरवी की।

## 'एससी ने 4 महीने में चुनाव कराने को कहा था'

### बीएमसी चुनाव पर हर्षवर्धन सपकाल का बड़ा बयान



मुंबई, 26 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र नगर निकाय चुनावों के तारीखों से पहले ही राजनीतिक हलचल तेज है। राज्य की कांग्रेस इकाई अब एक्टिव मोड में आ गई है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने हाल ही में इस पर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों के लिए गठबंधन पर फैसला स्थानीय स्तर पर चर्चा के बाद होगा। वहीं उन्होंने स्पष्ट किया कि शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) महा विकास आघाडी में सहयोगी दल हैं और चुनावी रणनीति इसी समन्वय के साथ तय की जाएगी। छत्रपति संभाजीनगर में मीडिया से बात करते हुए सपकाल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट (एससी) ने मई में राज्य निर्वाचन आयोग को चार महीने में चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

हालांकि, अब तक चुनाव कार्यक्रम और ओबीसी आरक्षण की घोषणा नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बीच संगठन को मजबूत करने और क्षेत्रीय स्तर पर समीक्षाएं करने में जुटी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने निर्वाचन आयोग की मदद से चुनावी धोखाधड़ी की। थोराट ने दावा किया कि राहुल गांधी ने इस संबंध में सबूत भी पेश किए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है और इसे बचाना जरूरी है।

## समुद्री सुरक्षा पर मंथन की मेजबानी करेगी नौसेना

### हिंद महासागर के 18 देशों के अधिकारी होंगे शामिल

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय नौसेना 27 से 28 अगस्त तक 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (आईओएनएस) के तहत 'इमर्जिंग लीडर्स पैनल डिस्कशन' की मेजबानी करेगी। यह कार्यक्रम नौसेना की कोच्चि स्थित दक्षिणी कमान होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 18 देशों के युवा नौसेना अधिकारियों को आपस में जोड़ने और संवाद स्थापित करने पर केंद्रित होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नौसेना की दक्षिणी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी। श्रीनिवास होंगे। नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि इस कार्यक्रम में सदस्य देशों के नौसेना अधिकारी समुद्री सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। साथ ही, उभरती हुई तकनीकों पर सहयोग और प्रशिक्षण क्षमताओं के बेहतर इस्तेमाल पर विचार किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 20 से अधिक नौसेनाओं के अधिकारी और कुल 300 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

बयान के मुताबिक, यह पैनल चर्चा आईओएनएस ढांचे का एक हिस्सा है, जिसका मकसद सदस्य देशों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है। इसमें नौसेना अधिकारी क्षेत्रीय समुद्री मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। परिचर्चा के प्रमुख विषय होंगे- 'हिंद महासागर क्षेत्र का रणनीतिक महत्व और चुनौतियां: युवा अधिकारियों की दृष्टि', 'समुद्री सुरक्षा में उभरती तकनीकें', 'समुद्री सुरक्षा के लिए सहयोग को बढ़ाने में आईओएनएस की भविष्य की भूमिका' और 'आईओएनएस देशों के बीच प्रशिक्षण क्षमताओं का उपयोग: भविष्य की रूपरेखा'। इससे पहले नौसेना ने नई दिल्ली में 24-25 जून को समुद्री सुरक्षा पर आईओएनएस के कार्यकारी समूह की बैठक की मेजबानी की थी।

रक्षा मंत्रालय ने यह भी बताया कि आईओएनएस की शुरुआत 2008 में भारतीय नौसेना ने की थी। इसका मकसद हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय देशों की नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाना है। आईओएनएस एक खुला और समावेशी मंच है जहां क्षेत्रीय समुद्री मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

## शहरी क्षेत्रों में 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' का विस्तार, 20 लाख बच्चों को मिलेगा लाभ



चेन्नई, 26 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम। के। स्टालिन ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सरकार की प्रमुख पहल 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' का मंगलवार को राज्य के शहरी क्षेत्रों में विस्तार किया। स्टालिन ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ यहां 'सेंट जोसेफ प्राइमरी स्कूल' में बच्चों को भोजन परोसा और योजना के विस्तार की औपचारिक शुरुआत की। स्टालिन और मान ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन भी किया। इस विस्तार के साथ योजना का पांचवां चरण शुरू हो गया है, जिससे 2,429 विद्यालयों के 3.06 लाख अतिरिक्त बच्चों को लाभ मिलेगा। योजना के विस्तार के बाद अब राज्य में कुल 20.59 लाख बच्चे 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' से लाभान्वित होंगे। सरकारी प्रवक्ता पी। अमुधा ने सोमवार को बताया था कि एक केंद्रीकृत रसोई से नाश्ता साफ-सुथरे तरीके से तैयार करने के लिए उचित कदम उठाए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव अमुधा ने कहा, ''तैयार किए गए पोंगल, खिचड़ी या उपमा जैसे व्यंजनों और साथ में परोसे जाने वाले दाल व सांभर को वैन के जरिए संबंधित स्कूलों तक पहुंचाया जाएगा।'' मुख्यमंत्री ने 6 मई 2022 को विधानसभा में घोषणा की थी कि पहली कक्षा से पांचवीं तक के छात्रों के लिए निःशुल्क नाश्ता योजना शुरू की जाएगी। उन्होंने इस योजना का पहला चरण 15 सितंबर को मदुरै में शुरू किया था। स्टालिन ने रविवार को कहा था, "जस्टिस पार्टी के दिनों से लेकर द्रविड़ मॉडल सरकार तक, हम बच्चों को भोजन प्रदान करते आए हैं।

## 56 साल की गर्लफ्रेंड, 33 का बॉयफ्रेंड अफेयर में बाधा बन रहे पति को मरवा दिया

चिकमंगलूर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के चिकमंगलूर से एक लापता व्यक्ति को उसकी 56 वर्षीय पत्नी द्वारा अपने 33 वर्षीय प्रेमी की मदद से कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान आरोपियों की मदद करने वाले दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मीनाक्षम्मा, उसके प्रेमी प्रदीप और उसके दोस्तों सिद्धेश और विश्वास के रूप में हुई है (सभी कदुर के निवासी हैं)। वहीं मृतक की पहचान सुब्रमण्य (60) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि वो दर्जी का काम करते थे। अधिकारियों ने बताया कि मीनाक्षम्मा को अदालत में पेश किया गया और सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 2 जून को मीनाक्षम्मा ने कदुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति सुब्रमण्य 31 मई को बाहर गए थे और घर नहीं लौटे। पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद पुलिस ने सुब्रमण्य के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक की। 3 जून को रेलवे पुलिस ने कदुर पुलिस को सूचित किया कि पटरी पर एक आधा जला हुआ शव पड़ा मिला है। बाद में मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव के बाकी हिस्सों को भी कब्जे में लिया। सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान, 31 मई को दर्जी सुब्रमण्य की दुकान के पास सीसीटीवी फुटेज में उनको प्रदीप, सिद्धेश और विश्वास के साथ एक कार में सवार होते देखा गया।

## गर्लफ्रेंड के मुंह में जिलेटिन रॉड डालकर किया विस्फोट मौत; कातिल बॉयफ्रेंड अरेस्ट

मैसूर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के मैसूर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक युवती की उसके बॉयफ्रेंड ने बेरहमी से हत्या कर दी। युवती शादीशुदा थी। युवती अपने बॉयफ्रेंड से मिलने गई। वहां युवती के बॉयफ्रेंड ने उसके मुंह में जिलेटिन की रोड डालकर विस्फोट कर हत्या कर दी। महिला के मुंह में विस्फोट होने से वह बुरी तरह से जख्मी हो गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसने मोबाइल में विस्फोट होने की झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश की, लेकिन जब पुलिस ने मामले की जांच की तो सच सामने आ गया। फिर पुलिस ने बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया। यह घटना मैसूर के सालिगराम के भेर्या गांव में हुई। यहां गेरासनहल्ली गांव की रहने वाली 20 साल की रक्षिता की हत्या उसके प्रेमी सिद्धाराजू ने कराई, जो बिलिकेरे गांव का रहने वाला था।

## गाय का एक खास दर्जा, इसके वध से शांति पर पड़ सकता है प्रतिकूल प्रभाव: हाई कोर्ट ?

चंडीगढ़, 26 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने वध के लिए गायों को ले जाने के आरोपी नूंह निवासी की दी गई अग्रिम जमानत खारिज करते हुए कहा कि गाय पूजनीय है और एक 'बड़ी आबादी वाले समूह' की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले कृत्य शांति को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। आसिफ और दो अन्य लोगों पर गायों को वध के लिए राजस्थान ले जाने के आरोप में इस साल अप्रैल में हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंवर्धन अधिनियम, 2015 तथा क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत मामला दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति संदीप मौदगिल ने इस महीने की शुरुआत में एक आदेश में कहा, 'वर्तमान अपराध, अपने कानूनी निहितार्थों के अलावा भारतीय समाज में गाय की विशिष्ट स्थिति को देखते हुए भावनात्मक और सांस्कृतिक पहलुओं से भी जुड़ा हुआ है।' यह आदेश सोमवार को सार्वजनिक किया गया। कोर्ट ने कहा, 'यह अदालत इस तथ्य से अनभिज्ञ नहीं रह सकती कि हमारे जैसे बहुलवादी समाज में कुछ कृत्य जो वैसे तो निजी होते हैं लेकिन तब सार्वजनिक शांति पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं जब वे किसी बड़ी आबादी वाले समूह की गहरी आस्थाओं को ठेस पहुंचाते हैं।' न्यायाधीश ने कहा कि गाय न केवल पूजनीय है, बल्कि भारत की कृषि अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग भी है। सरकारी वकील ने अपनी दलील में कहा कि याचिकाकर्ता गोहत्या के अपराध में कथित तौर पर सक्रिय रूप से शामिल था इसलिए, निष्पक्ष और प्रभावी जांच के लिए उससे हिरासत में पूछताछ जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि संविधान केवल अमूर्त अधिकारों की रक्षा नहीं करता बल्कि एक न्यायपूर्ण, करुणामय और एकजुट समाज के निर्माण का प्रयास भी करता है। आदेश में कहा गया, 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51ए(जी) के तहत प्रत्येक नागरिक पर यह दायित्व है कि वह सभी जीवित प्राणियों के प्रति करुणा दिखाए। इसी संदर्भ में गोहत्या का कथित कार्य जिसे बार-बार, जानबूझकर और उकसावे की नीयत से अंजाम दिया गया, संवैधानिक नैतिकता और सामाजिक व्यवस्था की मूल भावना पर प्रहार करता है।' कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री से यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता ने पहली बार अपराध नहीं किया है। उस पर पहले भी इसी प्रकार के अपराधों से शामिल होने के आरोप वाली तीन अन्य प्राथमिकियां हैं।'





## 'तू मुझे पसंद नहीं, मां-बाप ने मेरी मर्जी के खिलाफ शादी की'

### पति ने चाकू गर्म कर नवविवाहिता को जलाया

खरगोन, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के खरगोन में एक नवविवाहिता के साथ उसके पति ने की हैवानियत की हद ही पार कर दी। पति ने ना सिर्फ उसे पीटा, बल्कि गैस के चूल्हे पर चाकू को गर्म कर पूरे शरीर में जगह-जगह दाग दिया। नवविवाहिता खुशबू का आरोप है कि पति दिलिप शादी के बाद से ही नापसंद करता था और दहेज की मांग को लेकर हमेशा मारपीट कर प्रताड़ित करता था। खरगोन जिले के मेनगांव थाना क्षेत्र के अवरकच्छ की रहने वाली खुशबू की शादी 2 फरवरी 2025 को बड़वानी जिले के अंजड निवासी दिलीप पिपलिया के साथ हुई थी। रविवार की रात ससुराल में खुशबू के साथ हुई हैवानियत ने महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों की सभी सीमाएं पार कर दीं।



पीड़िता ने मीडिया को बताया कि रविवार रात को नशे में धुत पति दिलीप पिपलिया ने गैस पर चाकू गर्म किया। फिर उसको हाथ, पैर, पीठ सहित होठों पर कई जगह दाग दिया। पीड़िता का कहना है चाकू से दागने के बाद उसने मेरे हाथ पैर बांध दिए थे। शोर मचाने पर चाकू मुंह में डाल दिया। वो कह रहा था कुछ नहीं बस तू मुझे पसंद नहीं है, तुमको मना किया था फिर क्यों आ गई। मेरे मां-बाप ने मेरी मर्जी के खिलाफ शादी की थी।

सुबह 4:30 बजे के करीब किसी तरह में रस्सी खोल कर बाहर आई और झाड़ू लगाने वाले एक अंकल का मोबाइल लेकर परिवार को सूचना दी। खुशबू ने बताया कि दिलीप शादी के बाद से ही उसे पसंद नहीं करता है। वह उसके साथ मारपीट करता है और दहेज की मांग भी करता है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़िता का भाई अंजड पहुंचा और अपनी बहन को मायके अवरकच्छ लेकर आ गया। परिजन आज पीड़िता को खरगोन के मेनगांव थाने लेकर पहुंचे।

## डोडा में बादल फटा, 10 से अधिक घर तबाह; अब तक तीन लोगों की मौत

जम्मू, 26 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के डोडा में बादल फटने से एक बार फिर तबाही मच गई है। 10 से ज्यादा घर तबाह हो गए हैं। डोडा जिले में लगातार भारी बारिश के कारण भूस्खलन, मिट्टी धंसने और पत्थर गिरने की घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण कई संपर्क सड़कों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के कई हिस्से बंद हो गए हैं। जानकारी के लिए बता दें कि ये बादल डोडा जिले के थाथरी उप-मंडल में फटा है। जहां अचानक से तबाही मच गई है। इससे पहले किश्तवाड़ और धराली में भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। किश्तवाड़ जिले और डोडा के कई इलाकों में बादल फटने की सूचनाएं मिल रही हैं। डिप्टी कमिश्नर हरविंदर सिंह ने कहा कि तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। खासकर चिनाब नदी के इलाकों में दो जगहों से बादल फटने की खबरें आई हैं। बादल फटने से एनएच-244 भी बह गया। आगे बातचीत में कहा कि हमारी टीम उसे बहाल करने में जुटी है। अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी है। इनमें से दो गंभीर में और एक ठठरी सबडिवीजन में है।

## इंफ्लूएंसर जैस्मिन जफर ने मंदिर के तालाब में धोए पैर तो बढ़ा बवाल, अब होगा शुद्धीकरण

त्रिशूर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के पवित्र गुरुवायुर कृष्ण मंदिर में एक इंस्टाग्राम रील ने बवाल खड़ा कर दिया है। बिग बॉस मलयालम की एक्स-कंटेस्टेंट और इंफ्लूएंसर जैस्मिन जफर ने मंदिर के पवित्र तालाब में पैर डुबोकर एक वीडियो बनाया। इसके बाद श्रद्धालुओं का गुस्सा भड़क गया। यह वीडियो इतना वायरल हुआ कि मंदिर प्रशासन को छह दिन का शुद्धिकरण अनुष्ठान शुरू करना पड़ा। भक्तों और सांस्कृतिक समूहों ने इसे धार्मिक भावनाओं का अपमान बताया है। जैस्मिन के इस कृत्य ने न केवल परंपराओं को ठेस पहुंचाई, बल्कि मंदिर के नियमों का भी उल्लंघन किया। गुरुवायुर देवस्वम ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तालाब और मंदिर को शुद्ध करने के लिए 18 विशेष पूजाओं और 18 शीवेली (जुलूस) का आयोजन शुरू किया है। यह अनुष्ठान आज, 26 अगस्त 2025 से शुरू हो चुका है और इसके दौरान मंदिर में दर्शन पर रोक रहेगी। गुरुवायुर देवस्वम के प्रशासक ने इस मामले में मंदिर पुलिस में शिकायत दर्ज की है।



शिकायत में जैस्मिन पर धार्मिक प्रोटोकॉल तोड़ने और हाई कोर्ट के उस आदेश का उल्लंघन करने का आरोप है, जिसमें मंदिर के पवित्र क्षेत्रों में फोटोग्राफी पर पाबंदी है। प्रशासन का कहना है कि यह कृत्य न केवल मंदिर की पवित्रता को ठेस पहुंचाता है, बल्कि भक्तों की भावनाओं को भी आहत करता है। मामला तूल पकड़ने के बाद सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ गई। कई लोगों ने जैस्मिन की हरकत को गैर-जिम्मेदाराना बताया, जबकि कुछ ने इसे अनजाने में हुई गलती करार दिया। लेकिन भक्तों का गुस्सा शांत होने का नाम नहीं ले रहा और मंदिर प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है।

**जैस्मिन ने मांगी माफी**

विवाद बढ़ता देख जैस्मिन जफर ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। उन्होंने कहा, मेरी इस हरकत का मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। यह मेरी नादानी थी, मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। जैस्मिन ने अपने बयान में भक्तों और मंदिर प्रशासन से माफी मांगते हुए कहा कि वह भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराएंगी। लेकिन उनकी माफी ने भी भक्तों का गुस्सा पूरी तरह शांत नहीं किया। कई लोग इसे महज दिखावा बता रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि मंदिर के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। गुरुवायुर श्री कृष्ण मंदिर केरल के छोटे से शहर गुरुवायुर में स्थित है और यह भगवान गुरुवायुरप्पन को समर्पित है। यह मंदिर न केवल केरल, बल्कि पूरे भारत में हिंदुओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों में से एक है। लाखों भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं, और मंदिर की परंपराएं और नियम भक्तों के लिए बेहद पवित्र माने जाते हैं।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH
स्वतंत्र वार्ता
बुधवार, 27 अगस्त, 2025 3
# मेरा हैदराबाद

सुविचार
कोई इतना अमीर नहीं की अपना पुराना वक़्त खरीद सके, कोई इतना गरीब नहीं की अपना आने वाला वक़्त न बदल सके।

# महिंद्रा विश्वविद्यालय में बड़े ड्रग रैकेट का भंडाफोड़

## चार आरोपी गिरफ्तार, भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ईगल टीम, तेलंगाना ने एक बड़े अंतर-राज्यीय ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है जो हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्रों को नशीले पदार्थ सप्लाई कर रहा था।

एक विश्वसनीय सूचना के आधार पर, टीम ने कल जीडीमेटला इलाके के सुरराम स्थित शिवालयम कॉलोनी में छापा मारा। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें नेवेल्ली टोंगब्रम, अंबाती गणेश, बूसा शिव कुमार और मोहम्मद अशर जावेद खान शामिल हैं। उनके पास से लगभग 1.15 किलोग्राम गांजा, 47 ग्राम ओजी वीड और नशीले पदार्थ बरामद किए गए। इस रैकेट के तार दिल्ली, बीदर और विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से जुड़े हैं, और कम से कम 50 छात्र जांच के दायरे में हैं। नशीले पदार्थ पहुंचाने के लिए डीटीडीसी और मारुति जैसे कूरियर का दुरूपयोग किया गया। छात्र भास्कर और दिनेश कथित तौर पर एक नाइजीरियाई संपर्क 'निक' से एमडीएमए प्राप्त करते थे। मलनाडु रेस्टोरेंट मामले की जांच के दौरान, यह पता चला कि मारुति कूरियर की फ्रैंचाइजी राजेश एंटरप्राइजेज के माध्यम से ड्रग्स के पार्सल बुक किए गए थे। ईगल टीम ने मारुति कूरियर द्वारा हैदराबाद भेजे गए पार्सल की सूची प्राप्त की। आगे की जांच में, यह पाया गया कि प्राप्तकर्ता के मोबाइल नंबर एक भारतीय मोबाइल नंबर के थे, जिसका उपयोग नाइजीरिया का एक नाइजीरियाई व्यक्ति कर रहा था। राजेश एंटरप्राइजेज (मारुति कूरियर का फ्रैंचाइजी धारक) के घोर कदाचार के कारण हम एक गतिरोध पर पहुंच गए। इसी निक ने पहले मलनाडु मामले के सूर्या को दो मौकों पर 1.3 लाख और 80,000 रुपये मूल्य के ड्रग्स उपलब्ध कराए थे। बैंकिंग माध्यमों से किए गए भुगतानों के आधार पर, ईगल टीम लगभग 50 छात्रों की पहचान कर सकी जो संभवतः ड्रग्स का सेवन कर रहे थे। जांच से पता चला कि आरोपियों ने अंतरराज्यीय आपूर्तिकर्ताओं, स्थानीय तस्करों और विश्वविद्यालय के छात्रों को जोड़ने वाली एक सुव्यवस्थित आपूर्ति श्रृंखला स्थापित की थी। ड्रग्स दिल्ली और बीदर से खरीदे जाते थे, कूरियर और परिवहन नेटवर्क के माध्यम से हैदराबाद में तस्करी किए जाते थे, और फिर छात्र वितरकों के माध्यम से महिंद्रा विश्वविद्यालय में पहुंचाए जाते थे। जांच में यह भी पता चला कि कम से कम 50 छात्र उपभोक्ता नियमित रूप से इस नेटवर्क से ड्रग्स खरीद और इस्तेमाल कर रहे थे, और उन सभी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गांजा और वीड के अलावा, अधिकारियों ने कई हाई-एंड स्मार्टफोन भी ज़ब्त किए, जिनका इस्तेमाल ऑर्डर, यूपीआई भुगतान और कूरियर ट्रैकिंग के लिए किया जाता था। जब्ती से इस बात की पुष्टि होती है कि आरोपी संगठित आपूर्ति और खुदरा व्यवस्था के साथ व्यावसायिक स्तर पर नशीले पदार्थों का कारोबार चला रहे थे। साइबराबाद नारकोटिक पुलिस थाने में एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पिछले एक साल में, ईगल टीम ने विभिन्न संस्थानों और कॉलेजों- सिम्बायोसिस कॉलेज, उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल (ओजीएच), गुरु नानक इंजीनियरिंग कॉलेज, कलिनरी एकेडमी ऑफ इंडिया, कुंदनबाग, चैतन्य भारती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीबीआईटी), आईआईआईटी बसारा, जेएनटीयू जोगीपेट, मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज, आईसीएफएआई और उस्मानिया विश्वविद्यालय में सफलतापूर्वक छापेमारी की है।

# राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने विनायक चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने कल (27 अगस्त) मनाए जाने वाले विनायक चतुर्थी के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने तेलंगाना और देश के लोगों के लिए शांति, प्रगति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

उन्होंने भगवान गणेश से सभी बाधाओं को दूर करने और राज्य को एकता और विकास के पथ पर अग्रसर करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने भी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और भगवान विघ्नेश्वर से लोगों को सुख, स्वास्थ्य और धन का आशीर्वाद देने की प्रार्थना की। उन्होंने भक्तों से इस त्योहार को भक्ति और भव्यता के साथ मनाने का आग्रह किया और पुलिस को त्योहारों के दौरान सुचारू यातायात और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गणेश पंडालों को इस वर्ष भी मुफ्त बिजली आपूर्ति जारी रहेगी।

# उत्सव को सफल बनाने के लिए आयोजकों से भी समान सहयोग की अपेक्षा : डीसीपी

## गणेश मंडप आयोजकों के साथ समन्वय बैठक आयोजित




हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गणेश महोत्सव के मद्देनजर, मध्य क्षेत्र की पुलिस उपायुक्त, के. शिल्पा वल्ली, द्वारा आज क्षेत्र के सभी गणेश मंडप आयोजकों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। आयोजकों को संबोधित करते हुए, डीसीपी ने कहा, गणेश उत्सव पूरे हैदराबाद में भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। हम सभी आयोजकों से अनुरोध करते हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि उत्सव शांतिपूर्ण, सुरक्षित और दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए आयोजित किया जाए। पुलिस सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करेगी, लेकिन हम उत्सव को सफल बनाने के लिए आयोजकों से भी समान सहयोग की अपेक्षा करते हैं। डीसीपी ने निर्देश दिया कि मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन तक स्वयंसेवकों को पंडालों में 24x7 उपस्थित रहना होगा। उन्होंने कहा, हर पंडाल में अग्निशामक यंत्र और रेत की बाल्टियां होनी चाहिए। आग लगने की घटनाओं से बचने के लिए बिजली के तारों को एमसीबी से अच्छी तरह सुरक्षित किया जाना चाहिए। पंडाल केवल सुरक्षित और स्थिर स्थानों पर ही लगाए जाने चाहिए। उन्होंने आयोजकों को सीसीटीवी कैमरे लगाने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वे हर समय काम करते रहें। डीसीपी ने ज़ोर देकर कहा, कोई भी पंडाल, खासकर रात के समय, खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए। सभी कीमती सामान, नकदी और आभूषण सुरक्षित होने चाहिए। डीसीपी ने श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया, बैरिकेड्स और कतारें जरूरी हैं। महिलाओं के लिए विशेष कतारें लगाई जानी चाहिए और प्रवेश व निकास के अलग-अलग रास्ते बनाए जाने चाहिए। भ्रम से बचने के लिए सार्वजनिक संबोधन प्रणाली और स्पष्ट साइनबोर्ड अनिवार्य हैं। उन्होंने याद दिलाया कि केवल धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ही अनुमति है, वह भी एसीपी की पूर्व अनुमति से। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ध्वनि प्रदूषण मानदंडों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए। अश्लील नृत्य या भड़काऊ भाषण बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। कार्यक्रमों में भक्ति भावना झलकनी चाहिए और सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। विसर्जन जुलूसों के संबंध में, डीसीपी ने कहा, प्रत्येक मूर्ति के लिए उसके आकार के अनुसार एक अलग वाहन होना चाहिए। डीजे, उच्च-डेसीबल ध्वनि प्रणाली और पटाखे सख्त वर्जित हैं। कोई भी प्रतिभागी शराब या नशीले पदार्थों के नशे में नहीं होना चाहिए। लाठी, चाकू या ज्वलनशील पदार्थ ले जाने की अनुमति नहीं है। रंग-गुलाल फेंकना और भड़काऊ या राजनीतिक नारे लगाना सख्त वर्जित है। बैठक का समापन करते हुए, डीसीपी ने अपील की, हम सभी आयोजकों से पूर्ण सहयोग का अनुरोध करते हैं। आपके सहयोग से, हैदराबाद सिटी पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि गणेश उत्सव हर्षोल्लास, शांति और बिना किसी घटना के मनाया जाए।

# राज्यपाल ने पर्यावरण-अनुकूल गणेश वितरित किए

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने आज राजभवन के कर्मचारियों को प्राकृतिक रंगों से रंगी पर्यावरण-अनुकूल मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं वितरित कीं और उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान गणेश विघ्नों को दूर करें और एकता, शांति, प्रगति और समृद्धि का आशीर्वाद दें।



# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को केसीआर से माफी मांगनी चाहिए : बीआरएस नेताओं की मांग

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कई बीआरएस नेताओं ने मंगलवार को मांग की कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी को शहर के उस्मानिया विश्वविद्यालय में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए बीआरएस पार्टी प्रमुख के. चंद्रशेखर राव से माफी मांगनी चाहिए। कल, मुख्यमंत्री ने कहा था कि फार्महाउस में 'मानव जानवर' मौजूद है।

बीआरएस नेताओं ने केसीआर के खिलाफ मुख्यमंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा की निंदा की। विधान परिषद में विपक्ष के नेता सिरिकोंडा मधुसूदनचारी, पूर्व मंत्री जोगू रमन्ना और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री की टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें "उनके पद के अनुरूप नहीं" बताया। मधुसूदनचारी ने आरोप लगाया कि रेवंत अपने चुनावी वादों को पूरा करने में विफल रहने के कारण "अपमानजनक भाषा" का सहारा ले रहे हैं। बीआरएस नेता ने केसीआर को "एक और गांधी" बताया, जिन्होंने अहिंसा के बल पर तेलंगाना राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने कांग्रेस पर कथित "ऐतिहासिक अत्याचारों, आपातकालीन ज्यादतियों और 1969 के तेलंगाना आंदोलन में हुई मौतों" का आरोप लगाया।

पूर्व मंत्री और बीआरएस नेता जोगू रमन्ना ने कहा कि रेवंत रेड्डी, पिछली बीआरएस सरकार के दौरान निर्मित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए, केसीआर पर बार-बार निशाना साधकर राज्य की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जी. देवी प्रसाद, दुडिमेतला बलाराजू यादव, पल्ले रविकुमार और उपेंद्र चारी सहित अन्य नेताओं ने कहा कि ओयू जैसे प्रमुख संस्थान में मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह की भाषा का प्रयोग करना अनुचित है। उन्होंने चेतावनी दी कि लोग केसीआर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# राज्य विधानसभा भंग करें : भाजपा सांसद ने सत्तारूढ़ कांग्रेस से की मांग

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा सांसद एम रघुनंदन राव ने आज टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ को चुनौती दी कि अगर उन्हें विश्वास है कि कांग्रेस 100 सीटें जीतेगी, तो वे विधानसभा भंग कर दें और नए चुनावों का सामना करें।

भाजपा द्वारा वोट चोरी के कांग्रेस के दावों पर सवाल उठाते हुए, उन्होंने कालेश्वरम परियोजना आयोग की रिपोर्ट जारी करने की मांग की और यूरिया की कमी के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

पत्रकारों से बात करते हुए, भाजपा सांसद ने आश्चर्य जताया कि अगर भाजपा ने पिछले संसदीय चुनावों में वोट चोरी का सहारा लिया था, तो राज्य कांग्रेस आठ सीटें कैसे जीत पाई। उन्होंने सवाल किया कि अगर भाजपा ने वोट चोरी की होती, तो क्या एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी सांसद के रूप में जीत पाते?

# कांग्रेस सरकार बुनकरों के लिए 365 दिन काम सुनिश्चित कर रही है : मंत्री तुम्मला

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि, हथकरघा और वस्त्र मंत्री तुम्माला नागेश्वर राव ने आज कहा कि कांग्रेस सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बुनकरों के लिए 365 दिन काम सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद से इस क्षेत्र के लिए लगभग 1,000 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। राजन्ना सिरसिला में एक सभा को संबोधित करते हुए, तुम्मला ने "हथकरघा अभयहस्तम योजना" पर प्रकाश डाला, जिसके तहत श्रमिकों की बचत को सरकार के योगदान के बराबर किया जाता है। 2024-25 में 36,133 श्रमिकों के खातों में 290.09 करोड़ रुपये जमा किए गए। इसी प्रकार, पावरलूम श्रमिकों को 34.07



करोड़ रुपये की जमा राशि से लाभ हुआ। "नेतन्ना भरोसा" के तहत, हथकरघा बुनकरों को सालाना 18,000 रुपये और संबद्ध श्रमिकों को 6,000 रुपये मिलते हैं, जिसके लिए इस वर्ष 12 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि "नेतन्ना भद्रता योजना" बुनकरों के परिवारों को 5 लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान करती है, जिसके तहत अब तक 401 परिवारों को 20.05 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। मंत्री ने आगे कहा कि "इंदिरा महिला शक्ति साड़ी योजना" निरंतर रोजगार प्रदान कर रही है, जिसके तहत लगभग 65 लाख स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को सालाना दो साड़ियां मुफ्त दी जाती हैं। वेमुलावाड़ा में एक सूत डिपो, "कोंडा लक्ष्मण बापूजी भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान" की स्थापना को एक विशेष तेलंगाना हथकरघा ब्रांड के रूप में चिह्नित किया गया है। उन्होंने दावा किया कि यह संस्थान राज्य के बुनकरों के बच्चों को हथकरघा वस्त्र के क्षेत्र में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करेगा और वर्तमान में संस्थान में लगभग 120 छात्र अध्ययन कर रहे हैं।

# ओडिशा पर कम दबाव के कारण हैदराबाद और तेलंगाना में बारिश



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। थोड़े समय के अंतराल के बाद, ओडिशा के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण फिर से आसमान में बादल छा गए हैं और हैदराबाद में मध्यम बारिश हुई है तथा तेलंगाना के जिलों में भारी बारिश हुई है। मंगलवार सुबह, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) हैदराबाद की प्रमुख के. नागरत्ना ने कहा, आज पूर्वी तेलंगाना में कोमाराम भीम, आसिफाबाद और खम्मम जिलों में भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। जीएचएमसी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश की संभावना है। हमें राज्य के दक्षिणी जिलों में हल्की और उत्तरी व पश्चिमी जिलों में मध्यम बारिश की उम्मीद है।

नागरत्ना ऑन एक्स ने पोस्ट किया, ओडिशा-पश्चिम बंगाल तटों से दूर बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में, 26 अगस्त को ओडिशा तट से दूर बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में एक कम दबाव का क्षेत्र बना। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 2 दिनों के दौरान और अधिक स्पष्ट होने की संभावना है। स्वतंत्र मौसम विशेषज्ञ टी. बालाजी (तेलंगाना वेदरमैन ऑन एक्स) ने बताया कि मंगलवार को हैदराबाद में दिन के शुरूआती हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी होगी। उन्होंने आगे कहा, शाम के बाद हल्की बारिश की संभावना है।

# उर्दू की खुशबू से महक रहा महिला कॉलेज गोलकुंडा

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गोलकुंडा की सदियों पुरानी दीवारों पर उर्दू की खुशबू धीरे-धीरे फैल रही थी, और कुछ मनमोहक घंटों के लिए गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज फॉर विमेन एक सांस्कृतिक महफ़िल में तब्दील हो गया। यह अवसर अंजुमने रेख़्ता गोयान की एक विशेष प्रस्तुति का था, जिसकी चल रही श्रृंखला 'अस्नाफ़े सुखन गोई' उर्दू और उसके साहित्यिक खज़ानों के प्रति प्रेम को फिर से जगाने का प्रयास करती है। छात्र और प्राध्यापक, दोनों ही कविताओं की मधुर लय, गद्य की नाटकीयता और उर्दू भाषा की परिष्कृत अभिव्यक्ति से मंत्रमुग्ध हो गए। कलाकारों ने ग़ज़ल, अफसाना (कहानी), इंशाइया (निबंध) और नाटक जैसी विधाओं का ऐसा संगम किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

पिछले दिनों आयोजित कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रेमचंद के प्रसिद्ध नाटक 'लॉटरी टिकट' का मंचन था, जिसे जावेद कमाल, राफिया नौशीन और जावेद मोहिउद्दीन ने अभिनीत किया था। उनके जीवंत प्रदर्शन ने हँसी और प्रशंसा दोनों को समान रूप से आकर्षित किया।



कृष्ण चंदर की लघुकथा 'दो फर्लांग लंबी सड़क' का पाठ भी उतना ही आकर्षक रहा, जिसने अपनी सरल किन्तु गहन कथावस्तु से मन को मोह लिया। इसके साथ ही मखदूम मोहिउद्दीन की प्रसिद्ध कविता 'चाँद तारों का बन' का भी काव्यात्मक पाठ हुआ, जिसकी कालातीत सुन्दरता ने खूब तालियां बटोरीं।

कार्यक्रम को यादगार बनाने वाली बात सिर्फ़ प्रस्तुतियों की विविधता ही नहीं थी, बल्कि उनका दिलों को छू लेने का तरीक़ा भी था। प्राचार्य प्रो.टी. श्रीलक्ष्मी इतनी प्रभावित हुईं कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से उर्दू सीखने की अपनी इच्छा जाहिर कर दी। उप-प्राचार्य डॉ. हुमैरा सईद (जो इस पहल से गहराई से जुड़ी हैं) की ओर मुड़ते हुए उन्होंने उनसे मार्गदर्शन का अनुरोध किया। दाग देहलवी का अमर शेर सुनाने से पहले उन्होंने कहा, उर्दू सिर्फ़ एक भाषा नहीं, बल्कि एक संस्कृति और एक परिष्कृत उच्चारण है।

मौलाना आजाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय की प्रोफेसर अमीना तहसीन ने छात्रों से परीक्षाओं से आगे बढ़कर उर्दू साहित्य को अपनाने का आग्रह किया, क्योंकि यह मूल्यों और जीवन के सबक प्रदान करता है। अंग्रेजी के व्याख्याता डॉ. रजनीश ने उर्दू की मिठास की तुलना 'शीर खुरमा' से की और याद दिलाया कि कैसे उनके पिता और दादा, हिंदू होते हुए भी, उर्दू और फारसी दोनों में पारंगत थे। कार्यक्रम की सफलता एक समर्पित टीम- डॉ. जावेद कमाल, डॉ. गुले राणा, डॉ. अतिया मुजीब आरफी, राफिया नौशीन, लतीफुद्दीन लतीफ, केएन वसीफ और जावेद मोहिउद्दीन के योगदान से संभव हुई।

# बाल अधिकार आयोग ने दुर्गा बाई देशमुख केंद्र का दौरा किया



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य बाल अधिकार आयोग ने हैदराबाद में आंध्र महिला सभा द्वारा संचालित दुर्गा बाई देशमुख दिव्यांगजन व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। यह केंद्र बौद्धिक और श्रवण दिव्यांगता वाले बच्चों के लिए विशेष स्कूल चलाता है और व्यावसायिक एवं शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आयोग की अध्यक्ष कोत्ताकोटा सीता दयाकर रेड्डी ने सदस्यों वचन कुमार, वंदना गौड़, चंदना, अपर्णा, सरिता और प्रेमलता अग्रवाल के साथ कर्मचारियों और छात्रों से बातचीत की। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए अपनाई गई शिक्षण विधियों की सराहना की और उन्हें सशक्त बनाने में संस्थान के प्रयासों की सराहना की।

# हरीश राव ने किसान की मौत को लेकर की सरकार की आलोचना

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। किसानों की उपेक्षा और समय पर चिकित्सा सुविधा के लिए भी गरीबों को कठिनाइयों का सामना करने के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए, भारत राष्ट्र समिति के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने आपातकालीन देखभाल न मिलने के कारण महबूबनगर जिले के एक किसान रवि नाइक की दुखद मौत पर चिंता व्यक्त की। इसे तेलंगाना में कृषि के पतन और सरकारी अस्पतालों की आपराधिक उदासीनता का स्पष्ट प्रतिबिंब बताते हुए उन्होंने कहा कि एक किसान की दुखद मौत ने तेलंगाना में व्यवस्था के पतन और गरीबों के प्रति सरकारी अस्पतालों की आपराधिक उदासीनता को उजागर कर दिया है।



उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सरकार ने किसानों की मांगों को नजरअंदाज किया और उन्हें बुनियादी चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराने में विफल रही, तो यह सिर्फ लापरवाही नहीं है, बल्कि राज्य द्वारा की गई हत्या है। उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी सरकार को किसानों को निराशा में धकेलने और जीवन व मृत्यु दोनों में उन्हें सम्मान से वंचित करने के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Lali Orasad, Father of JC 779545H, Sub, Ram Naresh, R/o, Dist : Banda, Uttar Pradesh, changed my name from Lali Orasad to Lali Prasad vide Affidavit dt 25.08.2025, before Medchal -Malkajgiri Court, Telangana.

I, Sureniya, Mother of JC 779545H, Sub, Ram Naresh, R/o, Dist: Banda, Uttar Pradesh, changed my name from Sureniya to Suraniya vide Affidavit dt 25.08.2025, before Medchal - Malkajgiri Court, Telangana.

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## एटीएम से निकले मिस प्रिंट नोट, नंबरिंग भी गलत, नोट भी फटे

मुजफ्फरपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित एसबीआई की एटीएम मशीन से मिसप्रिंट नोट निकलने का मामला सामने आया है। घटना अहियापुर बाजार समिति के पास की बताई जा रही है, जहां तीज पर्व की खरीदारी करने पहुंचे ग्राहकों के बीच अचानक अफरा-तफरी मच गई। ग्राहकों ने बताया कि एटीएम से निकले नोट नीचे से कटे हुए थे और उनकी नंबरिंग लाइन तिरछी थी। इस कारण कई दुकानदारों ने उन नोटों को नकली बताकर लेने से मना कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब आधा दर्जन ग्राहकों को यह समस्या झेलनी पड़ी। रेलवे कर्मचारी रंदेश कुमार, जो अपनी पत्नी के साथ खरीदारी करने पहुंचे थे, ने बताया कि उन्होंने देर शाम एटीएम से 3 हजार रुपये निकाले। सभी 500 रुपये के नोट अजीबो-गरीब प्रिंट में थे। जब वे बाजार में सामान खरीदने पहुंचे, तो दुकानदार ने नोट वापस लौटा दिए और नकली बताकर लेने से इंकार कर दिया। ग्राहकों ने एटीएम के पास लगे कैमरे में स्थिति को रिकॉर्ड भी कराया और इसकी शिकायत एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र में दर्ज कराई। पीड़ितों ने बताया कि एटीएम से उस समय रिसिप्ट पर्चा भी नहीं निकल रहा था। बैंक प्रबंधन की ओर से ग्राहकों को भरोसा दिया गया है कि नोट बदलने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## शिव मंदिर से हटाई साईं बाबा की प्रतिमा

संभल, 26 अगस्त (एजेंसियां)। शिव मंदिर में वर्षों से स्थापित साईं बाबा की प्रतिमा मंगलवार तड़के हटा दी गई। सुबह लगभग चार बजे समिति के सदस्य प्रतिमा को सम्मानपूर्वक मंदिर से उठाकर अनूपशहर ले गए, जहां गंगा में उसका विधि-विधान से विसर्जन किया गया। समिति ने बताया कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर अब मंदिर में भगवान गणेश की नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस अवसर पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। दरअसल, मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित अवनीश शास्त्री ने साईं बाबा की प्रतिमा को हटाने के पीछे का तर्क भी सामने रखा।

उन्होंने कहा था कि सनातन धर्म में भगवानों, ऋषियों और अवतारों का स्पष्ट उल्लेख शास्त्रों में मिलता है, लेकिन उनमें साईं बाबा का कहीं उल्लेख नहीं है। उनका कहना था कि शिव मंदिर सनातन परंपराओं का केंद्र है, जहां केवल वैदिक देवी-देवताओं की पूजा ही की जानी चाहिए। इस पर मंदिर समिति और श्रद्धालुओं ने सहमति जताई कि साईं बाबा का सम्मान अपनी जगह है, लेकिन उन्हें सनातन परंपरा का अंग मानना उचित नहीं होगा। मंदिर समिति ने कुछ दिन पूर्व बैठक कर यह निर्णय लिया था कि साईं बाबा की प्रतिमा को मंदिर से सम्मानपूर्वक हटाया जाएगा। उस समय मौजूद श्रद्धालुओं ने भी पुजारी के विचारों का समर्थन किया था। समिति ने आश्वासन दिया था कि प्रतिमा को अपमानित नहीं किया जाएगा, बल्कि विधिवत विसर्जन किया जाएगा। मंगलवार को यह निर्णय अमल में आया।

## कलयुगी बेटे ने पिता पर फावड़े से हमला कर ले ली जान

प्रतापगढ़, 26 अगस्त (एजेंसियां)। पिता से नाराज बेटे ने सोते समय फावड़े से हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस आरोपित बेटे को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुंडा तहसील क्षेत्र के हथिगवां के बटैआ परसीपुर गांव निवासी 50 वर्षी विनोद कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय रामसुंदर मिश्र के दो बेटे थे। उनका छोटा बेटा सिद्धार्थ मिश्रा अक्सर अपने पिता से नाराज रहता था। वह किसी बात को लेकर पिता से नाराज था। विनोद कुमार घर के बरामदे में तख्ते पर सो रहे थे, रात करीब 2:00 बजे बेटे सिद्धार्थ ने पिता पर फावड़े से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल विनोद को भोर चार बजे उपचार के लिए सीएचसी कुंडा ले गई। जहां पर चिकित्सकों ने विनोद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 162 गांवों में बाढ़, पलक झपकते ही पानी में समा गए कई घर

फर्रुखाबाद, 26 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के फर्रुखाबाद में बाढ़ का कहर देखा जा रहा है। बाढ़ का पानी 162 गांवों में घुस गया है। हालांकि, जलस्तर में कमी आई है, लेकिन लोगों की परेशानी जस की तस है। कई मकानों में बाढ़ का पानी घुस गया है। कई गांव और सड़कें पानी में डूब चुके हैं। जिले की कई सड़कें टूट चुकी हैं। इसकी वजह से यातायात बाधित है। जानकारी के मुताबिक, कई मकान बाढ़ की जद में आकर गंगा और रामगंगा नदी में समा चुके हैं। जिलाधिकारी (डीएम) आशुतोष कुमार ने बताया कि जो सड़कें टूटी हैं, उनकी मरम्मत पानी कम होने के बाद कराई जाएगी। डीएम ने बताया कि जिले में 162 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं और बाढ़ से प्रभावित गांवो के लोगों को प्रतिदिन प्रशासन द्वारा मदद पहुचाई जा रही है। तहसील के उपजिलाधिकारी व तहसीलदार द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है डीएम ने कहा कि वो खुद बाढ़ क्षेत्र में जा कर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्यायें सुनकर निराकरण करा रहे हैं। संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने में कोई भी लापरवाही न की जाये। अभी तक तहसील सदर में 4250, कायमगंज में 12600 व अमृतपुर में 20715 पैकट बाढ़ राहत खाद्यान्न किट का वितरण किया जा चुका है। साथ ही पांच राहत शिविर संचालित किये ज़ा रहे हैं।

# चुनाव से पहले नीतीश की बड़ी सौगात

## औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज समेत 26 एजेंडों पर लगाई मुहर



पटना, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहारवासियों के लिए फिर से बड़ी सौगात दी है। उन्होंने राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने लिए बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज लागू करने का एलान किया है। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में उन्होंने कुल 26 एजेंडों पर मुहर लगा दी है। अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कुल 26 एजेंडों पर मुहर लगा दी गई है। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर घोषणा करते हुए कहा कि बिहार में उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने बियाडा एमनेस्टी पॉलिसी 2025 के बाद अब नया बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 (बीआईपीपीपी-2025) लागू किया है। इसके तहत 40 करोड़ रूपए तक की ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। नई इकाइयों को स्वीकृत परियोजना लागत का 300 प्रतिशत तक शुद्ध एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति 14 वर्षों के लिए की जाएगी।

30 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। निर्यात प्रोत्साहन की सीमा 14 वर्ष की अवधि के लए 40 लाख रूपए प्रतिवर्ष होगी। इसके अतिरिक्त कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग, स्टाम्प ड्यूटी एवं भूमि रूपांतरण शुल्क की प्रतिपूर्ति, निजी औद्योगिक पार्कों को सहयोग, पेटेंट पंजीकरण एवं गुणवत्ता प्रमाणन हेतु सहायता दी जाएगी।

**मुफ्त में जमीन देगी नीतीश सरकार**

उन्होंने कहा कि इस नए औद्योगिक पैकेज 2025 के तहत निवेश को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क भूमि आवंटित की जाएगी। 100 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली एवं 1000 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाली औद्योगिक इकाइयों को 10 एकड़ तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी। 1000 करोड़ से अधिक का निवेश करने वाली औद्योगिक इकाइयों को 25 एकड़ तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी। फॉर्च्यून 500 कंपनियों को 10 एकड़ तक भूमि निःशुल्क आवंटित की जाएगी।

**इस पैकेज से नौकरी और रोजगार में मिलेगी सहायता**

वहीं मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि औद्योगिक पैकेज 2025 के अंतर्गत लाभ लेने के लिए निवेशकों को 31 मार्च 2026 से पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा। इस नए औद्योगिक पैकेज 2025 से 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने में सहायता मिलेगी। इस पहल का उद्देश्य है कि बिहार में उद्योगों को और ज्यादा बढ़ावा मिले, बिहार के युवा दक्ष एवं आत्मनिर्भर हों तथा उन्हें राज्य के अंदर ही अधिक से अधिक रोजगार मिल सके एवं उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

**दिव्यांगों के लिए सरकार ने लाई यह योजना**

मुख्य सचिव ने कहा कि बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2016 जैसी निवेशक अनुकूल नीति और कई प्रगतिशील उप क्षेत्रीय नीतियों की सफलता ने राज्य औद्योगिक वातावरण को बदल दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 15 अगस्त को अपने संबोधन ने दौरान बिहार में उद्योग को लेकर कुछ घोषणाएं की थी। इन्हीं घोषणाओं पर उन्होंने आज की कैबिनेट में स्वीकृति दे दी है। वहीं अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने कहा कि बिहार के दिव्यांग युवा और युवतियों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री दिव्यांगजन उद्यमी योजना प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की है।

## सीएम योगी बोले- पहले गांव के गांव करते थे पलायन, अब प्रदेश में ही मिल रही नौकरी

लखनऊ, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि युवा अपार ऊर्जा का स्रोत हैं। दुनिया में सबसे अधिक युवा आबादी भारत में और भारत में भी उत्तर प्रदेश में है। यूपी के युवाओं ने अवसर मिलने पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है इसलिए आज यूपी के युवाओं की मांग दुनिया भर में है। आज रोजगार देने वाली कम्पनियां और युवा एक मंच पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ का शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीते आठ वर्षों में किए गए कार्यों का ही परिणाम है कि जहां पहले गांव के गांव रोजगार के लिए पलायन कर जाते थे आज उन्हें प्रदेश में ही रोजगार मिल रहा है। गांव रोजगार का केंद्र बन रहे हैं।

## विधानसभा चुनाव 2027 से पहले मायावती के साथ आ सकते हैं स्वामी! कर दिया बड़ा ऐलान



लखनऊ, 26 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री और अपनी पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्या ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनके इस बयान से उनके बसपा में शामिल होने के संकेत मिल रहे हैं। बयान के बाद अब यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या फिर से वह मायावती के साथ हाथ मिलाएंगे? उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पहले बस्ती मंडल में लोक मोर्चा के बैनर तले 10 राजनीतिक दलों का शक्ति प्रदर्शन हुआ। विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आए। भीड़ ने साफ कर दिया कि आने वाले चुनाव में नई राजनीतिक जंग दिलचस्प होने वाली है।

इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता लोक मोर्चा के संयोजक और पूर्व मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्या ने शिरकत की। इसी दौरान मौर्या ने बीएसपी से अलग होने का कारण बताते हुए कहा कि अगर बहन जी अपने पुराने मिशन पर लौट आती हैं तो वह खुशी-खुशी उनके साथ मिलकर काम करेंगे क्योंकि बीएसपी से अलग होने का कारण ही यही था कि बहन जी बाबा साहब के मिशन और मान्यवर कांशीराम के सामाजिक परिवर्तन आंदोलन से किनारा कर लिया।

मौर्या ने कहा कि अगर वह पुराने रास्ते पर आ जाती हैं तो स्वाभाविक रूप से हम सभी मिशन पर एक साथ काम करने के लिए आगे बढ़ेंगे। हमें खुशी होगी कि बहन जी अपने मिशन पर पुराने लौटें।

## 7 जिलों के 600 गांव डूबे, 8 लाख की आबादी पर संकट



पटना, 26 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में लगातार बारिश का बाढ़ का कहर जारी है। बिहार में 24 अगस्त से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ से सात जिलों के करीब आठ लाख लोग प्रभावित हुए हैं। सोमवार को आधिकारिक बयान जारी करते हुए जानकारी दी गई कि। लगातार हो रही बारिश के चलते बिहार कि छोटी बड़ी नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जारी बयान के मुताबिक 'बिहार ये 7 जिलों भागलपुर, खगड़िया, कटिहार, लखीसराय, भोजपुर, वैशाली और मधेपुरा में लगातार बारिश के कारण नदी नाले उफान पर हैं'। इसके अलावा, नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण भी कई जगहों पर नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बयान में कहा गया है कि राज्य में 600 से अधिक गांवों के कुल 7,94,749 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ में सबसे ज्यादा प्रभावित जिले की बात करें कटिहार का हाल सबसे ज्यादा खराब है। अकेले कटिहार जिले में 456 गांवों के 5,43,259 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के कारण राज्य में गंगा, कोसी और पुनपुन नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इन सात जिलों में कुछ जगहों पर नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

## बेखौफ बदमाशों ने आरजेडी नेता को गोलियों से भूना, मौके पर ही मौत

हाजीपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के हाजीपुर में बेखौफ अपराधियों ने आरजेडी नेता शिव शंकर सिंह को गोलियों से भून डाला। शिव शंकर सिंह को चार गोलियां लगी हैं। वह राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के प्रखंड महासचिव थे। वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए। यह घटना हाजीपुर के बिदुपुर थाना क्षेत्र के पैकौली चौक के पास हुई है। मृतक व्यक्ति बिदुपुर के भैरोपुर के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक, शिव शंकर सिंह देर रात अपने घर से बुलेट पर सवार होकर हाजीपुर शहर जा रहे थे। वह घर से एक किमी दूर पहुंचे ही थे कि अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और बुलेट रुकवाकर दनादन गोलियां बरसाने लगे। गोली लगने से आरजेडी नेता ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अपराधियों ने शिव शंकर सिंह को गोली क्यों मारी।

इसकी वजह अभी तक सामने नहीं आई है। घटना करीब 11:00 की बताई जा रही है। जब वह अपने घर से बुलेट पर सवार होकर हाजीपुर शहर के लिए निकले थे। घटना को अंजाम देने वाले दो मोटरसाइकिल से चार अपराधी बताई जा रहे हैं। एसडीपीओ सदर सुबोध कुमार ने बताया कि आरजेडी नेता की हत्या हुई है। शिव शंकर सिंह को चार गोलियां लगी हैं। घटना के संबंध में मृतकों के परिजनों से कुछ जानकारी ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मौके पर शांति है। मामले की जांच की जा रही है।



## रिटायर एयरफोर्स कर्मी से 3.22 करोड़ की ठगी

नोएडा, 26 अगस्त (एजेंसियां)। नोएडा से एक सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी के परिवार को 36 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 3.22 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। यहां सेक्टर 25 में मलोबिका मित्रा परिवार संग रहती है, 18 जुलाई को उनके पिता सुबीर मित्रा के पास ठग का ट्राई कर्मी बनकर फोन आया था। कहा गया कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर लिए गए सिम से लोगों को अवैध विज्ञापन, अश्लील फोटो, परेशान करने वाले मैसेज भेजने के लिए किया जा रहा है, इसके संबंध में केस होने की बताकर मुंबई क्राइम ब्रांच से बात कराई। मुंबई पुलिस ने बताया कि उनके नाम पर बैंक खाता खोला गया है और इसका इस्तेमाल जेट एयरबेज के संस्थापक नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुआ है, उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट है, उन्हें मुंबई आने के लिए बोला। सुबीर के डरने पर ठगों ने जांच में सहयोग करने पर गिरफ्तारी नहीं होने को बोला, लेकिन सुबीर, बेटी मलोबिका व पत्नी केया को 24 घंटे निगरानी में रहने और किसी को कुछ भी नहीं बताने को राजी कर लिया। अगले दिन ऑनलाइन कथित मजिस्ट्रेट के सामने सुनवाई कराई, क्लीनचिट देने के लिए जमा पूंजी का सत्यापन करने के आदेश दिए। सुबीर ने 22 जुलाई से 22 अगस्त तक छह बार में 3.22 करोड़ रुपये दे दिए और रकम मांगने पर परिवार को शक हुआ। उन्होंने सत्यापन के नाम पर ली रकम को लौटाने को बोला तो साइबर ठगों ने संपर्क तोड़ लिया।

## राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा में प्रियंका गांधी की एंट्री

सुपौल, 26 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को अपने भाई और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल हुईं। यात्रा के दौरान उनके साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और इंडिया गठबंधन के अन्य नेता भी मौजूद रहे। सभी नेताओं को एक एसयूवी की छत पर बैठकर भीड़ का अभिवादन करते देखा गया। मंगलवार को यात्रा दोबारा शुरू हुई। इससे पहले राहुल गांधी ने रविवार को अररिया में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर काम कर रही हैं और इसका सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही गठबंधन का साझा घोषणापत्र जारी किया जाएगा।



**एनडीए सरकार पर राहुल गांधी का हमला**

राहुल गांधी ने एनडीए सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) दरअसल "भाजपा को फायदा पहुंचाने और वोट चुराने की संस्थागत कोशिश" है। उन्होंने इसे लोकतंत्र के खिलाफ बताया और कहा कि वोटर अधिकार यात्रा इसी के विरोध में चलाई जा रही है।

**16 दिनों की लंबी यात्रा**

'वोटर अधिकार यात्रा' 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई थी और 1 सितंबर को पटना में एक बड़ी रैली के साथ समाप्त होगी। इस दौरान यात्रा 1,300 किमी की दूरी तय कर बिहार के कई जिलों से गुज़रेगी। अब तक यह यात्रा गया, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, कटिहार और पूर्णिया जिलों से गुजर चुकी है। आगे यह मधुबनी, दरभंगा, सीतामढ़ी, पश्चिम चंपारण, सारण, भोजपुर और पटना जिलों से होकर गुज़रेगी।

# उपराष्ट्रपति चुनाव: उम्मीदवार बी. सुदर्शन का सपा ने किया समर्थन

## अखिलेश की अपील- सभी दल उन्हें सपोर्ट करें



लखनऊ, 26 अगस्त (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी। सुदर्शन रेड्डी ने कहा कि मुझे सभी दलों से समर्थन मिल रहा है। समाजवादी पार्टी के सभी सांसदों ने हमारा समर्थन किया है। हमारी कोशिश होगी कि उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों के ज्यादातर सांसद हमारे साथ हों। बी। सुदर्शन रेड्डूरी मंगलवार को सपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ प्रेसवार्ता को भी संबोधित किया। इसके पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आज भाजपा के लोग एक विशेष विचारधारा से जुड़े लोगों को ही बड़े पद पर बैठा रहे हैं। इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसे समावेशी विचारधारा को अपनाएं और इसीलिए इंडिया गठबंधन की पार्टियों ने बी। सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने अन्य दलों से अपील की है कि सभी अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट करें और बी। सुदर्शन रेड्डी का समर्थन करें। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी। सुदर्शन रेड्डी मंगलवार सुबह लखनऊ पहुंचे । लखनऊ एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत हुआ। उन्हें रिसीव करने के लिए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। एयरपोर्ट से वह सीधे कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी। सुदर्शन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि देश में लोकतंत्र की स्थिति कमजोर हो गई है और संविधान को चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा कि वह संविधान की रक्षा और उसे मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। पीटीआई को दिए एक विशेष इंटरव्यू में रेड्डी ने कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने बताया कि उनका नाम कैसे सामने आया। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' जैसे शब्दों को लेकर चल रही बहस पर भी राय रखी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से नक्सलवाद समर्थक कहे जाने पर भी जवाब दिया।

## मुखिया गुर्जर और आकाश गुर्जर गिरफ्तार

### बिना अनुमति गुर्जर गौरव यात्रा निकालने पर तनाव के हालात

मेरठ, 26 अगस्त (एजेंसियां)। सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर बिना अनुमति गुर्जर गौरव यात्रा निकालने पर अड़े पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर और आयोजक आकाश गुर्जर समेत कई लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सुबह से ही मवाना में और मेरठ शहर में चौधरी चरण सिंह विश्विद्यालय व कमिश्नरी चौराहे पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। सम्राट मिहिर भोज की जयंती पर आकाश गुर्जर ने मवाना में बड़ा महादेव मंदिर से तहसील तिराहा तक मंगलवार को यात्रा निकालने की अनुमति मांगी थी। मुखिया गुर्जर कमिश्नरी चौराहे से यात्रा निकालने की तैयारी कर रहे थे। विवाद की आशंका के चलते प्रशासन ने अनुमति नहीं दी थी। इसके बावजूद गुर्जर समाज के लोग यात्रा निकालने पर अड़े थे। यात्रा में भीड़ जुटाने के लिए जनसंपर्क किया जा रहा था। इसे लेकर पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया था। खुफिया तंत्र भी सक्रिय था। आकाश गुर्जर की तलाश में पुलिस लगी थी। जबकि मुखिया गुर्जर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। उन्हें परीक्षितगढ़ थाने में दर्ज कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा करने के मामले में गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई थी।

## इलाहाबाद एचसी का बड़ा फैसला; विवाहित बेटी भी अनुकंपा नियुक्ति का हकदार

प्रयागराज, 26 अगस्त (एजेंसियां)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ का कहना है कि आश्रित विवाहित बेटी को अनुकंपा नियुक्ति देने से इनकार नहीं किया जा सकता है। खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश की पीठ के फैसले को पलटते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (डीबीईओ) देवरिया को निर्देश दिया है कि वह 8 हफ्तों के भीतर अपीलकर्ता की अनुकंपा नियुक्ति के दावे पर नए सिरे से विचार करें। मामले के मुताबिक, पूर्व प्राथमिक विद्यालय गजहड़वा ब्लॉक बनकटा, तहसील भाटपाररानी में सहायक अध्यापक के पद पर देवरिया निवासी चंदा देवी के पिता संपूर्णानंद पांडेय कार्यरत थे। 2014 में सेवा के दौरान ही उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद अनुकंपा के आधार पर चंदा देवी ने नियुक्ति के लिए आवेदन किया। देवरिया डीबीईओ ने दिसंबर 2016 में चंदा देवी की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वह विवाहित हैं और इसलिए पिता की मृत्यु के कारण अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए अयोग्य हैं। इस आदेश को चंदा देवी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। मई 2025 में उनकी याचिका एकलपीठ ने खारिज कर दी। एकल पीठ ने माना कि अनुकंपा नियुक्ति की विवाहित बेटी भी पात्र है। हालांकि चंदा देवी इस बात को साबित करने में विफल रहीं कि उनके पति बेरोजगार हैं और वह अपने पिता पर आश्रित थी। कोर्ट ने कहा कि चंदा देवी के पिता का निधन 2014 में हो गया था। इसको 11 साल बीत गए हैं ऐसे में इस दावे पर विचार नहीं किया जा सकता है। जिसके बाद चंदा देवी ने एकल पीठ के खिलाफ विशेष अपील दाखिल की। खंडपीठ ने पक्षों को सुनने के बाद कहा कि विमला श्रीवास्तव बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य (2015) में इस न्यायालय की खंडपीठ के फैसले के मद्देनजर महिला को लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। चंदा की विशेष अपील को स्वीकार करते हुए, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने 12 अगस्त के अपने आदेश में एकल न्यायाधीश के 15 मई, 2025 के आदेश को रद्द कर दिया और मामले को देवरिया के जिला शिक्षा अधिकारी (डीबीईओ) को वापस भेज दिया। खंडपीठ ने कहा, यह स्पष्ट किया जाता है कि अपीलकर्ता को इस आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता कि वह एक विवाहित पुत्री है, क्योंकि एकल न्यायाधीश द्वारा माना गया उक्त आधार टिकने योग्य नहीं है।



# हजूर साहिब नांदेड़-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन

## मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



नांदेड, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हजूर साहिब नांदेड़-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस वंदे भारत एक्सप्रेस को मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हजूर साहिब नांदेड़ तक एक्सप्रेस का मुख्यमंत्री ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर नांदेड़ रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में सांसद अशोकराव शंकरराव चव्हाण, सांसद डॉ. अजीत माधवराव गोपचड़े, विधान परिषद सदस्य विक्रम वसंतराव काले और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सत्य प्रकाश, अतिरिक्त महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे, प्रदीप लक्ष्मणराव कामले, मंडल रेल प्रबंधक, नांदेड़ मंडल और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस के शुरू होने से नांदेड़ अब मुंबई के और करीब आ गया है। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन मराठवाड़ा क्षेत्र के लिए समृद्धि का द्वार खोलेगी। बढ़ी हुई कोच संरचना और बढ़ी हुई बैठने की क्षमता से बड़ी संख्या में यात्रियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि एक आध्यात्मिक और शैक्षिक केंद्र के रूप में, नांदेड़ अब आधुनिक, उच्च गति वाली कनेक्टिविटी का आनंद लेगा जो क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। सांसद अशोकराव शंकरराव चव्हाण ने कहा कि नांदेड़-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ एक प्रगतिशील और विकसित महाराष्ट्र की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि अगर यात्रा का समय और कम किया जा सके, तो यह ट्रेन सात घंटे में मुंबई पहुँच सकेगी। सांसद डॉ. अजीत माधवराव गोपछड़े ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस नांदेड़ के लोगों के लिए एक अमूल्य उपहार है। उन्होंने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस का आभार व्यक्त किया। उन्होंने नागरिकों से इस आधुनिक और आरामदायक ट्रेन का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया।

विधान पार्षद विक्रम वसंतराव काले ने नांदेड़-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ पर लोगों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने नांदेड़-बीदर और नांदेड़-लातूर रेलवे लाइनों के शीघ्र पूरा होने का अनुरोध किया, जो नांदेड़ को पुणे से जोड़ेगी और क्षेत्र में शैक्षिक एवं आर्थिक विकास को और गति प्रदान करेगी। इससे पहले, अपर महाप्रबंधक सत्य प्रकाश ने स्वागत भाषण दिया और कहा कि यह पहली बार है जब वंदे भारत एक्सप्रेस मराठवाड़ा क्षेत्र के नांदेड़ से राज्य की राजधानी मुंबई को जोड़ने के लिए चलाई जा रही है।

# सीरवी समाज शेरीलिंगमपल्ली का बीज महोत्सव

हैदराबाद,26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शेरीलिंगमपल्ली स्थित पी.जे.आर.एनक्लेव श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के सानिध्य में श्री आईमाँ के 610 वें अवतरण दिवस व दो दिवसीय कार्यक्रम भादवा सुदी बीज महोत्सव भव्यरुप से आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष मनोज बर्फा व सचिव मांगीलाल सोनपरा ने संयुक्तरुप से बताया कि भादवा सुदी बीज महोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रविवार 24 अगस्त भादवा सुदी एकम् श्री आईमाताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण, पुजा-अर्चना कर मध्यान्ह 2.15 बजे से महिला मंडल अध्यक्षा इन्द्रा गेहलोत व सचिव गीता देवड़ा की अध्यक्षता में विशेष रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे समाज के बच्चों ने नाचते-गाते हुए समाज बन्धुओं का भरपूर मनोरंजन किया। रात्रि 8.15 बजे से पूजा-अर्चना, साँची ज्योत प्रज्वलितकर,जागरण का आयोजन किया गया। जिसमे रमेश माली, नूतन गेहलोत व प्रदीप सोनी ने आई माँ के चरणों मे भजनों के पुष्प अर्पित किये। अवसर पर मंदिर निर्माण के लिए बोलियों का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार 25 अगस्त भादवा सुदी बीज प्रातः 9.15 बजे समाज बन्धुओं ने श्री आईमाताजी के चरणों मे श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंट करते हुए दर्शन व प्रसाद का लाभ लिया। अवसर पर समाज बन्धुओं के सानिध्य में मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पधारे सम्मानित अतिथियों का विशेष सम्मान कर कोषाध्यक्ष विनोद गेहलोत ने आय-व्याय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया एवं सचिव मांगीलाल सोनपरा ने मंदिर निर्माण के लिए समाज बन्धुओं से तन-मन-धन से सहयोग के लिए निवेदन किया। पधारे समाज बन्धुओं के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। अवसर पर अध्यक्ष मनोज बर्फा व महिला मंडल अध्यक्षा इन्द्रादेवी गेहलोत ने बीज महोत्सव की बधाई देते हुए आभार प्रकट किया एवं शेरीलिंगमपल्ली स्थित बडेर प्रांगण मे भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य समाज बंधुओ के सहयोग से अतिशीघ्र कराने का भरोसा दिलाया। महोत्सव के सफल आयोजन मे समाज के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, महिला मंडल व समाज बंधु प्रमुख रुप से उपस्थित रहे। मंच का संचालन विशाल गौस्वामी व वालाराम सोनपरा ने संयुक्तरुप से किया। अध्यक्ष मनोज बर्फा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।



**शेरीलिंगमपल्ली स्थित श्री आईमाता मंदिर में अध्यक्ष मनोज बर्फा, सचिव मांगीलाल सोनपरा, कोषाध्यक्ष विनोद गेहलोत, महिला मंडल अध्यक्षा इन्द्रा गेहलोत, सचिव गीता देवड़ा, पदाधिकारी व समाज बन्धु।**

# भूलों की क्षमा माँगना ही पर्युषण का मूल मंत्र

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्र-संत ललित प्रभ सागर जी ने कहा कि तीर्थंकरों का महान चरित्र केवल सुनने के लिए नहीं है, अपितु स्वयं का चरित्र बनाने के लिए हम महापुरुषों के चरित्र का श्रवण करते हैं। अगर हमें भगवान को पाना है, तो खुद को राजुल, चंदनबाला और मीरा बनाना पड़ेगा। हमारा हृदय अगर राजुल और मीरा जैसा है तो भगवान हमारे पास में और हमारी हर सांस में है। हम खुद को चंदनबाला बनाएँ, महावीर अपने आप मिल जाएँगे।

वे मंगलवार को एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित तीर्थंकरों का महान जीवन दर्शन, युग प्रभावी आचार्य एवं साधु समाचारी विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें उत्कृष्ट तप त्याग के साथ जीना सिखाता है। भगवान पार्श्वनाथ का जीवन मन में समता धारण करने की प्रेरणा देता है। भगवान नेमीनाथ का जीवन हमें दया और करुणा से ओतप्रोत होने की शिक्षा देता है। भगवान आदिनाथ हमें कर्मयोग और ज्ञान योग को अपनाने के लिए उत्साहित करते हैं। तीर्थंकरों का उद्देश्य है : वे स्वयं तो तिरे ही, दूसरे लोगों को भी पार लगने का रास्ता मिलें। संतप्रवर ने कहा कि हमारे महान आचार्यों ने शासन का गौरव बढ़ाया है। लाखों लोगों को उन्होंने अहिंसक और व्यसनमुक्त जीवन जीने का रास्ता दिखाया है। जिनका आचार मानव समाज के लिए आदर्श होता है, संसार में वे ही आचार्य कहलाते हैं। आचार्यों का जीवन हमें सिखाता है कि तुम सूरज भले ही न बन पाओ, पर दीपक बनकर तो अपने आसपास का अंधेरा अवश्य दूर कर सकते हो। उन्होंने कहा कि हमें पर्युषण पर्व की आराधना करते हुए इसके अंतिम चरण में स्वयं के द्वारा जाने अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा अवश्य माँग लेनी चाहिए। घर कितना भी साफ हो, धूल तो जम ही जाती है और इंसान कितना भी अच्छा हो, भूल तो हो ही जाती है। क्षमा यज्ञ है, धर्म है, शांति है, समाधान है। मन में गाँठ बांध कर रखने की बजाय हमें क्षमा माँगकर और क्षमा देकर वैर-विरोध की गाँठों को खोल लेना चाहिए। क्षमा ही पर्युषण पर्व का सार है। उन्होंने कहा कि पर्युषण के अंतिम दिन संवत्सरी को हमें जहां उपवास करके अपने शरीर और इन्द्रियों की शुद्धि करनी चाहिए, वहीं प्रतिक्रमण करके अपने दोषों के लिए क्षमा प्रार्थना कर लेनी चाहिए। आंतरिक शुद्धि ही पर्युषण का पावन संदेश है। उन्होंने कहा कि जुबान में शुगर फैक्ट्री खोलें। टेढ़ी जुबान से जहां नजदीकियां भी खत्म हो जाती है वहीं मीठी जुबान से बनी हुई दूरियां दूर हो जाती है। मीठा बोलेंगे तो लोगों के दिलों में उतरेंगे और कड़वा बोलेंगे तो लोगों के दिलों से उतर जाएंगे। अगर पूरा देश मीठी भाषा को अपना ले तो पूरी दुनिया भारत की लटटू हो जाएगी। शब्दों में बड़ी जान होती है, इसी से आरती अरदास और अजान होती है, ये समंदर के वे मोती हैं जिनसे अच्छे आदमी की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि जब भी मुसीबत आती है तो मुंह के रास्ते आती है।

महाभारत का युद्ध भी कड़वी जुबान के कारण हुआ था। अगर व्यक्ति विपरीत वातावरण में अपनी जुबान पर केवल 2 मिनट का धैर्य व शांति धारण कर ले तो वह 90 प्रतिशत माथाफोडियों से स्वतः ही बच जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा में 3 गुण होने चाहिए शिष्ट अर्थात शिष्टाचार युक्त, मिष्ट अर्थात मीठी और इष्ट अर्थात प्रिय। अगर व्यक्ति भाषा में ये 3 गुण ले आए तो वह लोगों के दिलों में सदा राज करेगा। उन्होंने कहा कि केवल मीठा खाओगे तो बीमार पड़ोगे पर मीठा बोलना शुरू कर दोगे तो सदाबहार स्वस्थ और प्रसन्न रहोगे, यह दुनिया आप पर फिदा हो जाएगी। इस अवसर पर डॉ. मुनि शांतिप्रिय सागर जी महाराज ने नवकार महामंत्र की सामूहिक प्रार्थना करवाई।

# सीरवी समाज का भादवा सुदी दूज महोत्सव सम्पन्न

हैदराबाद,26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पारसीगुट्टा स्थित तेलंगाना की पावन धरा पर बसा सीरवी समाज की धार्मिक आस्था का केन्द्र अराध्यदेवी श्री आईमाता के मन्दिर में श्री आईमाताजी के 610 वें अवतरण दिवस व 43 वें वार्षिक उत्सव, भादवा सुदी दूज समारोह, सीरवी समाज तेलंगाना पारसीगुटा समाज बन्धुओं के सानिध्य मे दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, सचिव नारायणलाल काग ने संयुक्तरुप बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बंधुओ के सानिध्य मे श्री आईमाताजी का दो दिवसीय दूज महोत्सव पर पूजा-अर्चनाकर आयोजित किया गया। रविवार 24 अगस्त प्रातः वेला में पूजा-अर्चना के पश्चात सायं 4.15 बजे महिला मंडल के सानिध्य मे विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाज के बाल कलाकारों ने राजस्थानी वेष-भूषा मे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए समाज बन्धुओं का भरपूर मनोरंजन किया। 25 अगस्त सोमवार प्रातः पूजा-अर्चना, ज्योत प्रज्वलितकर, महाआरती के पश्चात समाज बन्धुओं व भक्तों ने सपरिवार अवतरण दिवस के अवसर पर आईमाँ के चरणों में आस्था के पुष्प व नारियल अर्पितकर परिवार की सुख शांति की कामना की। प्रातः 10.15 बजे भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संदीप सेजु ने माई के चरणों मे राजस्थानी अंदाज मे भजन प्रस्तुत किये। अवसर पर सम्मान समारोह व पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। अध्यक्ष मोहलाल हाम्बड़ ने अपने स्वागत भाषण में पधारे सभी समाज बन्धुओ व भक्तो को भादवा सुदी दूज की बधाई देते हुए बताया कि एक ही छत के नीचे सम्मलित होकर इस तरह का महोत्सव मनाना समाज के लिए बड़े ही गर्व की बात है। तीनो कमिटियों द्वारा कार्यक्रम मे दिये गये विशेष सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। सचिव नारायणलाल काग ने समाज मे किये गये कार्यो से एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबुराम पँवार ने समाज की शिक्षा के प्रति किये गये कार्यो से समाज को अवगत कराया। कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा ने समाज का लेखा-जोखा प्रस्तुतकर समाज बन्धुओं से विकासशील कार्यो मे तन-मन-धन से सहयोग के लिए निवेदन किया। महिला अध्यक्षा सुशीला देवड़ा व सचिव निर्मला देवड़ा ने भी भादवा सुदी दूज की बधाई दी व समाज के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए समाज में नारी शिक्षा व युवाओं मे संस्कार के प्रति समाज को अवगत कराया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में तीनों कमिटियों के पदाधिकारी अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, उपाध्यक्ष मूलाराम चोयल,रमेश पंवार, सचिव नारायणलाल काग, सहसचिव हीराराम खंडाला, कोषाध्यक्ष खंगारसिंह लचेटा, सलाहकार चोलाराम हाम्बड़, परसराम बर्फा, जसवन्त देवड़ा, मनोनित सदस्य रामलाल वरपा, सीए जसाराम वरपा, कालुराम काग, रामलाल परिहार, शिक्षा समिति अध्यक्ष लाबुराम पंवार, उपाध्यक्ष मांगीलाल हाम्बड़, वोराराम भायल, सचिव चेलाराम भायल, सहसचिव रमेश परिहार, कोषाध्यक्ष हिमताराम हाम्बड़, खेल मंत्री हिमताराम हाम्बड़, महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, उपाध्यक्ष इन्द्रादेवी आगलेचा,अनितादेवी चोयल, सचिव निर्मला देवड़ा, सहसचिव कविता सोलंकी, कोषाध्यक्ष नीलु लचेटा, सलाहकार मंजुदेवी सोलंकी, गवरीदेवी परिहार कार्यकारिणी सदस्य व समाज बन्धु सपरिवार उपस्थित रहे । कार्यक्रम का विशेष कवरेज पत्रकार परबत सोलंकी ने किया ।

मंच का संचालन नारायणलाल काग व जसवंत देवड़ा ने संयुक्तरुप से किया । अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़ के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।



**पारसीगुटा स्थित श्री आईमाता बडेर में उपस्थित अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, लाबुराम पँवार, सचिव नारायणलाल काग, चेलाराम भायल, सुशीला देवड़ा, निर्मला देवड़ा, पदाधिकारी व समाज बन्धु।**

# सीरवी समाज जीडिमेटला का भादवा सुदी बीज दूज महोत्सव आयोजित



हैदराबाद,26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जीडिमेटला स्थित सीरवी समाज की धार्मिक आस्था के केंद्र श्री आई माता मंदिर में श्री आई माताजी के 610वें अवतरण दिवस व 22वें वार्षिक उत्सव समाज बंधुओं के सान्निध्य में दो दिवसीय कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में मांगीलाल काग व सह सचिव प्रेम पंवार ने बताया कि समाज बंधुओं के सान्निध्य में श्री आईमाताजी का दो दिसवीय बीज (दुज) महोत्सव पूजा-अर्चना कर आयोजित किया गया। रविवार रात्रि 9.15 बजे से पुजा - अर्चना सांची ज्योत प्रज्वलित कर महा आरती के प्रश्रात जागरण का आयोजक किया। जिसमे रमेश सोनी बिलाड़ा राजस्थान ने आईमाता जी के चरणों में राजस्थानी अंदाज में भजन प्रस्तुत किए।सोमवार को पूजा-अर्चना, ज्योत प्रज्ज्वलन व महाआरती के पश्चात समाज बंधुओं व भक्तों ने सपरिवार अवतरण दिवस पर आईमाता जी के चरणों में आस्था के पुष्प व नारियल अर्पित कर परिवार की सुख शांति की कामना की। तत्पश्चात भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिला मंडल ने आईमाता जी के चरणों में राजस्थानी अंदाज में भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्यअतिथि कुतबुलापुर विधायक के. पी विवेकानन्द गौड़, सुभाष नगर कॉर्पोरेट सुरेश रेड्डी, कॉर्पोरेट रंगा रेड्डी नगर विजय शेखर गौड़ का राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया।सम्मान समारोह व पधारे समाज बंधुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गई। अध्यक्ष मांगीलाल काग ने स्वागत भाषण में समाज बंधुओं व भक्तों को भादवा सुदी दूज की बधाई देते हुए बताया कि एक ही भवन के नीचे इस तरह का महोत्सव मनाना समाज के लिए बड़े ही गर्व की बात है। सह सचिव प्रेम पंवार ने समाज में किए गए कार्यों को अवगत कराया। कोषाध्यक्ष भंवरलाल काग ने समाज का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर समाज बंधुओं से विकासशील कार्यों में तन-मन धन से सहयोग का आग्रह किया।

सह सचिव प्रेम पंवार ने भादवा सुदी दूज की बधाई देते हुए समाज बंधुओं की सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही नारी शिक्षा व युवाओं में संस्कार के प्रति समाज को अवगत कराया। सचिव सह सचिव ने नवनिर्वाचित कार्यकारणी के पदाधिकारियों संरक्षक बाबुलाल चोयल,चेनाराम चोयल, मांगीलाल काग,अध्यक्ष रावतराम बर्फा, उपाध्यक्ष सोहनलाल परिहार, दुर्गाराम मुलेवा, सचिव प्रेम पंवार, सहसचिव मंगलराम पंवार, कोषाध्यक्ष भंवरलाल काग, कार्यकारिणी सदस्य :मोहनलाल मुलेवा, सोहनलाल हाम्बड़, जयरामलाल परिहार, चंदनाराम चोयल, उदाराम काग, शेषाराम पंवार, मोहनलाल गेहलोत, चन्द्रप्रकाश बर्फा, रतनाराम भायल, खींवाराम काग, राजेश मुलेवा, घेवरराम पंवार, मुलाराम पंवार, भुण्डाराम बर्फा, अन्नाराम काग, जीवाराम हाम्बड़, केनाराम मुलेवा, मांगीलाल सोलंकी, लुम्बाराम मुलेवा ,सलाहकार महेंद्र देवड़ा, संतोष चोयल, अर्जुनलाल बर्फा ,शंकरलाल बर्फा,भींयाराम काग , मनोनित सदस्य कानाराम बर्फा, देवाराम, मोहनलाल काग,शेषाराम परिहारिया,राजुराम लचेटा, को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर आगामी कार्यकाल के लिए समाज की जिम्मेदारी सौंपी गयी। साथ ही वर्तमान कार्यकारिणी को विदाई दी गई।

मांगीलाल काग ने कहा कि नई कार्यकारिणी को समाज के विकासशील कार्यों में हर संभव सहयोग किया जाएगा। शपथ ग्रहण के पश्चात नवनियुक्त अध्यक्ष रावतराम बर्फा ने समाज बंधुओं को दूज की शुभकामनाएँ देते हुए आगामी कार्यकाल में समाज के चहुमुखी विकास के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया। महोत्सव में समाज व पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्य व समाज बंधुओं को विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का विशेष कवरेज पत्रकार जगदीश सीरवी ने किया। मंच का संचालन सह सचिव प्रेम पंवार , ने संयुक्त रूप से किया। अध्यक्ष रावतराम बर्फा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सीरवी समाज शमशाबाद (बड़ेर) में बीज सम्पन्न



हैदराबाद,26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद, सीरवी समाज शमशाबाद बड़ेर प्रांगण में माँ आईजी का 610वां अवतरण दिवस एवं समाज का 11वां वार्षिक सम्मेलन मनाया गया। सचिव भोलाराम पंवार द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री आई माता जी के मंदिर को रंग बिरंगे फूलों से सजाया गया। शाम के समय में सभी भक्तों ने श्री आई माता जी की एवं बाबा रामदेव जी की सामूहिक आरती की। महिलाओ ने हरजस (भजन) की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। लगभग 9:30 बजे से भजन गायक हेमराज ईड़वा एण्ड़ नेतराम तिवारी ने भजनों की प्रस्तुति दी। विशेष अतिथि के रूप में पधारे प्रभुराम (कमांडेंट शमशाबाद एयरपोर्ट)उनकी धर्मपत्नी ने माता जी एवं अखंड ज्योत का दर्शन किया। समाज के पदाधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का हार्दिक अभिनंदन किया।

ऑनलाइन द्वारा बोलियां पूर्ण की गई। निम्न बोलीदाताओं ने बोलियां का लाभ लिया। इसमें बोली दाता- माताजी के पट खोलने की -रतनलाल बर्फा माताजी के तिलक की -भैराराम परिहार माताजी के हार की - सुरेन्द्र भायल माताजी की चुनड़ी की- सोहनलाल बर्फा माता जी के नारीयल अगरबत्ती की- रमेश हाम्बड पांचो भगवान पौसाक की - भोलाराम पंवार खेतलाजी पट हार अगरबत्ती की-नरेश परिहार गणेश जी पट हार अगरबत्ती की- जोराराम बर्फा, हनुमान जी पट हार अगरबत्ती की- मोहनलाल गेहलोत रामदेव पट हार अगरबत्ती की-राजुराम हाम्बड महाप्रसादी अर्थात माताजी को भोग की -पुखराज पंवार माताजी के मुकुट की - चेलाराम काग,रामदेव जी के मुकुट की - हरजी राम काग हनुमान जी के मुकुट की - आसाराम गेहलोत ने बोली लगाई। 25 अगस्त को सचिव भोलाराम पंवार ने मंच कार्यक्रम की शुरूआत की। लगभग 11:30 बजे से महिला मंडल समिति की सचिव भारती परिहारिया के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू किया। बाल-कलाकरों ने सामाजिक परिवेश में भावपूर्ण तरीके से नृत्य प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि (तेलंगाना प्रांत के अध्यक्ष) एवं संरक्षक हरजी राम काग और अध्यक्ष आसाराम गहलोत , सचिव भोलाराम पंवार,शिक्षा समिति के अध्यक्ष केसाराम काग, , महिला मंडल के उपाध्यक्ष १, संतोष देवी परिहार , सचिव भारती परिहारिया और (रायपुर पंचायत समिति के सदस्य )गौरी देवी काग मंच पर विराजमान हुए। विशेष अतिथि रुप में अगरा राम चोयल बुधराज काग(पुलिस विभाग जोधपुर) , मनिकोंडा बडेर के अध्यक्ष बाबूलाल भायल, सचिव मोतीलाल माधावत भी मंचासीन हुए। समाज के पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का साफा एवं हार द्वारा स्वागत किया गया। कार्यकारिणी समिति ,शिक्षा समिति एवं महिला मंडल के पदाधिकारी ने और सदस्यों द्वारा सभी बोली दाताओं का साफा एवं हार द्वारा बहुमन किया गया । इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बालक बालिकाओं ,कलाकारों एवं नृत्यांगनाओं सभी को पुरस्कार देकर दानदाताओं द्वारा दी हुई राशि भेंट की । कोषाध्यक्ष राजु राम परिहार वर्ष भर के आय -व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 27 अगस्त- 2025

# दहेज का आग कब बुझेगी?

राजधानी दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में निक्की भाटी की जिंदा जलाकर की गई हत्या का मामला अब भी सुर्खियों में छाया है। निक्की को न्याय दिलाने के लिए कई राज्यों में कैंडल मार्च निकाले जा रहे हैं। इसके साथ ही इस मामले को लेकर दहेज हत्या के मामलों पर एक नई बहस छिड़ गई है। भारत में दहेज से जुड़े अपराधों के आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं कि विवाहित महिलाओं के साथ हिंसा के हजारों मामले प्रतिवर्ष सामने आते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में महिलाओं के साथ दहेज के कारण 6,516 मौतें सिर्फ 2022 में हुई हैं। यह आंकड़ा बलात्कार या सामूहिक बलात्कार के बाद की गई महिलाओं की हत्या के आंकड़े से 25 गुना अधिक है। दहेज हत्या की संख्या दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के तहत की गई कम रिपोर्टिंग को भी दर्शाती है। 2010 में प्रकाशित हुई एक किताब ह्यूमन डेवलपमेंट इन इंडिया के मुताबिक, शादी में खर्च होने वाले धनराशि का डेढ़ गुना दुल्हन के परिवार का खर्च होता है। सर्वे में 24 प्रतिशत परिवारों ने मोटर साइकिल, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन आदि दहेज में देना स्वीकारा। सर्वे में 29 प्रतिशत परिवारों ने स्वीकारा कि यदि आपने शादी में दहेज नहीं दिया तो महिलाओं को मारपीट जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। एनएफएचएस 2019-21 की रिपोर्ट के अनुसार, 18-49 साल की 29 प्रतिशत विवाहित महिलाओं ने अपने पति/साथी द्वारा शारीरिक या यौन हिंसा का सामना किया। इनमें से 24 प्रतिशत महिलाओं ने सर्वे से पहले साल में ऐसी हिंसा का सामना किया था। हिंसा का सामना करने वाली 29 प्रतिशत महिलाओं में से 3.3 प्रतिशत गंभीर रूप से जली थीं, 7.3 प्रतिशत को आंखों में चोट, मोच, या मामूली जलन हुई थी, 6.2 प्रतिशत को गहरे घाव, टूटी हड्डियां, टूटे दांत या कोई अन्य गंभीर चोट आई थी, और 21.8 प्रतिशत को कट, खरोंच या दर्द हुआ था। 2022 एनसीआरबी की रिपोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इस कानून के तहत केवल 13,641 महिलाएं ही पीड़ित थीं। यदि उत्पीड़न की यह संख्या देखें तो दहेज के लिए इन महिलाओं में एक तिहाई की हत्या कर दी जाती है। आंकड़ें बतातें हैं कि ज्यादातर महिलाएं दहेज विरोधी कानून के तहत शिकायत ही नहीं दर्ज कराती हैं। वहीं देशभर में दहेज हत्या के मामलों में कोर्ट से न्याय मिलने में भी काफी देरी होती है। एनसीआरबी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार,2022 के अंत तक दहेज हत्या के 60,577 मामले कोर्ट में लंबित थे। इसमें से 54,416 मामले पहले के थे। 2022 में जिन 3,689 मामलों की सुनवाई हुई, उसमें से केवल 33 प्रतिशत आरोपियों को ही सजा मिल सकी। वहीं जिन 6,161 मामलों को उस वर्ष सुनवाई के लिए भेजा गया, उनमें से केवल 99 को ही सजा हुई। इस तरह के आंकड़ों पर ध्यान दें तो इस तरह से निक्की भाटी के मामले में एक साल के भीतर सजा होने की संभावना दो प्रतिशत से भी कम है। दहेज भारत में गैर कानूनी है। इसके लिए कानून में सजा का भी प्रावधान है। लेकिन ऐसे मामलों में अदालती और पुलिस कार्रवाई की रफ्तार इतनी धीमी है कि मामला काफी हद तक बासी हो जाता है। नतीजतन न्याय मिलने की उम्मीद भी काफी हद तक कम हो जाती है।

# कोई हमसे सीखे



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

अमरीका, यानी कि महानता का वह परचम, जो ज़मीन पर नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में फहरता है। उसका नाम सुनते ही लगता है कि बस अब ज्ञान की गंगा बहने वाली है, और हमारी तरह के साधारण प्राणियों का मोक्ष हो जाएगा। पर मोक्ष तो हुआ नहीं, उलटे गंगा ही प्रदूषण से भर गई। हमारे देश के नेता, जो किसी भी बाहरी देश में जाकर अपने आप को भगवान का अवतार मान लेते हैं, एक बार अमरीका के दौरे पर गए। उनके साथ था एक बड़ा-सा दल, जिसमें कुछ ऐसे बुद्धिजीवी थे जो भारतीय संस्कृति को सिर्फ़ फ़ोटो खिंचवाने के लिए इस्तेमाल करते थे, और कुछ ऐसे चमचे जो हर चीज़ पर 'वाह-वाह' करने का ठेका लिए हुए थे। वहाँ जाकर उन्होंने देखा कि अमरीका एक महान देश है, इसमें कोई शक नहीं। वहाँ हर कोई महान है, यहाँ तक कि महान होने की मशीनें भी हैं। जैसे, अगर आपको एक महान फ़िल्म बनानी है, तो मशीन में कुछ डॉलर डालो और फ़िल्म बाहर आ जाएगी। अगर आपको महान संगीत बनाना है, तो एक और मशीन है। अगर आपको महान वैज्ञानिक बनना है, तो उसके लिए भी एक मशीन है। पर हमारे नेता तो ठहरे भारतीय, वे मशीनों में विश्वास नहीं करते। वे तो मनुष्य की मेहनत और लगन में विश्वास करते हैं। और इसी विश्वास के साथ उन्होंने एक ऐसा कार्य करने का निर्णय लिया, जिससे अमरीका की महानता पर प्रश्नचिह्न लग गया। हमारे नेता ने अमरीका के राष्ट्रपति से कहा, मैं आपके देश की महानता को परखना चाहता हूँ। मुझे कोई महान काम करके दिखाइए। राष्ट्रपति ने सोचा, ये भारत से आए हैं, शायद इन्हें कुछ मालूम नहीं। उन्होंने अपने सबसे महान वैज्ञानिकों को बुलाया और कहा, इस आदमी को चाँद पर ले जाओ और वहाँ से धरती पर एक गिलास पानी लाओ। पर हमारे नेता ने कहा, यह तो साधारण काम है, इसमें महानता कहाँ? मैं तो इससे भी बड़ा काम करके दिखा सकता हूँ। और उन्होंने अपने दल के सबसे आलसी, सबसे निकम्मे सदस्य को बुलाया और कहा, जाओ, अमरीका के सबसे अमीर आदमी से जाकर कहो कि तुम्हें भीख चाहिए। यह सुनकर राष्ट्रपति और उनके वैज्ञानिक सन्न रह गए। यह क्या? भीख? हमारे महान देश में भीख कहाँ? पर हमारे नेता ने कहा, यही तो असली महानता है। तुम्हारे पास सब कुछ है, पर तुम्हारे पास वो इंसान नहीं जो बिना मेहनत के कुछ भी मांग सके। और हमारे पास ऐसे लोगों की फ़ौज है। तो उस आलसी और निकम्मे इंसान ने अमरीका के सबसे अमीर आदमी को एक खत लिखा, मैं आप से भीख मांगता हूँ। मुझे कुछ दीजिए, वर्ना मैं भूखा मर जाऊंगा। अमीर आदमी ने सोचा, यह कोई नया scam है। उसने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पर हमारे नेता ने कहा, यही तो कमी है। तुम्हारी महानता यहीं पर ख़त्म हो जाती है। तुम्हारे यहाँ भीख मांगने वाला भी एक अपराधी है। अगले दिन, हमारे नेता ने एक और काम किया। उन्होंने अपने दल के सबसे अयोग्य और बेक़ाबू सदस्य को बुलाया और कहा, जाओ, यहाँ की सरकार में कोई पद मांगो। राष्ट्रपति ने सोचा, यह तो और भी बड़ा मज़ाक है। हमारे यहाँ हर पद के लिए योग्यता की परीक्षा होती है। पर हमारे नेता ने कहा, तुम्हारी योग्यता की परीक्षा तो तुम्हारे यहाँ के अयोग्य लोगों को देखती ही नहीं। और उस अयोग्य आदमी ने राष्ट्रपति से कहा, मुझे स्वास्थ्य मंत्री बना दो। मैं लोगों को ख़ुद इलाज करना सिखाऊंगा। यह सुनकर राष्ट्रपति ने उसे भगा दिया। पर हमारे नेता ने कहा, यही तो तुम्हारी हार है। तुम उसे भगा सकते हो, पर हम उसे अपना नेता बना सकते हैं। और यही हमारी महानता है। और फिर, सबसे बड़ी घटना हुई। हमारे नेता ने राष्ट्रपति से कहा, मैं तुम्हें दिखाता हूँ कि असली महानता क्या होती है। उन्होंने अपने सबसे भ्रष्ट और लालची सदस्य को बुलाया और कहा, जाओ, अमरीका के सबसे बड़े चर्च में जाकर कहो कि तुमने भगवान को ख़रीद लिया है। राष्ट्रपति का मुँह खुला का खुला रह गया। तुम मज़ाक कर रहे हो। पर हमारे नेता ने कहा, यही तो महानता है। तुम सोचते हो कि भगवान को ख़रीदा नहीं जा सकता, पर हमारे यहाँ तो नेता, भगवान और धर्म सब एक ही बाज़ार में बिकते हैं।

# आतंक का छद्म चेहरा बेनकाब: टीआरएफ पर वैश्विक प्रहार



ममता कुशवाहा

जब इतिहास अपने पन्नों में किसी राष्ट्र की गौरवगाथा को दर्ज करता है, तो वह केवल विजयों का लेखा-जोखा नहीं होता, बल्कि उस संकल्प, नीति और नेतृत्व की अभिव्यक्ति होती है जिसने संकटों की आँधी में भी अपनी मिट्टी को झुकने नहीं दिया। भारत का आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष भी ऐसा ही एक ऐतिहासिक अध्याय है, जिसे आज वैश्विक स्तर पर न केवल सराहा जा रहा है, बल्कि अब उसकी गवाही भी विश्व की महाशक्तियाँ देने लगी हैं। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मंच पर जब किसी राष्ट्र की आवाज़ को वह मान्यता मिलती है, जिसके लिए वह वर्षों से लड़ता रहा हो, तो वह सिर्फ एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि नैतिक विजय का उद्घोष होता है।भारत के लिए हालिया घटनाक्रम, जिसमें अमेरिका ने 'द रेज़िस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को आधिकारिक रूप से वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किया, इसी विजय की घोषणा है। यह निर्णय उस सत्य की स्वीकृति है जिसे भारत दशकों से वैश्विक मंचों पर उद्घाटित करता आ रहा था कि पाकिस्तान आतंकवाद का पोषक और आतंकियों का संरक्षक है, और वह नए-नए नामों की ओट में अपने आतंकवादी एजेंडे को वैश्विक मंच पर छुपाने का असफल प्रयास करता रहा है। अमेरिका द्वारा टीआरएफ को फॉरेन टेररिस्ट ऑर्गनाइजेशन और स्पेशली डेसिग्नटेड ग्लोबल टेररिस्ट के रूप में नामित किया जाना न केवल आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक अभियान को नई धार प्रदान करता है, बल्कि भारत की कूटनीतिक दृढ़ता और सतत प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम भी है।

भारत ने वर्षों से यह दावा किया था कि पाकिस्तान, अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते जब लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों को ₹डिफंक्ट₹ घोषित करता है, तो उसी के तत्वों द्वारा नये नामों जैसे टीआरएफ के अंतर्गत आतंकवादी गतिविधियों को जारी रखा जाता है। टीआरएफ, लश्कर-ए-तैयबा का ही एक छद्म चेहरा है, जिसका उपयोग पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में अपनी गुप्त रणनीति को आगे बढ़ाने हेतु करता रहा है। 2025 के अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ द्वारा लिए जाने के बाद भारत ने तत्काल इसकी वैश्विक स्तर पर पहचान उजागर करने का अभियान तेज किया। 'ऑपरेशन सिंधूर' के तहत भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई को एक नई दिशा दी और इसके तहत भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अमेरिका और अन्य 32 देशों को प्रस्तुत दस्तावेज़ों में यह साक्ष्य दिए कि टीआरएफ न केवल लश्कर-ए-तैयबा की ही शाखा है, बल्कि यह पाकिस्तान की आतंक नीति का नया रूप है।इस कदम से भारत ने यह दर्शाया कि आतंकवाद से लड़ाई केवल सैन्य पराक्रम का प्रश्न नहीं, बल्कि सत्य और न्याय के पक्ष में खड़े होने का भी प्रश्न है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, जो पहले पाकिस्तान के दोहरे रवैये को नजरअंदाज़ करता था, अब भारत के प्रमाण और प्रस्तावों के आधार पर अपना रुख बदलता हुआ दिखा। यह घटनाक्रम सिर्फ कूटनीति की जीत नहीं, बल्कि उन असंख्य निर्दोषों के लिए एक नैतिक बल भी है, जिन्होंने आतंकवाद की विभीषिका झेली है।

अमेरिकी विदेश विभाग का यह निर्णय भारत की उस पहल का ही विस्तार है, जिसमें उसने लगातार यह तथ्य प्रस्तुत किया था कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में दोहरे मानदंड जहाँ कुछ आतंकी संगठनों को तो नामित किया जाता है, पर उनके नाम बदलते ही अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण नरम हो जाता है सत्य और न्याय के मूल्यों के विपरीत है। ट्रंप प्रशासन ने पहले भी मुंबई हमले के आरोपी तहावुर हुसैन राणा के प्रत्यर्पण को लेकर भारत को आश्वासन दिया था, लेकिन उसपर ठोस कार्रवाई का अभाव रहा। अब जब अमेरिका ने टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित किया है, तो यह केवल एक कार्रवाई नहीं, बल्कि उस पुराने वादे को फिर से याद करने का अवसर भी है कि अमेरिका भारत के आतंक विरोधी अभियान में सक्रिय भागीदार रहेगा। यह भी ध्यान देने योग्य है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पहले पाकिस्तान के प्रभाव के चलते टीआरएफ का नाम प्रस्ताव से बाहर रखा गया था। लेकिन अब इस नामकरण के बाद भारत को 1267 समिति के अंतर्गत टीआरएफ पर प्रतिबंध लगवाने का नया अवसर मिलेगा। इससे न केवल अंतरराष्ट्रीय क़ानूनी दबाव बढ़ेगा, बल्कि भारत को वैश्विक मंचों पर अपने आतंकवाद- विरोधी पक्ष को और मजबूती से रखने का मंच मिलेगा। यह सिर्फ एक संगठन को सूचीबद्ध करने की बात नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की संपूर्ण रणनीति को बेनकाब करने का साधन है। पाकिस्तान के लिए यह स्थिति असहज है। एक ओर वह खुद को आतंक के विरुद्ध लड़ने वाला राष्ट्र बताने का प्रयास करता है, वहीं दूसरी ओर वह अपने सैन्य प्रतिष्ठानों की मदद से आतंकवादी संगठनों को शरण, प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराता है। टीआरएफ का अस्तित्व, उसके प्रचार-प्रसार और उसकी साजिशें इस दोहरे रवैये की पोल खोलती हैं। पाकिस्तान की यह रणनीति रही है कि पुराने प्रतिबंधित संगठनों के सदस्यों को नए नामों के तहत फिर से सक्रिय किया जाए। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के उदाहरण सबके सामने हैं, जिनके शीर्ष नेता जैसे हाफिज सईद और मसूद अजहर अब भी स्वतंत्र हैं और पाकिस्तान की आतंक नीति के मूल स्तंभ बने हुए हैं। टीआरएफ पर अमेरिकी प्रतिबंध के बाद यह आवश्यक हो गया है कि भारत और वैश्विक समुदाय इस संगठन को फिर से उभरने का कोई अवसर न दें। भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ऐसे संगठनों के नाम बदलकर सक्रिय होने की रणनीति को रोका जाए और पाकिस्तान की आतंकवादी पनाहगिरी की नीति को खुलकर बेनकाब किया जाए। इसके लिए भारत ने चीन को भी आड़े हाथों लिया है, जो अक्सर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के पक्ष में अड़ंगा डालता रहा है। किंतु अब भारत की कूटनीतिक शक्ति इतनी सशक्त हो चुकी है कि चीन भी खुले समर्थन से परहेज करने लगा है। यह सत्य है कि आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में केवल निंदा प्रस्ताव और कूटनीतिक दबाव पर्याप्त नहीं होते, बल्कि ठोस कार्रवाई की आवश्यकता होती है। भारत ने यह प्रयास भी आरंभ किया है कि टीआरएफ के वित्तीय स्रोतों को बंद किया जाए। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) जैसे वैश्विक संस्थानों के माध्यम से भारत यह सुनिश्चित कर रहा है कि पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में बनाए रखा जाए या उसे ब्लैक लिस्ट तक पहुँचाया जाए, ताकि उसकी आर्थिक रीढ़ पर सीधा प्रहार हो। भारत की यह नीति दोतरफा है कि एक ओर वह आतंकवादी संगठनों के विरुद्ध वैश्विक दबाव बनाए रखता है, वहीं दूसरी ओर वह आतंकवाद के शिकार लोगों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह भी स्मरणीय है कि भारत के इस संकल्प को केवल राजनीतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। यह उन शहीदों की स्मृति का सम्मान है, जो देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। यह उन निर्दोष नागरिकों के आक्रोश और वेदना का उत्तर है, जिनका जीवन आतंकवाद ने उजाड़ दिया। और यह उन आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता है, जो एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित भारत में जीने का अधिकार रखती हैं।इसके बारे में भारत की विदेश नीति की दिशा अब और अधिक स्पष्ट हो गई है। भारत न केवल आतंकवाद के विरुद्ध युद्धरत है, बल्कि अब वह आतंकवाद के संरक्षकों को भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर उजागर करने का संकल्प ले चुका है। पाकिस्तान के लिए यह संदेश स्पष्ट है कि अब वह न तो दोहरे चेहरे के साथ विश्व मंच पर बच सकता है, न ही आतंकवाद के नए नामों के आवरण में अपने कृत्यों को छुपा सकता है। अमेरिका का यह कदम इसी परिवर्तनशील वैश्विक मानसिकता का संकेत है। इस घटनाक्रम से यह प्रमाणित हो गया है कि यदि कोई राष्ट्र सत्य, न्याय और नैतिक बल के साथ अपने रुख पर अडिग रहता है, तो एक दिन समूचा विश्व उस रुख की वैधता को स्वीकार करता है। भारत की यह कूटनीतिक विजय न केवल उसकी विदेश नीति की सफलता है, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध उसकी सतत लड़ाई में एक नई प्रेरणा भी है।

# शादी बंधन नही अब समझौता है, जितना निभा सके उतना ही अच्छा



अरविन्द रावल

मानवीय जीवन में रिश्तो का बड़ा ही महत्त्वपूर्ण स्थान होता हे ! रिश्तो की ड़ोर बहुत महीन और नाजुक होती हे लेकिन मनुष्य जब रिश्तो की महीन डोर के बंधन में बंधकर मन, कर्म और वचन से उन रिश्तो को निभाता हे कि रिश्तो की प्रगाढ़ता और महक सभी दूर नजर आती हे ! दो अजनबी महिला एवं पुरुष के बीच शादी के बंधन का रिश्ता भी ऐसी ही महीन डोर से बंधा हुआ होता हे जो समय के ऐसा गहरा होता जाता हे सारे रिश्तों में वही सर्वोपरि हो जाता हे ! भारतीय परिवेश में वैवाहिक जोडियो को ईश्वरीय बंधन मानकर सात जन्मो तक साथ निभाने की परम्परा विद्यमान रही हे तभी तो एक सावित्री अपने रिश्तो की पवित्रता के बल पर यमराज से अपने पाती के प्राण वापस ले आती हे तो एक लक्ष्मी शेर के मुख से अपने पति को जिंदा वापस ले आती हे, कोई दशरथ मांझी बनकर पहाड़ का सीना चीरकर अपनी पत्नी की स्मृति में ऐसा काम कर जाता हे कि हर आने जाने वाले का उस स्थान पर बरबस शीश झुक जाता हे !

पहले शादी को ईश्वरीय बंधन मानकर उसे सच्चे मन से निस्वार्थ भाव से निभाया जाता था ! उस दोर में बेशक घर कच्चे हो छोटे हो सुख सुविधा का अभाव हो लेकिन उस दोर में हर एक घर में रिश्तो की रोनक थी महक थी जो सभी दूर गुंजयमान थी ! इक्कीसवीं सदी के एक चौथाई काल में ही रिश्तो के इतने रूप बदलते हुए दिखने लग गए कि सदी की पूर्णता तक रिश्तो का स्वरूप कैसा क्या होगा यह सोचकर ही मन ग्लानियो से भर उठता हे !

समय कभी नही बदलता हे वह हर काल में एक जेसा ही घूमता हे लेकिन उसके चक्र के साथ साथ मानवीय जीवन के रिश्ते, नाते, सोच ,विचार, व्यवहार खान पान ,रीति रिवाज, बोलचाल और मान मर्यादा आदि सभी चीजों में बदलाव आता रहता हे ! वर्तमान आधुनिक दोर में जब सब कुछ बदल रहा हे तो फिर हमारे संस्कार हमारी सोच और हमारा व्यवहार उससे कैसे अछूते रह सकते हे ? आज के इस आधुनिक प्रगतिवादी दोर में वेसे ही छोटे परिवारों की प्रथा के चलते संस्कार की घुट्टी पिलाने वाली कोई दादी आंटी, चाची या बुआये सभी के नसीब में आई हो ऐसे बहुत ही कम भाग्यशाली लोग होगे और अधिकतर पीढी तो घर में भी आया के हाथो या डे केयर में रहकर पली बड़ी होगी ! ममत्व पारिवारिक प्रेम के अभाव नई पीढी के जवान होते बच्चे अपने व्यवहार से अलग ही नजर आने लग जाएंगे ! ऐसे बच्चे ही जब जरा जरा सी बातो पर बचपन से ही अपने माता पिता के साथ ही समझोता नही कर सकते तो क्या वे बड़े होने पर किसी दुसरे के साथ समझोता कर कर सकेगे सयम बरत सकेगे ? आज के इस आधुनिक दोर में जहां परिवारों में दौलत और शोहरत की कोई कमी नही हे ! वैभव विलासिता की सब कुछ वस्तुओं के होते और आलीशान बंगले कोठिया बाहर से आदमी की हैसियत बया करती हो लेकिन पारिवारिक वैचारिक मनभेदो होने से हर आदमी अंदर से टूटा हुआ अकेला दिखाई देता हे ! इन्ही वैचारिक मनभेदो के चलते इस आधुनिक दोर में आज हर दूसरा या तीसरा वैवाहिक जोड़े का बंधन अन्दर से दरका हुआ हे या दरकता नजर आता हे !

यही आज के वर्तमान के संभ्रांत उच्च शिक्षित घरानों की सच्चाई होती जा रही हे और इस सच्चाई को दौलत और शोहरत के पर्दों से ज्यादा दिनों तक छुपा कर रख भी नही रखा जा सकता हे ! वर्तमान आधुनिक दोर में शादी का बंधन दो दिलो के असीम प्यार की जगह दो जिस्मो के बीच का एग्रीमेंट लेटर अर्थात एक समझौता पत्र बनकर रह गया हे ! हकीकत तो यह भी हे कि इस वैवाहिक समझौते की शुरुआत ही दोनों तरफ से घरों के व्यक्ति ओर उनकी हैसियत के साथ शुरू होता हे !

आदमी को अपने मुनासिब समझौते वादी कोई जच जाता हे तो फिर समझौता विवाह में बदलकर एग्रीमेंट के आधार पर चलता हे ! जब तक एग्रीमेंट के अनुसार सबकुछ सही चलता हे तब तक सब कुछ अच्छा लगता हे और देखने वालो को एक भ्रम सा हो जाता हे कि इस जोड़े में बहुत प्यार हे अपनापन हे ! आज के दोर की नई पीढ़ी के लिए प्रेम से ज्यादा अपना एग्रीमेंट महत्वपूर्ण हे और घर परिवार की इज्जत से ज्यादा अपना इगो महत्वपूर्ण हे इसलिए तो आज के दोर में वैवाहिक जीवन जितने भी दिन निभा सके उतना ही दोनों पक्षों के लिए उम्दा हे ! आज के इस आधुनिक दोर में जहा भी देखे अमीर घरानों से लगाकर मिडिल क्लास तक के घरो में उच्च शिक्षित नई पीढ़ी को जिनकी नजरो में शादी सिर्फ एग्रीमेंट हे उन्हें कोई वैवाहिक बंधन का पाठ पढाये भी तो कैसे क्योंकि एकल परिवार के चलते इनकी भावनाओं को समझने वाला और इन्हें समझाने वाला घर परिवार में कोई दूजा भी तो हे नही !

इसलिए आज बड़ी तेजी से वैवाहिक जीवन में दरार पैदा हो रही हे और कुटुंब न्यायालयों हो या न्यायालय हो वहा पारिवारिक अलगाव की अर्जिया में दिनोदिन इजाफा हो रहा हे !

आज के दोर में नई पीढ़ी के युवाओं में अरेंज मैरिज तो बहुत कम खुद की पसंद के साथी से शादियां अधिक हो रही हे ! इन सबके इतर इन दिनों शादी के पहले भावी जीवनसाथी को शादी के पहले अच्छे से करीब से जानने समझने के लिए प्री वेडिंग कान्सेप्ट बड़ी तेजी से फेल गया हे और यह प्री वेडिंग कान्सेप्ट इतना खर्चीला होता हे कि एक आम आदमी अपने बच्चे की शादी इतने खर्च में अच्छे कर सकता हे ! सोचिये शादी के पहले सिर्फ जानने पहचाने के नाम पर जब प्री वेडिंग कान्सेप्ट का खर्च ही लाखों में होता हे तो शादी तो करोड़ों के खर्चे वाली होना स्वाभाविक हे और ऐसी भव्यता और दिखावे से भरी करोडो की शादी या यू कहे समझौता अगर सफल एक हजार दिन भी पूरे नही करे तो फिर सोचने में आता हे कि दौलत और शोहरत की शान के पीछे हम अपनी नवपीढी को किस दहलीज पर ले आया हे जहाँ पर आत्मीयता ,संवेदनाओं और असीम प्रेम का कोई मोल बचा ही नही हे !

आपसी विचारिक मनभेदो और पारिवारिक मतभेदों के चलते आज देश की अदालतों में प्रतिदिन हजारों की तादाद में नवपीढी के तलाक के केस रजिस्टर्ड होते इस बात के सबूत हे कि आज के दोर में शादी एक वैवाहिक बंधन नही हे बल्कि यह एक समझौता भर बन कर रह गई हे जिसमें न कोई सवेदना हे न कोई आत्मीय प्यार हे और न कोई अपनापन हे ! आज के दोर का यह वैवाहिक समझौता दो दिलो के अंतर्मन का प्यार नही सिर्फ जिस्मानी पूर्ति के साधन तक सीमित हे ! जब तक दोनों ओर से एकदूसरे के उसूलो की पूर्ति होती रहेगी तब तक शादी का समझौता बेशक उम्दा चलता रहेगा !

# इन्फ्लूएंसरों द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग आखिर कब तक



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा


अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी की भी मजाक उड़ाना या उपहास का पात्र बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। पिछले कुछ सालों से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग आम होता जा रहा है। यहां तक कि स्वतंत्रता के नाम पर समाज में वैमनस्य बढ़ाना, वर्ग विशेष के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करना, धार्मिक भावनाओं को आहत करना इन उपहास कर्ताओं के लिए तो सामान्य होता जा रहा है तो राजनीतिक व सोशल एक्टिविस्ट भी इसमें पीछे नहीं है। ऐसे में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश महत्वपूर्ण हो जाते हैं। माननीय न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची की सरकार को गाइड लाईन जारी कर सीमाओं में बांधने और इस तरह के इन्फ्लूएंसरों के खिलाफ सख्त टिप्पणी व उसी स्तर की सार्वजनिक माफी मांगने के निर्देश आवश्यक हो गए थे। हालांकि यह आदेश स्पाइनल मस्कुलर एट्रोपी एसएमए से पीड़ित व्यक्तियों का समय रैना व अन्य द्वारा उपहास उड़ाने से संबंधित प्रकरण में दिए गए हैं। आदेश में दिव्यांगों का उपहास करने को गंभीरता से लिया गया है और साफ निर्देश दिए गए हैं कि जिस स्तर पर उपहास उड़ाया गया ठीक उसी स्तर पर माफी भी मांगी जाए। इसका सीधा सा अर्थ यह हुआ कि माफी की औपचारिकता से काम नहीं चलने वाला है।

व्यूअरशिप, फोलोवर्स या व्यूज बढ़ाने के लिए जिस तरह से सोशल मीडिया या यों कहे कि इंटरनेटी संसाधनों का उपयोग करते हुए किसी को भी उपहास का पात्र बनाना आम होता जा रहा है, उस पर लगाम की आवश्यकता लंबे समय से चली आ रही थी और ऐसे में देश में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति द्वय जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची द्वारा की गई टिप्पणी ऐसे तत्वों और सरकार दोनों के लिए महत्वपूर्ण हो जाती है। दरअसल फूहड हास्य कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रस्तुत सामग्री में मीडिया इन्फ्लूएंसरों द्वारा लोगों का बैखोफ उपहास उड़ाया जाना आम होता जा रहा है। ऐसे लोग अपने आपको समाज के विशिष्ट व्यक्ति बनने और दिखाने का प्रयास करते हैं। दावा करते है कि उनके इतने फोलोवर्स है या इतने व्यूअर्स है। पर सवाल यह उठता है कि किसी की मजाक उडाने या उपहास करने का अधिकारी आपको कौन देता है। हेट स्पीच और उसको सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित करने के दुष्परिणाम सामने हैं। छोटी सी टिप्पणी कभी कभी तो असामाजिक तत्वों के लिए अच्छा अवसर बन जाती है और कानून व्यवस्था को प्रभावित करने तक की सीमा तक पहुंच जाती है। मजे की बात यह है कि हेट स्पीच या ऐसी टिप्पणी करने वालों पर कार्रवाई होते ही तथाकथित बुद्धिजीवियों की टीम सक्रिय हो जाती है।

यह तथाकथित कोमेडियन और सोशल इन्फ्लूएंसर अपनी टिप्पणियों की बदौलत व्यूअरशिप बढ़ाते हैं और अनाप शनाप पैसा कमाते हैं, अपनी जेब भरते है। यही कारण है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गंभीरता से लिया है और इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत टिप्पणी नहीं मानते हुए व्यावसायिक गतिविधि करार दिया है। वैसे भी सामान्य नैतिकता का सवाल भी यह उठता है कि आपकों किसी अन्य की विकलांगता या अन्य टिप्पणी को अधिकार कैसे मिल सकता है। कैसे आप किसी को उपहास का पात्र बना सकते हैं तो कैसे आप अनर्गल टिप्पणी कर सकते हैं। हालांकि आजकल हेट स्पीच को लेकर तो न्यायालयों में जाने का चलन बढ़ा है और यह जरुरी भी हो जाता है। सोशल मीडिया के नाम पर आप किसी की निजता पर कीचड़ नहीं उछाल सकते हैं।

यह निर्णय इस मायने में अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि कामेडियन्स या इन्फ्लूएंसर्स द्वारा जिस तरह से इस तरह की गतिविधियां आम होती जा रही है उस पर सख्त लगाम कसना जरुरी हो जाता है। यदि इसी मामलें को देखा जाए तो एक तो ऐसे व्यक्तियों के साथ वैसे ही अन्याय हुआ है और फिर उस शारीरिक विकलांगता का मजाक उड़ाना या निशाना बनाना कहां की नैतिकता हो सकती है। इसके अलावा इंस्ट्राग्राम, वाट्सएप इसी तरह के सोशल मीडिया साइट पर अनर्गल टिप्पणियां या किसी घटना विशेष पर इस तरह की प्रतिक्रिया देकर तनाव के हालात पैदा कर देना या इसी तरह के हालात पैदा करने से आपका शौक तो पूरा हो जाता है पर उसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म को सीमाओं में बांधना जरुरी हो जाता है। शहरों में आए दिन दंगे तनाव के हालात बनना आम होता जा रहा है। न्यायालय की टिप्पणी के मध्येनजर सोशल मीडिया प्लेटफार्म संचालकों को भी इस तरह की टिप्पणियों या सामग्री को फिल्टर करने आगे आना चाहिए। अभी तो होता यह है कि चाहे किसी भी तरह की रील हो यदि उसकी व्यूअरशिप ठीक आ जाती है तो कमाई का माध्यम बन जाती है जबकि होना यह चाहिए कि ऐसे इन्फ्लूएंसरों पर सख्ती होने के साथ ही साथ इस तरह की टिप्पणी या रील उसी व्यक्ति द्वारा करने पर ऐसे अकांउट को ब्लेक लिस्ट करते हुए ब्लॉक कर दिया जाना चाहिए।माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपना काम कर दिया है।

# मोल करो तलवार की पडा रहने दो म्यान



डॉ टी महादेव राव

जात न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान। मोल करो तलवार की पड़ा रहने दो म्यान।। भैया यह अचानक संत कबीर का दोहा क्यों पढ़ने लग गए आप वह भी म्यान, तलवार, ज्ञान की बातों से जुड़ी हुई। कोई खास वजह इसकी? वजह तो है छोटू! अब किसी व्यक्ति को जब वह स्वयंभू है, नॉन बायलॉजिकल है, भगवान का अवतार है, सोचता खुद को सबसे होशियार है, झूठे ज्ञान का अंबार है, जिनके अंध भक्त अपार हैं, जिन्हें सिर्फ कुर्सी से प्यार है, तड़ीपार जिनका जिगरी यार है, छप्पन इंची संस्कार है ... ऐसे व्यक्ति से आप उनके संपूर्ण व्यक्तित्व को दरकिनार कर सिर्फ शिक्षा का सड़ेला सर्टिफिकेट पूछोगे? उनके अंतर्ज्ञान का, ग्यारह वर्षों से उनके परफॉमेंस का, पूरी सफाई के साथ काम साधने के अलग ढंग का, सूक्ष्म अवलोकन किया हो तो सड़ेला सर्टिफिकेट केवल एक टुकड़ा है, जो बताता है कि आपने कहां तक शिक्षा प्राप्त की। ठीक है न! पता तो चले कि योग्यता क्या है? जब किसी को जॉब में लिया जाता है तो उनके आप सारे प्रमाणपत्र शिक्षा, अनुभव, प्रवीणता आदि का मांगते हो कि नहीं? पागल छोटू! अपनी सोच को बड़ी करो। दायरा बढ़ाओ सोच का। जिसको भारत की सारी जनता अपना माई बाप मान चुकी है, प्रधान सेवक नामक शहंशाह से आप यह पूछोगे की तुम अनपढ़ हो या पढ़े लिखे? इसमें बुरा क्या है? मैं जो कह रहा था किसी जॉब में ....? वही बता रहा हूं। इलेक्शन और सिलेक्शन में अंतर है और बड़ा सा अंतर है। व्हाइट कॉलर पद के लिए प्रमाणपत्रों की आवश्यकता होती है, उनकी लिखित परीक्षा, उनकी प्रवीणता की जांच, समूह चर्चा, उनका साक्षात्कार आदि किया जाता है। अगर वे सिलेक्ट हो गए तो मेडिकल जांच भी होती है। है न? यह तो बात हुई सिलेक्शन की। लेकिन इससे नेता या पदासीन प्रधान अलग कैसे? उनका भी ये सब होना चाहिए न? कहां है तू छोटू! इलेक्शन में सिलेक्शन वाला एस नहीं है। एस मतलब स्किल यानी प्रवीणता, एस मतलब सर्विस यानी सेवा, एस मतलब स्टेबिलिटी यानी स्थिरता और एस मतलब समर्पण यानी डैडीकेशन समझे। यह इलेक्शन में क्या ये सब नहीं होते? कहां होते हैं? चुनाव में खड़े हुए, जीते, पद पाया, साथियों ने अगुवा मान लिया तो बड़ा पद पा गए। फिर शासन की बागडोर सम्हाली। खुद को भी सुंदर, आकर्षक दिखाने के उपाय, लोकप्रियता बढ़ाने के नुस्खे सारा ताम जाम होता है।

शिक्षा की बात, सर्टिफिकेट की चर्चा, पृष्ठभूमि की बात कहां मायने रखती है। तभी सभी इलेक्शन यानी चुनाव पर ध्यान केंद्रित किए हुए होते हैं। सेवा, समर्पण, प्रतिभा, प्रवीणता, स्थिरता जैसे शब्द नेताओं के लिए बेमानी हैं? अर्थहीन शब्द हैं? धीरे बोल छोटू! कहीं उन लोगों ने सुन लिए तो उनके ज्ञान की गंगा की बाढ़ में हम लोग बह जायेंगे। सो इन शब्दों को उन्होंने सिर्फ संविधान तक सीमित रखा।






# बच्चों को मोबाइल से कैसे रखें दूर? ये टिप्स हर पैरेंट्स को जानने चाहिए




आज के डिजिटल दौर में बच्चों को मोबाइल, टैबलेट या टीवी जैसी स्क्रीन से दूर रखना हर माता-पिता के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऑनलाइन पढ़ाई, वीडियो गेम्स और यूट्यूब की लत बच्चों को धीरे-धीरे उनकी वास्तविक दुनिया और रचनात्मक गतिविधियों से दूर कर रही है।

स्क्रीन के ज्यादा इस्तेमाल से उनकी आंखों, नींद और मानसिक विकास पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि हम बच्चों को ऐसे विकल्प दें जो न सिर्फ मनोरंजन करें, बल्कि उनके विकास में भी सहायक हों।

कुछ रचनात्मक और मज़ेदार उपायों की मदद से बच्चों को तकनीक से थोड़ी दूरी बनाकर, खेल, कला और प्रकृति की ओर मोड़ा जा सकता है। इस लेख में हम ऐसे ही कुछ असरदार और दिलचस्प तरीके साझा कर रहे हैं, जो बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने में आपकी मदद करेंगे।

### कहानी सुनाने और सुनने का समय बनाएं

हर दिन एक तय समय पर बच्चों को रोचक कहानियां सुनाएं या उनसे खुद कहानी बनाने को कहें। आप इस दौरान बच्चों को आप धार्मिक कहानियां भी सुना सकते हैं। इससे कल्पना शक्ति बढ़ेगी और स्क्रीन की लत कम होगी। ऐसा खासतौर पर रात के समय करें,इससे बच्चों को नींद भी कम आएगी।



### आर्ट और क्राफ्ट एक्टिविटीज कराएं

अपने बच्चों को फोन से दूर रखना है तो उसे आर्ट और क्राफ्ट में व्यस्त रखें। पेपर कटिंग, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग या पुराने सामान से कुछ नया बनाना बच्चों को व्यस्त और रचनात्मक बनाए रखता है। अब तो बाजार में तमाम तरह के ऐसे मॉडल्स आते हैं, जिसे बच्चे काफी पसंद करते हैं।

### गार्डनिंग में शामिल करें

अभी बारिश का मौसम चल रहा है, ऐसे में लोग अपने घरों में पेड़-पौधे लगाना पसंद करते हैं। यदि आपने भी अपने घर पर गार्डन बना रखा है तो अपने बच्चे को भी गार्डनिंग एक्टिविटी में शामिल करें। पौधे लगाना, पानी देना और बीजों को उगते देखना बच्चों को प्रकृति के करीब लाता है और मोबाइल से ध्यान हटाता है।

### घर के छोटे कामों में हेल्प लें

अक्सर लोग बच्चों को घर के काम नहीं करने देते है, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। अपने बच्चे से घर के छोटे-छोटे कामों में अवश्य मदद लें। सब्जियां धोना, किताबें सजाना, पानी भरना जैसे काम बच्चे आसानी से कर सकते हैं। ऐसा करना से उनमें जिम्मेदारी का भाव आएगा और स्क्रीन टाइम घटेगा।

### फिजिकल एक्टिविटीज और आउटडोर प्ले

मौसम इतना सुहाना है तो घर से बाहर निकलना तो बनता है। इसके लिए शाम के समय अपने बच्चे को पार्क जाना, साइकल चलाना, दौड़ लगाना या योग कराना बच्चों को हेल्दी और एक्टिव बनाएगा। इस दौरान उनके साथ खुद खेलें, उन्हें अकेले तो बिल्कुल न छोड़ें।

# शादी के बाद कपल्स के लिए जरूरी 7 नियम, रिश्ता होगा और भी मजबूत



शादी हर किसी के जीवन का सबसे खास रिश्ता होता है। यह सिर्फ दो लोगों का ही नहीं बल्कि दो परिवारों का भी मेल होता है। शादी के शुरुआती वर्षों में कपल्स को कई नई परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जैसे नई आदतें, नई जिम्मेदारियां और नई अपेक्षाएं। ऐसे में अगर कुछ सुनहरे नियम को ध्यान में रखा जाए तो रिश्ते को मजबूत, खुशनुमा और लंबे समय तक टिकाऊ बनाया जा सकता है। इसस लेख के माध्यम से जानिए शादी के बाद नए कपल्स के लिए 7 जरूरी सुनहरे नियम। शादी के बाद रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए सबसे जरूरी है प्यार, विश्वास और समझदारी। अगर नए कपल्स इन सात सुनहरे नियमों को फॉलो करें, तो उनका रिश्ता न सिर्फ लंबा बल्कि बेहद खूबसूरत भी होगा।

### स्पष्ट और ईमानदार संवाद

नए शादीशुदा जोड़े को अपने सुखमय वैवाहिक जीवन के लिए एक दूसरे से स्पष्ट और ईमारदारी से संवाद करना चाहिए। एक दूसरे से खुलकर बात करें। मन की बात छुपाने से गलतफहमी बढ़ती है। छोटी-सी बात भी साझा करने की आदत डालें।

### एक दूसरे की पसंद का सम्मान करें

शादी का मतलब यह नहीं कि दोनों की पहचान खो जाए। पार्टनर की पसंद, करियर और शौक का सम्मान करें। एक दूसरे की पसंद-नापसंद को समझें और सम्मान करें।

### परिवार और रिश्तेदारों को दें समान महत्व

शादी के बाद ससुराल और मायके दोनों परिवारों को संतुलित महत्व दें। परिवार से जुड़े फैसले मिलकर लें। परिवार, रिश्तेदारों और पार्टनर के बीच तालमेल बिठाने से रिश्ते में समंजस्य आएगा।

### पैसों को लेकर समझदार साझेदारी

शादी के बाद जिम्मेदारी और खर्च दोनों बढ़ जाते हैं। खर्च और बचत की प्लानिंग साथ में करें। पैसे संबंधी बातों पर खुलकर चर्चा करना जरूरी है।

### निजी स्पेस दें

हर इंसान को स्पेस या अपने लिए कुछ आजादी चाहिए होती है। अति स्वामित्व न दर्शाएं बल्कि उन्हें कुछ स्पेस दें ताकि वह अपने हिसाब से रह पाएं।ज्यादा कंट्रोल करने से रिश्ते में खटास आ सकती है।

### छोटी-छोटी खुशियों को सेलिब्रेट करें

जन्मदिन, शादी की सालगिरह, पदोन्नति या छोटी -छोटी सफलताओं को साथ में सेलिब्रेट करें। यह रिश्ते में ताजगी और प्यार बनाए रखता है।

### समस्या सुझाने के लिए अपनाएं टीमवर्क

किसी भी समस्या को हम दोनों की तरह सुलझाएं। एक दूसरे पर आरोप न लगाएं। बहस से बचें और मिलकर समाधान निकालें। रिश्ता हो या घर का कोई काम सबकुछ टीम वर्क में करें।

# अरेंज बनाम लव मैरिज, कौन सी शादी ज्यादा मजबूत और क्यों?



भारत में शादी सिर्फ दो लोगों का रिश्ता नहीं, बल्कि दो परिवारों और दो संस्कृतियों का मिलन होती है। लव मैरिज हो या अरेंज्ड, दोनों की अपनी-अपनी खूबियां और कमियां हैं। एक ओर जहां लव मैरिज में कपल्स एक-दूसरे को पहले से जानते और समझते हैं, वहीं अरेंज्ड मैरिज में रिश्ते की शुरुआत भरोसे और पारिवारिक निर्णय से होती है। लेकिन असली चुनौती शादी के बाद आती है जब सपनों और हकीकत के बीच का फासला रिश्तों की नींव को परखता है।

लव मैरिज हो या अरेंज मैरिज दोनों की अपनी चुनौतियां और फायदे होते हैं। इन चुनौतियों को भलीभांति जानकर तय करें कि आपको प्रेम विवाह करना है या अरेंज मैरिज करनी है।

### लव मैरिज की सबसे बड़ी चुनौतियां

लव मैरिज में सबसे बड़ी दिक्कत अक्सर परिवार और समाज की स्वीकार्यता होती है। जाति, धर्म, स्टेटस और परंपराओं का दबाव कई बार कपल्स को मानसिक तनाव देता है। इसके अलावा, रिश्ते में 'बहुत ज्यादा उम्मीदें' भी क्लैश की वजह बनती हैं। लेकिन अगर परिवार को साथ लिया जाए और रिश्ते को धैर्य व आपसी समझ से निभाया जाए, तो ये शादी लंबे समय तक मजबूत रह सकती है।

### अरेंज्ड मैरिज की चुनौतियां

अरेंज्ड मैरिज में कपल्स को एक-दूसरे को समझने का वक्त चाहिए। शुरुआती दौर में कम्युनिकेशन गैप, झिझक और भरोसा सबसे बड़ी दिक्कतें बनती हैं। इसके अलावा, अलग-अलग बैकग्राउंड और लाइफस्टाइल भी एडजस्टमेंट में कठिनाई लाते हैं। यहां धैर्य और संवाद ही रिश्ते को मजबूत बनाने का मंत्र है।

### दोनों में समान समस्याएं

लव और अरेंज्ड दोनों शादियों में इगो का टकराव, करियर का दबाव, वित्तीय प्रबंधन और ससुराल के साथ रिश्ता जैसी चुनौतियां आम हैं। असली फर्क इस बात से पड़ता है कि कपल्स इन मुश्किलों को कैसे संभालते हैं। एक-दूसरे को सुनना और समझना हर शादी में सबसे जरूरी है।

### रिश्ते निभाने के समाधान

नियमित बातचीत और ट्रांसपेरेंसी रखें।

एक-दूसरे की प्राथमिकताओं को समझें।

परिवार और पार्टनर के बीच बैलेंस बनाएं।

गुस्से में कोई निर्णय न लें।

छोटे-छोटे पलों को सेलिब्रेट करें।

ये साधारण लेकिन मजबूत आदतें हर शादी को खूबसूरत बना सकती हैं।

### लव या अरेंज, आखिर किसे चुनें?

लव मैरिज बेहतर है या अरेंज्ड, इसका कोई तय जवाब नहीं है। हर रिश्ता तब ही मजबूत होता है जब उसमें भरोसा, सम्मान और समझ हो। अगर कपल्स साथ में सीखते और बढ़ते हैं तो चाहे लव हो या अरेंज्ड, शादी जिंदगी का सबसे खूबसूरत रिश्ता बन सकती है।

# प्रेशर कुकर में नहीं पक रही है दाल तो अपनाएं ये आसान देसी हैक्स

कुकर में दाल नहीं गल रही तो जानें आसान देसी हैक्स और टिप्स जिनसे दाल झटपट पककर नरम और स्वादिष्ट बनेगी.

भारतीय रसोई में दाल हर रोज़ का अहम हिस्सा है. अक्सर लोग इसे प्रेशर कुकर में झटपट पका लेते हैं, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कितनी भी सीटी क्यों न लग जाएं, दाल नरम होकर गलती ही नहीं. ऐसे में खाना बनाना मुश्किल और टाइम-कन्ज़्यूमिंग लगने लगता है. असल में इसके पीछे कई छोटे-छोटे कारण छिपे होते हैं, जैसे दाल भिगोने का तरीका, पानी का तापमान या



मसालों का सही इस्तेमाल पर निर्भर कर सकता है.

दाल को भिगोकर रखेंः दाल को पकाने से पहले कम से कम 30 से 40 मिनट तक पानी में भिगोकर रखें। इससे दाल नरम हो जाती है और कुकर में जल्दी पकती है.

गरम पानी का इस्तेमाल करेंः अगर दाल जल्दी नहीं गल रही तो ठंडे पानी की बजाय गरम पानी डालें. गरम पानी दाल को जल्दी नरम करने में मदद करता है.

नमक बाद में डालेंः कई लोग दाल पकाते समय शुरू में ही नमक डाल देते हैं. इससे दाल सख्त हो जाती है और जल्दी नहीं गलती. नमक हमेशा दाल पक जाने के बाद डालें.

हल्दी और तेल डालेंः दाल पकाते समय उसमें हल्की सी हल्दी और एक चम्मच तेल डालें. इससे दाल जल्दी गलती है और स्वाद भी बढ़ जाता है.

बेकिंग सोडा का जादूः अगर दाल बहुत सख्त है, तो उसमें एक चुटकी बेकिंग सोडा डाल दें. यह दाल को झटपट नरम कर देता है.

कुकर का ढक्कन अच्छे से बंद करेंः कई बार कुकर का प्रेशर सही से नहीं बनता. ढक्कन और सीटी ठीक से फिट होने चाहिए, तभी दाल अच्छे से पकेगी.

पुराने दालों से बचेंः बहुत पुरानी दाल पकने में ज्यादा टाइम लेती है. कोशिश करें ताज़ी दाल का इस्तेमाल करने की, ताकि झटपट गलकर स्वादिष्ट बने.

# घर पर ऐसे बनाएं पारंपरिक मोदक स्वादिष्ट भोग से बप्पा भी होंगे प्रसन्न

गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर भगवान गणेश को भोग लगाने के लिए मोदक सबसे प्रिय माने जाते हैं। खासकर पारंपरिक उकडीचे मोदक का अपना एक विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। इनका मीठा स्वाद और नारियल-गुड़ की भरावन भगवान गणेश को प्रसन्न करती है और घर में सुख-समृद्धि लाती है।

अगर आप भी इस गणेश चतुर्थी पर घर पर ही स्वादिष्ट और पारंपरिक मोदक बनाना चाहते हैं, तो चिंता न करें। हम आपके लिए लाए हैं एक बेहद आसाv रेसिपी, जिसे फॉलो करके आप बिना किसी परेशानी के स्वादिष्ट मोदक तैयार कर सकते हैं।

### पारंपरिक मोदक बनाने का सामान

1 कप चावल का आटा

1 कप पानी

1 छोटा चम्मच घी

चुटकीभर नमक

### स्टफिंग के लिए जरूरी सामान

1 कप ताजा नारियल



(कद्दूकस किया हुआ)

3/4 कप गुड़ (कद्दूकस किया हुआ)

1/2 छोटा चम्मच इलायची पाउडर

1 छोटा चम्मच घी

### सबसे पहले स्टफिंग तैयार करें

मोदक तैयार करने के लिए आपकोसबसे पहले उसकी स्टफिंग तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक पैन में घी गर्म करें, उसमें कद्दूकस किया नारियल और गुड़ डालें। अब धीमी आंच पर इसे कम से कम 4-5 मिनट तक पकाएं। इतने समय में गुड़ पूरी तरह पिघल जाए और मिश्रण गाढ़ा हो जाएगा। जब इसका मिश्रण अच्छी तरह से तैयार हो जाए तो आखिर में इसमें इलायची पाउडर मिलाएं और ठंडा होने दें।

अब बारी आती है इसका आटा तैयार करने की तो सबसे पहले एक पैन में पानी, घी और नमक डालकर उबालें। उबाल आते ही उसमें चावल का आटा डालें और अच्छे से मिलाएं। ढककर 5 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर हल्का ठंडा होने पर नरम आटा गूंथ लें।

इसके बाद तैयारी करनी है मोदक बनाने की तो उसके लिए आटे की छोटी-छोटी लोइयां बनाएं और उसे मोदक के मोल्ड में किनारों की तरफ फिक्स करें। बीच में स्टफिंग रखकर मोल्ड को अच्छी तरह से बंद कर लें। इसके बाद स्टीमर या इडली कुकर में 10-12 मिनट तक मोदक को स्टीम करें। जब ये पक जाए तो इसमें घी लगाकर भगवान गणेश को भोग लगाएं।

# गर्लफ्रेंड या बीवी, किसे संभालना होता है ज्यादा मुश्किल?

इंसान के लिए सबसे जरूरी होता है कि वह अपने रिश्तों को कैसे संभालते हैं. खासकर अगर बात गर्लफ्रेंड और बीवी की हो तो इंसान को ज्यादा मुश्किल होता है. चलिए आपको इसके बारे में बताते हैं.

गर्लफ्रेंड या बीवी, दोनों को संभालना होता है बहुत



समझदारी और प्यार से क्योंकि ये रिश्ते हमारे जीवन के सबसे अहम भाग होते हैं. चलिए आपको बताते हैं कि इन दोनों में से किसको संभालना सबसे ज्यादा मुश्किल काम होता है और इससे आप कैसे निपट सकते हैं.

गर्लफ्रेंड के साथ रिश्ता शुरू होते ही हर चीज नई-नई और रोमांचक लगती है. इस दौरान वह बहुत ज्यादा संवेदनशील होती है, इसलिए उसे खुश रखने के लिए ध्यान, प्यार और समय देना बहुत जरूरी होता है ताकि वह अपने रिश्ते में सुरक्षित और खास महसूस करे.

वहीं बीवी के साथ रिश्ता ज्यादा लंबा और गंभीर होता है. शादी के बाद आपके ऊपर घर और परिवार की जिम्मेदारी भी आ जाती है. इसलिए बीवी को संभालना मतलब न केवल उस रिश्ते को बल्कि पूरे परिवार को समझना और संतुलन बनाए रखना होता है.

गर्लफ्रेंड कभी-कभी छोटी-छोटी बातों को लेकर जल्दी नाराज़ हो सकती है. ऐसे में धैर्य रखना और उसकी बातों को समझना बहुत जरूरी है ताकि अनबन न हो और आप दोनों के बीच प्यार बना रहे. उसे यह एहसास दिलाएं कि आप उसके लिए हमेशा हैं.

दूसरी तरफ बीवी के साथ रिश्ता इतना गहरा होता है कि इसमें भरोसा, सम्मान और सहनशीलता सबसे जरूरी भूमिका निभाते हैं. जिंदगी की रोजमर्रा की परेशानियों में भी साथ देना और समझदारी से काम लेना बीवी को खुश रखने के लिए बहुत अहम होता है.

दोनों रिश्तों में सबसे जरूरी चीज है भरोसा. बिना भरोसे चाहे गर्लफ्रेंड हो या बीवी, रिश्ता टिक नहीं सकता. भरोसे के बिना प्यार कमजोर पड़ जाता है और गलतफहमियां बढ़ती हैं, इसलिए इसे मजबूत बनाए रखना सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए.

गर्लफ्रेंड को खुश रखने के लिए अक्सर रोमांस और नई-नई चीजें करने की जरूरत होती है. ताजा और उत्साहपूर्ण माहौल बनाए रखना रिश्ते को जीवंत रखता है और एक-दूसरे के करीब लाता है. रोमांस में कमी आने पर रिश्ता ठंडा पड़ सकता है.

जबकि बीवी को संभालने के लिए आपको परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी तालमेल बिठाना पड़ता है. घर के कामों में सहयोग देना, सही समय पर समझौता करना और एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना घर-परिवार में खुशी और शांति बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी होता है.

# सास रोज मारती है ताना, पति भी नहीं करते फेवर? ऐसे बनाएं सबके दिल में जगह



शादी के बाद सास और बहू के बीच मनमुटाव होना आम बात है. अगर पति भी सास का ही पक्ष लें तो स्थिति और मुश्किल हो जाती है. ऐसे में झगड़े करने से बेहतर है कि समझदारी दिखाकर सबका दिल जीता जाए.

सास को प्रतिद्वंद्वी नहीं, परिवार का हिस्सा मानें. उन्हें यह एहसास कराएं कि आप उनकी इज्जत करती हैं. बात-बात पर ताने का जवाब देने की बजाय मुस्कुराकर टालना समझदारी है. इससे माहौल खराब नहीं होगा.

उनकी पसंद और नापसंद को समझें. अगर उन्हें चाय पसंद है, तो समय पर बना दें. ऐसे छोटे-छोटे काम उन्हें आपके करीब लाएंगे. यह जताएं कि आप घर की खुशियों में उनकी अहमियत समझती हैं.

घर के कामों में मदद करें और अपनी जिम्मेदारी खुद उठाएं. बिना कहे काम करने से सास को लगेगा कि आप घर को अपना मानती हैं. इससे उनका रवैया धीरे-धीरे बदल सकता है.

पति से शिकायतें कम करें और सास के साथ सीधे बात करने की कोशिश करें. अगर कोई गलतफहमी है, तो प्यार और सम्मान से उसे दूर करें. बहस करने से बचें क्योंकि इससे रिश्ते और बिगड़ सकते हैं.

परिवार से जुड़े फैसलों में सास की राय जरूर लें. उन्हें यह एहसास कराएं कि उनकी राय की अहमियत है. इससे उनमें आपके लिए सम्मान और अपनापन बढ़ेगा.

त्योहार, पारिवारिक फंक्शन या छोटे सेलिब्रेशन में उत्साह दिखाएं. सास को शामिल करके उनकी पसंद का ध्यान रखें. इससे रिश्ते में मधुरता आएगी और आपको परिवार में जगह मिलेगी. तनाव या गुस्से की स्थिति में शांत रहें. बहस करने के बजाय सही समय का इंतजार करें और बात को समझदारी से सुलझाएं. सास को गलत साबित करने से बचें, बल्कि समाधान खोजें. हमेशा सकारात्मक सोच रखें और धैर्य बनाए रखें. रिश्ते एक दिन में नहीं बदलते. प्यार, समझदारी और समय से सबके दिल में जगह बनाना आसान हो जाता है.

# वजन घटाना है लेकिन कुछ चटपटा भी खाना है तो ट्राई करें ओट्स से बनें ये पकवान

यदि आपको भी ओट्स पसंद हैं, लेकिन आप बोरिंग ओट्स खाते-खाते बोर हो गए हैं, तो यहां हम आपको दो ऐसे पकवानों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो ओट्स से ही बनते हैं। इन दोनों चीजों को आप आसानी से नाश्ते में तैयार कर सकते हैं। इन्हें बनाना भी काफी आसान है।

### ओट्स उपमा बनाने का सामान

ओट्स – 1 कप, पानी – 2 कप, प्याज – 1, हरी मिर्च – 1, जीरा – 1/2 टीस्पून

सरसों के दाने – 1/2 टीस्पून

करी पत्ते – 6-7

हरी सब्ज़ियां (मटर, गाजर) – 1/2 कप

नमक स्वादानुसार

तेल – 1 टेबलस्पून

हरा धनिया

### विधि

अब जान लेते हैं कि ओट्स उपमा कैसे बनाना है। उसके लिए सबसे पहले तो ओट्स को हल्का सा भून लें। भूनने के बाद इसका स्वाद भी काफी ज्यादा आता है। ओट्स को भूनने के बाद एक पैन में तेल गरम करें, उसमें जीरा, सरसों के दाने और करी पत्ते डालें।

जब जीरा भुन जाए तो पैन में बारीक कटा प्याज और हरी मिर्च उसमें डालें। प्याज भुनने के बाद पैन में सब्जियां डालकर 2-3 मिनट पकाएं। जब सब्जियां पक जाएं तो पैन में पानी और नमक डालकर उसमें उबाल आने दे। जब ये उबल जाए तो इसमें भुने हुए ओट्स डालें। अब इसे ढककर 5-7 मिनट तक रख दें, ताकि इसका पानी सूख जाए। जब पैन का पानी सूख जाए तो आखिर में इसमें धनिया पत्ती डालें और परोसें।

### 2. ओट्स इडली बनाने का सामान

ओट्स – 1 कप

सूजी (रवा) – 1/2 कप

दही – 1 कप

पानी – आवश्यकतानुसार

नमक – स्वादानुसार

इनो/बेकिंग सोडा – 1/2 टीस्पून

हरी मिर्च – 1

गाजर – 1/4 कप

धनिया पत्ता – 1 टेबलस्पून

तेल – थोड़ा

विधि : अब जान लेते हैं इस खास इडली को बनाने का तरीका क्या है। इसके लिए सबसे पहले ओट्स को ड्राई रोस्ट करके मिक्सर में पीस लें। अब एक बाउल में ओट्स पाउडर, सूजी और दही मिलाएं। इस दौरान मात्रा का ध्यान रखें। थोड़ा-थोड़ा पानी मिक्स करके घोल तैयार करें। ये घोल ज्यादा पतला या ज्यादा गाढ़ा नहीं होना चाहिए।

घोल तैयार होने के बाद इसमें नमक, हरी मिर्च, गाजर और धनिया मिलाएं। गाजर कद्दूकस की हुई होनी चाहिए, वरना इससे स्वाद बिगड़ जाएगा। अब इसे कुछ देर के लिए साइड में रख दें।

20 मिनट के बाद इसमें इनो डालें और इडली के सांचे को तेल से ग्रीस करने के बाद मिश्रण को सांचे में डालें। अब इसे बंद करके स्टीमर में कम से कम 15 मिनट के लिए रख दें। एक बार बीच में चाकू लगाकर चेक कर लें। अगर ये तैयार है तो इसे निकालकर चटनी और सांभर के साथ परोसें।

# ब्रिटिश सेना भर्ती में खराब दांत और मुंहासे बने अड़चन

## नहीं मिल रही नौकरी, सरकार के आंकड़ों ने चौंकाया

लंदन, 26 अगस्त (एजेंसियां)। ब्रिटेन की सेना के सामने नए अभ्यर्थियों की भर्ती में खराब दांत अड़चन बन रहे है। ब्रिटिश सेना ने बड़ी संख्या में दांतों की बीमारी की वजह से भर्ती खारिज की है।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, ब्रिटिश सेना ने पिछले चार वर्षों में खराब दांतों के कारण 173 इच्छुक सैनिकों को भर्ती से मना किया है। इन उम्मीदवारों की भर्ती मसूड़ों की बीमारी और दांतों की सड़न जैसी परेशानी के कारण नहीं की गई। इससे दांतों की बीमारी सेना भर्ती में बड़ी बाधा के तौर पर सामने आई है। वहीं मुहासों की वजह से भी भर्ती खारिज हुई हैं।

आंकड़ों के मुताबिक, साल 2020 और 2024 के बीच सेना ने 47,000 से अधिक आवेदकों को चिकित्सा आधार पर भर्ती करने से मना कर दिया। इनमें एक बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को दंत समस्या के चलते अयोग्य घोषित किया गया।

आंकड़े यह भी दर्शाते हैं कि इन चार साल में करीब 26,000 सेवारत कर्मियों को दातों के



इलाज की जरूरत पड़ी।

**दंत समस्या, युद्ध में लगी चोटों से अधिक**

फ्री प्रेस जनरल के मुताबिक, ब्रिटिश डेंटल एसोसिएशन के प्रवक्ता ने बताया कि अफगानिस्तान और इराक में युद्ध में लगी चोटों के मुकाबले में दांतों की समस्या सैनिकों के सामने बड़ी चुनौती बनी है।

कुछ मामलों में दांतों की समस्या इतनी बढ़ी कि बीमार सैनिकों को हेलीकॉप्टरों के जरिए दूरस्थ ठिकानों से कैंप बैस्टियन तक पहुंचाना पड़ा।

शोध से पता चलता है कि सेना में भर्ती होने वाले उम्मीदवारों में सामान्य आबादी की तुलना में दंत समस्याओं की संभावना दोगुनी होती है।

अध्ययन में पाया गया है कि तैनात प्रत्येक 1,000 सैनिकों में से 150 को दांतों के इलाज की जरूरत होती है।

इससे परेशान होने वाले लोगों की सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि भी खास रोल निभाती है। कमजोर तबके के सैनिकों को ये परेशानी ज्यादा होती है।

**स्किन की समस्या भी बढ़ी**

रक्षा मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि चिकित्सा आधार पर करीब आधे अस्वीकृत सैनिक मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण थे। दूसरों को त्वचा संबंधी समस्याओं जैसे मुंहासे, हृदय संबंधी समस्याओं, परागज ज्वर और प्रजनन संबंधी विकारों के कारण अयोग्य घोषित किया गया। ब्रिटिश सेना की भर्ती प्रक्रिया का प्रबंधन करने वाली भर्ती फर्म कैपिटा ने कहा कि मानक बेहद कठोर हैं। इसमें पेशेवर एथलीट भी असफल हो सकते हैं।

कैपिटा ने 2023-24 के लिए 9,813 भर्तियों का लक्ष्य रखा था। पिछले साल अप्रैल से अब तक केवल 5,000 ही भर्ती कर पाई है।

सेना की वर्तमान क्षमता 71,000 है। फिलहाल यह साल 2000 के 1,00,000 कर्मियों की तुलना में काफी कम है। रक्षा सचिव जॉन हीली ने कहा है कि सैनिकों की संख्या में गिरावट को रोकने में समय लगेगा।

# गाजा पर हमले से खुद के ही घर में घिरे नेतन्याहू

## सड़कों पर उतरे लोग, सरकार पर बढ़ा संघर्षविराम का दबाव

यरूशलेम, 26 अगस्त (एजेंसियां)। इस्राइल में गुस्सा और आक्रोश चरम पर है। मंगलवार को हजारों प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाए, सड़कों पर जाम लगाया और सरकार से गाजा में फंसे बंधकों की रिहाई के लिए तुरंत युद्धविराम करने की मांग की। प्रदर्शन ऐसे समय में हुए जब गाजा में इस्राइली हमलों ने 16 फलस्तीनियों की जान ले ली। वहीं, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा कैबिनेट की बैठक बुलाई, लेकिन यह साफ नहीं है कि वह युद्धविराम पर चर्चा करेंगे या नहीं।

यह विरोध प्रदर्शन गाजा के मुख्य अस्पताल पर हुए घातक हमलों के अगले दिन हुआ, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी। इनमें डॉक्टर, पत्रकार और मरीज शामिल थे। मृतकों में मशहूर पत्रकार मरियम डग्गा भी थीं, जिन्होंने कुछ दिन पहले भूख से तड़पते बच्चों पर रिपोर्टिंग की थी। यह हमला पूरी दुनिया में आलोचना का कारण बना और प्रेस स्वतंत्रता संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

# ट्रम्प समर्थक नेता ने फायरगन से कुरान को आग लगाई

## कहा- ईसाई देशों पर कब्जा कर रहे मुस्लिम, चुनाव जीती तो इस्लाम का खात्मा कर दूंगी

टेक्सास, 26 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के टेक्सास की रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार वैलेंटिना गोमेज ने सोशल मीडिया X पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कुरान (इस्लाम की पवित्र किताब) जलाते हुए नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो में वैलेंटिना कुरान को फायर गन से आग लगाते हुए कहती है, 'मैं टेक्सास में इस्लाम का खात्मा कर दूंगी, हे ईश्वर, मेरी मदद करो। मुसलमान, ईसाई देशों पर कब्जा करने के लिए बलात्कार और हत्याएं कर रहे हैं।'

वैलेंटिना ने लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा- मुझे संसद तक पहुंचने में मदद करो, ताकि तुम्हें कभी भी मुसलमानों के फेंके गए पत्थरों का सामना नहीं करना पड़े।' वो 2026 में टेक्सास के 31वें कांग्रेशनल डिस्ट्रिक्ट के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहीं हैं।

वैलेंटिना ने दिसंबर, 2924 में न्यूयॉर्क में डमी को गोली मारने का



नाटक भी किया था। जिसे उन्होंने अप्रवासी के प्रतिक के तौर पर रखा था। इसके साथ ही अमेरिकियों के खिलाफ हिंसक अपराध करने वाले प्रवासियों को सार्वजनिक रूप से फांसी देने की मांग की थी।

भड़काऊ बयानों के कारण उनके वीडियो हटा दिया गया और उन्हें इंस्टाग्राम से डिलीट कर दिया गया था।

इस पर वैलेंटिना ने कहा था कि उनके वीडियो पर प्रतिबंध और उनके अकाउंट को इनएक्टिव करना सभी को दिखाता है कि वे सत्ता के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं, क्योंकि वे जैसा देखती हूं वैसा ही कहती है। इसी समय उन्होंने एक वीडियो में एलजीबीटीक्यू+ किताबों को जलाने का वीडियो भी शेयर किया था। इसको लेकर उनका दावा है कि ये किताबें बच्चों पर बुरा असर डाल रही हैं।

हालांकि, उनकी ये हरकतें वोटरों का समर्थन नहीं जुटा सकीं और वह रिपब्लिकन प्राइमरी में केवल 7.4% वोट हासिल कर छठे स्थान पर रहीं थी।

अपनी चुनावी हार के बावजूद, गोमेज सोशल मीडिया पर एक्टिव हैं, जहां वे राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार जाहिर करती रहती हैं।

# यूनुस बोले- बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों को पालना मुश्किल

## देश की इकोनॉमी पर दबाव बढ़ रहा, म्यांमार भेजने के लिए दुनिया से मदद मांगी



ढाका, 26 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को कहा कि देश में रोहिंग्या समुदाय के लोगों को पालना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने कहा देश में 13 लाख से ज्यादा रोहिंग्या हैं।

यूनुस ने कहा- यह बांग्लादेश के साथ दुनिया के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। दुनिया को इस मुद्दे पर एक साथ आना चाहिए और रोहिंग्या मुस्लिमों को उनके घर वापस पहुंचाने में मदद करना चाहिए। म्यांमार में अगस्त 2017 से हो रही हिंसा के बाद रोहिंग्या समुदाय के लोगों ने देश छोड़ दिया था। इसके बाद वे भागकर कई देशों में जा बसे थे। सबसे ज्यादा लोग बांग्लादेश पहुंचे थे। तब शेख हसीना सरकार ने लाखों रोहिंग्या लोगों को शरण दी थी।

इस घटना के 8वें सालगिरह पर युनूस ने रोहिंग्याओं की घर वापसी के लिए 7 प्वाइंट का एक रोडमैप भी जारी किया। उन्होंने कहा कि शरणार्थियों के कारण बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण पर दबाव बढ़ गया है।

बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में 8 सालों से रह रहे रोहिग्या मुसलमानों ने 'रोहिंग्या नरसंहार स्मृति दिवस' मनाया । इस दौरान शरणार्थियों के हाथों में घर वापसी की तख्तियां थी। जिसपर लिखा था- नो मोर रिफ्यूजी लाइफ ( शरणार्थी जीवन अब और नहीं )। इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और डिप्लोमैट्स ने हिस्सा लिया।

**25 अगस्त 2017 को बांग्लादेश आए थे शरणार्थी**

म्यांमार के रखाइल प्रांत में अराकान सेना के दमन से बचने के लिए रोहिंग्या मुसलमान 25 अगस्त 2017 बांग्लादेश के भाग कर आए थे। इन्हें शेख हसीना की तत्कालीन सरकार ने कॉक्स बाजार में शरण दी थी।

उस समय करीब 70 हजार रोहिंग्या बांग्लादेश आए थे। वहीं 3 लाख से अधिक शरणार्थी पहले से ही बांग्लादेश में रह रहे थे। वर्तमान में कॉक्स बाजार में दुनिया का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर है।

रोहिंग्या मुस्लिम प्रमुख रूप से म्यांमार के अराकान प्रांत में बसने वाले अल्पसंख्यक हैं। इन्हें सदियों पहले अराकान के मुगल शासकों ने यहां बसाया था।

साल 1785 में बर्मा के बौद्ध लोगों ने देश के दक्षिणी हिस्से अराकान पर कब्जा कर लिया था।

# पाकिस्तान में बाढ़ ने मचाई तबाही

## भारत के रावी-सतलुज में पानी छोड़ने से सैकड़ों गांव जलमग्न, 1,50,000 को किया गया रेस्क्यू

इस्लामाबाद, 26 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा और पीओके समेत बड़े इलाके में बाढ़ भयावह रूप लेती जा रही है। लगातार भारी बारिश और भारत से नदियों में छोड़ गए पानी ने पाकिस्तान सरकार की मुश्किल बढ़ा दी है। भारत से सतलुज और रावी नदी में पानी छोड़े जाने के बाद पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन एजेंसी (एनडीएमए) ने बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

इसके बाद राहतकर्मियों ने करीब 1,50,000 लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में भेजा है। भारत की ओर से पाकिस्तान को पानी छोड़े जाने की जानकारी दे दी गई थी, इससे स्थानीय प्रशासन लोगों को निकालने के काम में जुट गया। भारत के माधोपुर हेडवर्क्स से रावी नदी में पानी का प्रवाह बढ़ गया है। सतलुज में छोड़े गए पानी ने दक्षिणी पंजाब के कुछ हिस्सों को जलमग्न कर दिया है।

# ब्रिटिश सैनिकों की लापरवाही से जंगल में लगी थी आग

## मुआवजे के एलान के बाद भी स्थानीय लोगों में नाराजगी

नैरोबी, 26 अगस्त (एजेंसियां)। केन्या में ब्रिटिश सेना द्वारा हुई बड़ी जंगल की आग को लेकर ऐतिहासिक फैसला आया है। ब्रिटेन की सरकार ने पहली बार स्थानीय लोगों को मुआवजा देने पर सहमति जताई है। सरकार 2.9 मिलियन पाउंड (करीब 3.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का भुगतान करेगी। यह भुगतान 2021 में ब्रिटिश सैनिकों की लापरवाही से लगी आग के कारण हुआ नुकसान भरने के लिए किया जा रहा है। हालांकि इस फैसले के बावजूद मुआवजे की रकम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस आग ने केन्या के लोलेडाइगा हिल्स में करीब 12,000 एकड़ जमीन को तबाह कर दिया था। मामले में 7,700 स्थानीय लोग और एक पर्यावरण संगठन ने सामूहिक याचिका दायर की थी। कोर्ट को बताया गया कि आग सैनिक के केरोसिन स्टोव से गलती से लगी थी। यह आग दो हफ्ते तक चलती रही, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और कई जानवर मारे गए। स्थानीय लोगों



का कहना है कि आग से निकले जहरीले धुएं ने कई लोगों की सेहत बिगाड़ दी, खासकर सांस और आंखों से जुड़ी बीमारियां हुईं। विशेषज्ञों ने बताया कि इस नुकसान की भरपाई में 30 से 50 साल तक लग सकते हैं।

ब्रिटिश सरकार ने शुरुआत में कहा था कि उसे केन्या की अदालतों में ट्रायल से छूट मिली हुई है। लेकिन हाई कोर्ट की जज कोसी बोर ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया कि जब ब्रिटेन ने रक्षा समझौते के तहत केन्या के साथ करार किया था, तब उसे स्थानीय अदालतों में छूट खत्म हो गई थी। यही वजह है कि पहली बार ब्रिटिश सेना के खिलाफ केन्या की अदालत में मामला चला और समझौते के तहत भुगतान तय हुआ। स्थानीय लोगों ने इसे भविष्य के लिए नजीर बताया है, हालांकि कई पीड़ितों ने कम मुआवजे पर निराशा जताई।

कई स्थानीय लोगों को इस मुआवजे के तहत केवल 129 पाउंड (करीब 22,500 केन्याई शिलिंग) दिए गए। जबकि उन्होंने 575 मिलियन पाउंड का दावा किया था। प्रभावित ग्रामीण चार्ल्स नडुंगू ने कहा कि मैं आग बुझाने में मदद कर रहा था और सबसे ज्यादा नुकसान भी मुझे हुआ। लेकिन इतना कम मुआवजा मिलना बेहद चौंकाने वाला है। स्थानीय लोग अब पारदर्शिता और न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं।

इस बीच ब्रिटिश सेना पर अन्य गंभीर आरोप भी लगे हैं। हाल ही में रिपोर्ट आई कि सैनिक केन्या के नान्युकी इलाके में यौन आचरण नियमों का उल्लंघन करते हुए वेश्यावृत्ति को बढ़ावा दे रहे हैं। ब्रिटेन की रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया कि सेना की ट्रेनिंग और रोक-टोक के बावजूद ऐसे मामले जारी हैं। इसके अलावा ब्रिटिश कोर्ट ने हाल ही में आदेश दिया है कि उन 11 सैनिकों की जानकारी साझा की जाए, जिन पर केन्याई महिलाओं के साथ संबंध बनाने और बच्चों के पिता बनने के आरोप हैं।

# ट्रम्प ने फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को हटाया

## घर खरीदने में फ्रॉड के आरोप लगे थे, कुक बोलीं- सही जानकारी जुटाकर जवाब दूंगी

वॉशिंगटन, 26 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फेडरल रिजर्व की गवर्नर लिसा कुक को उनके पद से हटा दिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इसकी जानकारी दी। लिसा कुक को 2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नियुक्त किया था।

उन्होंने कहा- लिसा कुक को तत्काल प्रभाव से फेडरल रिजर्व के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स से हटाया जा रहा है। इस कदम ने अमेरिकी केंद्रीय बैंक यानी फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को लेकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। माना जा रहा है कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है।

हाल ही में उनपर मॉर्गेज फ्रॉड (गृह ऋण में धोखाधड़ी) का आरोप लगा था। ये आरोप फेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी के डायरेक्टर बिल पुल्टे ने लगाए, जो ट्रम्प के कट्टर समर्थक और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के आलोचक माने जाते हैं।

बिल पुल्टे का आरोप है कि जून 2021 में लिसा कुक ने मिशिगन में एक प्रॉपर्टी खरीदी थी और 15 साल के मॉर्गेज एग्रीमेंट में इसे अपना प्रिंसिपल रेजिडेंस यानी मुख्य घर बताया था। इसके एक महीने बाद जुलाई 2021 में कुक ने जॉर्जिया के अटलांटा में एक और प्रॉपर्टी खरीदी और 30 साल के एग्रीमेंट में इसे भी अपना मुख्य घर बताया था। प्राइमरी रेजिडेंस के लिए मिलने वाले लोन में ब्याज दरें कम होती हैं, और इस तरह के



दावे से फायदा उठाने को मॉर्गेज फ्रॉड माना जा सकता है।

पुल्टे ने कहा- 'जो महिला अपनी ब्याज बचाने के लिए झूठ बोल रही है, वह ब्याज दरों को कंट्रोल करने की जिम्मेदारी कैसे ले सकती है?' पुल्टे ने 20 अगस्त को इस मामले को लेकर डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस (डीओजे) को एक क्रिमिनल रेफरल भेजा था। इसके बाद जस्टिस डिपार्टमेंट के वकील एड मार्टिन ने फेड चेयर जेरोम पॉवेल को पत्र लिखकर लिसा कुक को तुरंत हटाने की मांग की।

ट्रम्प ने भी इस मुद्दे को तूल देते हुए पहले कुक से इस्तीफा मांगा और फिर 22 अगस्त को ऐलान किया कि अगर कुक इस्तीफा नहीं देतीं, तो वह उन्हें बर्खास्त कर देंगे। आखिरकार, 26 अगस्त को ट्रम्प ने अपने वादे को अमल में लाते हुए कुक को हटा दिया।

कुक ने कहा था- मुझे पता चला कि एफएचएफए डायरेक्टर ने मेरे 4 साल पुराने मॉर्गेज एप्लिकेशन के आधार पर क्रिमिनल रेफरल बनाया है, जो कि मेरे फेड में शामिल होने से पहले का है।

# प्रॉपर्टी टैक्स वसूली पर निगम होगा सख्त

रायपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। रायपुर निगम ने संपत्तिकर वसूली में तेजी लाने के लिए बड़ा एक्शन प्लान तैयार किया है। अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल ने निर्देश दिया कि बड़े बकायादारों के खिलाफ वसूली और कुर्की की कार्रवाई तुरंत शुरू की जाए। वही हर हफ्ते रिपोर्ट पेश की जाए। उन्होंने कहा कि, अब समय पर संपत्तिकर जमा न करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बकायादारों को रोजाना 100 डिमांड बिल वितरण किया जाए। 31 अक्टूबर 2025 तक सभी वार्डों में 100% डिमांड बिल वितरण पूरा करने के के लिए कहा गया है ताकि आगे नोटिस और कार्रवाई में देरी न हो। अग्रवाल ने कहा कि सभी जोन कार्यालय रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ बैठक करें और सोसाइटी को संपत्तिकर जमा करने से जुड़ी जानकारी दें।

# पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को कोर्ट से मिली जमानत

## भ्रष्टाचार के आरोप में हुई थी गिरफ्तारी

कोलंबो, 26 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को मंगलवार को एक अदालत ने जमानत दे दी। उन्हें बीते शुक्रवार पुलिस की आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किया था। बता दें कि बीते शुक्रवार 22 अगस्त की रात रानिल विक्रमसिंघे को गिरफ्तार कर कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 26 अगस्त तक रिमांड पर जेल भेज दिया। इसके बाद उन्हें राजधानी कोलंबो की मैगजीन रिमांड जेल में रखा गया।

गिरफ्तारी के बाद पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की तबीयत बिगड़ गई। पहले उन्हें जेल अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें कोलंबो नेशनल हॉस्पिटल के आईसीयू में शिफ्ट किया गया। मामले में बताया गया कि उन्हें डिहाइड्रेशन की समस्या हो गई थी। मंगलवार को जब अदालत में सुनवाई हुई तो रानिल विक्रमसिंघे अस्पताल के आईसीयू से ही जूम के जरिए कार्यवाही में शामिल हुए। बता दें कि अदालत की कार्यवाही कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट निलुपुली लंकापुरा की अध्यक्षता में हुई। रानिल विक्रमसिंघे पर आरोप है कि उन्होंने 16.6 मिलियन श्रीलंकाई रुपये (एलकेआर) यानी करोड़ों रुपये सरकारी फंड से खर्च किए। यह रकम उन्होंने 2023 में लंदन यात्रा पर खर्च की थी। इस दौरान उन्होंने अपनी पत्नी मैत्री के विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। आरोप है कि यह निजी यात्रा थी और इसे सरकारी दौरे के नाम पर फंड किया गया।

पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिलि विक्रमसिंघे ने सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि यह यात्रा पूरी तरह आधिकारिक दौरा था, क्योंकि उन्हें यह निमंत्रण श्रीलंका के राष्ट्रपति होने के नाते मिला था, न कि निजी तौर पर। भारी सुरक्षा व्यवस्था और अदालत परिसर के बाहर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच, अदालत ने रानिल विक्रमसिंघे को जमानत दे दी।

# लिथुआनिया को मिला नया प्रधानमंत्री

## पूर्व मजदूर संघ नेता इंगा रुगिनिएने संभालेंगी सत्ता

विलनियस, 26 अगस्त (एजेंसियां)। लिथुआनिया की संसद ने मंगलवार को एक बड़ी राजनीतिक हलचल के बीच देश को नया प्रधानमंत्री दे दिया। मजदूर संघ की पूर्व नेता और 44 वर्षीय राजनेता इंगा रुगिनिएने को संसद ने 78 बनाम 35 मतों से देश का नया प्रधानमंत्री चुना। यह चुनाव उनसे पहले के प्रधानमंत्री गिंतौतास पलुकस के इस्तीफे के बाद हुआ है।

गिंतौतास पलुकस पिछले साल ही प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन उनकी छवि लगातार सवालों में रही। जुलाई में कई मीडिया रिपोर्टों में उनके पुराने और मौजूदा कारोबारी लेन-देन पर गंभीर आरोप लगे। इसमें वित्तीय गड़बड़ी



और पुराने मामलों से जुड़े आरोप शामिल थे। इन खुलासों के बाद देश की भ्रष्टाचार-रोधी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने आधिकारिक जांच शुरू कर दी। दबाव बढ़ने पर पलुकस ने जुलाई के अंत में पद छोड़ दिया।

इंगा रुगिनिएने मजदूर संघ परिसंघ की पूर्व प्रमुख रही हैं। पिछले साल आम चुनाव से ठीक पहले उन्होंने सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ज्वाइन की थी। इसके बाद वे पलुकस की सरकार में सामाजिक मामलों और श्रम मंत्री बनीं। अब वे सीधे प्रधानमंत्री पद तक पहुंच गई हैं। वहीं नई प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद इंगा रुगिनिएने ने संसद से कहा, 'हमारा मकसद स्थिरता बहाल करना है और यह सुनिश्चित करना है कि सरकार वही काम करे जो जनता ने उसे सौंपा है।'

लिथुआनिया के राष्ट्रपति गितानस नौसेदा ने संसद में इंगा रुगिनिएने को नामित करते हुए कहा कि वे समझौते की तलाश करने वाली, रचनात्मक वार्ताकार हैं। राष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि वह देश की राजनीति में स्थिरता लाएंगी।

# ज्वैलरी शॉप पर डकैती की योजना नाकाम

## रेलवे स्टेशन से 5 अंतरराज्यीय अपराधी गिरफ्तार, देशी कट्टा और गैस कटर बरामद

गिरिडीह, 26 अगस्त (एजेंसियां)। गिरिडीह पुलिस ने एक बड़ी डकैती को टालते हुए पांच अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ. बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के बाद कार्रवाई की गई।

जमुआ थाना क्षेत्र में डकैती की योजना की सूचना मिलने पर खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने जमुआ रेलवे स्टेशन के पास अभियान चलाया। पुलिस को देखकर आठ संदिग्ध भागने लगे। इनमें से पांच को पकड़ लिया गया, जबकि तीन फरार हो गए।

# पूर्व राष्ट्रपति दुतेर्ते को गिरफ्तार करने वाले पुलिस प्रमुख बर्खास्त

कुआलालंपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्दिनांद मार्कोस जूनियर ने अपने राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख को बर्खास्त कर दिया है। पुलिस प्रमुख ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के आदेश पर फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते और कथित बाल यौन तस्करी के लिए एफबीआई की वांछित सूची में शामिल प्रचारक अपोलो कैरियन क्विबोलोय को गिरफ्तार करके सुर्खियां बटोरीं थी। फिलीपींस के कार्यकारी सचिव लुकास बर्सामिन ने 2,32,000 सदस्यों वाले राष्ट्रीय पुलिस बल के प्रमुख पद से जनरल निकोलस टोरे को हटाने का कोई कारण नहीं बताया। टोरे को मई में ही राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख पद पर नियुक्त किया गया था और उनका कार्यकाल साल 2027 तक था।

**मनमानी कर रहे थे टोरे**

फिलीपींस सरकार ने टोरे की जगह वरिष्ठ पुलिस जनरल, जोस मेलेंसियो नार्टेज जूनियर को अगला पुलिस प्रमुख नियुक्त किया है। नार्टेज जूनियर ने मंगलवार को यह पदभार ग्रहण किया। वहीं पद से अचानक हटाए जाने के बाद निकोलस टोरे की तरफ से कोई बयान सामने नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि अपने निष्कासन से पहले, टोरे ने कथित तौर पर राष्ट्रीय पुलिस के एक दर्जन से अधिक शीर्ष पुलिस अधिकारियों को पद से हटा दिया था, इनमें मौजूदा पुलिस प्रमुख नार्टेज भी शामिल थे। इसे लेकर टोरे का सरकारी अधिकारियों के साथ मतभेद भी था। अब टोरे के निष्कासन के पीछे ये भी एक वजह मानी जा रही है। राष्ट्रीय पुलिस आयोग ने इसी महीने पुलिस अधिकारियों को उनके पदों पर बहाल करने का आदेश दिया था, लेकिन आयोग के आदेश के बावजूद तुरंत ऐसा नहीं किया गया था। जिससे सरकार के शीर्ष अधिकारी टोरे से नाराज थे।

टोरे को हटाए जाने का कारण पूछे जाने पर, सरकार के आंतरिक सचिव जोनविक रेमुल्ला ने बिना कोई खास जानकारी दिए कहा कि, 'निकोलस टोरे ने किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं किया है, उन पर कोई आपराधिक या प्रशासनिक आरोप भी नहीं लगाया गया है, यह केवल राष्ट्रीय पुलिस के लिए एक नई दिशा तय करने का राष्ट्रपति का फैसला है।' उन्होंने कहा कि 'हम कानूनों का देश हैं, लोगों का नहीं, और संस्थाएं उन्हें चलाने वाले लोगों से बड़ी होनी चाहिए।'

इस साल मार्च में, टोरे ने मनीला के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पूर्व राष्ट्रपति दुतेर्ते को गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा दुतेर्ते के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने के चलते हुई। 2022 में अपना छह साल का राष्ट्रपति कार्यकाल पूरा करने वाले दुतेर्ते पर, अपने कार्यकाल के दौरान अवैध ड्रग्स के खिलाफ क्रूर अभियान चलाने के लिए मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया गया है।

# छत्तीसगढ़ में बदहाल सड़कों पर हाईकोर्ट सख्त

## कहा-पीडब्ल्यूडी-एनएचएआई फौरन मरम्मत कराए, बिलासपुर में 4 साल में 107 मौतें

बिलासपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य की जर्जर सड़कों और लगातार हो रहे हादसों को लेकर एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे से लेकर बिलासपुर शहर की मुख्य सड़कों तक जगह-जगह गड्ढे और ब्लैक स्पॉट्स बने हुए हैं, जिनकी वजह से आए दिन जानलेवा हादसे हो रहे हैं।



हाईकोर्ट ने कहा कि अब सड़क मरम्मत में कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोर्ट ने आदेश दिया है कि सड़क सुधार के लिए तुरंत कार्ययोजना बनाई जाए। पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई को फौरन सख्त एक्शन लेने अगली सुनवाई तक रिपोर्ट पेश की जाए।

चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रवींद्र अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई समेत एनटीपीसी और एसईसीएल जैसे बड़े संस्थानों को भी जवाबदेह ठहराया है। हाईकोर्ट ने कहा कि सुधार केवल कागजों पर नहीं बल्कि ज़मीन पर दिखना चाहिए। हाईकोर्ट ने पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अफसरों को पर्सनल एफिडेविट भी पेश करने कहा है। साथ ही कोर्ट ने कवर्धा में 19 आदिवासियों की मौत और बिलासपुर में 4 साल में 107 मौतों के बाद विभागों और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है।

चीफ जस्टिस सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सड़कों की खराब हालत पर कहा कि बिलासपुर में पेंड्रीडीह से नेहरू चौक तक की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे और क्रेक्स उभर आए हैं, जिससे लगातार हादसों का खतरा बना रहता है। 2016 में बनी यह सड़क महज 9 साल में ही जर्जर हो रही है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि इसके साथ ही कई जगह ब्लैक स्पॉट बन गए हैं। डिवीजन बेंच ने कहा कि रिसर्च और रिपोर्ट का इंतजार किए बगैर ही तत्काल काम शुरू कराए। साथ ही यह भी बताने को कहा कि ब्लैक स्पॉट हटाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

दरअसल, सड़क हादसों में लगातार हो रही मौतों पर हाईकोर्ट ने चिंता जाहिर की है। पिछले साल कवर्धा जिले में पिकअप वाहन के खाई में गिरने से 19 आदिवासियों की मौत और पिछले चार सालों में सड़क हादसों 107 मौतों को लेकर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इसके साथ ही बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जगहों की जर्जर सड़कों को लेकर राज्य सरकार, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, परिवहन विभाग, एनएचएआई, एसईसीएल और एनटीपीसी समेत सभी संबंधित एजेंसियों को पक्षकार बनाते हुए जनहित याचिका की सुनवाई की जा रही है।

# झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र

## कार्यवाही शुरू होते सत्ता पक्ष ने लगाए 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे, विपक्ष का भी हंगामा

रांची, 26 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा के पूरक मानसून सत्र का आज तीसरा दिन हंगामे के साथ ही शुरू हुआ। सदन की जिन सीढ़ियों पर विपक्ष नारे लगाते दिखते थे, वहां आज सत्ता पक्ष के विधायक सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले नजर आए।

सदन की सीढ़ियों पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने SIR (महोदय) का विरोध किया। सभी ने एक सुर में कहा कि संविधान के अधिकार को केंद्र सरकार छीनना चाहती है।

**झारखंड सहित देश भर में लागू होगा SIR**

वहीं सत्ता पक्ष के SIR पर हो रहे विरोध पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि SIR झारखंड सहित पूरे देश में लागू होगा। वहीं विपक्ष की ओर से गोड्डा एनकाउंटर मामले को उठाया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही



शुरू होते ही सदन के भीतर प्रश्नकाल शुरू होने से पहले कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव उठे और कहा कि दलित, गरीब, पिछले लोगों के वोटिंग के अधिकार को भाजपा छिनना चाहती है।

इस दौरान 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे भी लगाए गए। वहीं सदन के भीतर विपक्ष भी हंगामा करता दिखा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही का जारी रखने को लेकर सदस्यों ने आग्रह किया। लेकिन बात नहीं बनी। सत्ता और विपक्ष हंगामा करते रहे। इसके बाद महज 3 मिनट के बाद ही सदन की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**सदन शुरू होते फिर हंगामा**

12 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही शून्यकाल में पक्ष और विपक्ष दोनों ने हंगामा किया। इसके बाद फिर विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामे को देखते हुए शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद फिर से सदन की कार्यवाही शुरू हुई। आज सदन में अतिवृष्टि पर विशेष चर्चा होनी है। लेकिन, विधानसभा सुचारू रूप से चलने की संभावना कम दिखाई दे रही है। क्योंकि सत्ता पक्ष ने कहा कि वह एसआईआर के विरोध में सदन के अंदर और बाहर प्रदर्शन जारी रखेगा। वहीं, विपक्ष ने भी अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने की बात कही है।

# धमतरी-गरियाबंद समेत 26 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

रायपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ के 26 जिलों में आज यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, गरियाबंद, धमतरी, कोंडागांव, बस्तर इन 7 जिलों में भारी बारिश के साथ बिजली गिरने, बादल गरजने और आंधी चलने का अलर्ट है। वहीं 19 जिलों में सिर्फ बिजली गिरने, बादल गरजने और आंधी चलने का ही अलर्ट है। कोरिया, जीपीएम, बिलासपुर, कबीरधाम, राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग इन सात जिलों में सामान्य रहेगा। बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बन सकता है, जो मानसूनी गतिविधियों को मजबूत कर सकता है। इस कारण छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर भारी बारिश और ओले भी गिर सकते हैं। पिछले 24 घंटे में सरगुजा, बस्तर और बिलासपुर संभाग के कई हिस्सों और रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है।

# पुल बने, पर रास्ता नहीं

## सीएजी रिपोर्ट में खुलासा, मॉल और अस्पताल भी बेकार, पेड़ और पशुओं की संख्या में गिरावट

रांची, 26 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन में पेश हुई नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) रिपोर्ट ने सरकार के कई विभागों की गंभीर लापरवाहियां और गड़बड़ियां उजागर कर दीं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के अनुपालन प्रतिवेदन में साफ कहा गया है कि करोड़ों रुपए की लागत से ली गई कई योजनाओं का आम जनता को कोई लाभ नहीं मिला।

सीएजी (कैग) रिपोर्ट के मुताबिक, पथ निर्माण विभाग ने सड़क चौड़ीकरण की एक योजना पर 19.15 करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन कार्यपालक अभियंता और भू-अर्जन पदाधिकारी के बीच समन्वय की कमी से रकम बर्बाद हो गई। इसी विभाग ने दामोदर और गवई नदी पर दो पुलों के लिए 15.09 करोड़ रुपए खर्च किए।




पुल तो बन गए, लेकिन पहुंच पथ का निर्माण नहीं हुआ, क्योंकि जमीन अधिग्रहण ही नहीं किया गया। नतीजा यह कि इस पुल का कोई उपयोग नहीं हो पाया। सीएजी ने बोकारो के चंदनकियारी प्रखंड में ग्रामीण विकास विभाग की एक योजना में 5.09 करोड़ रुपए की बर्बादी पकड़ी। इस राशि से बनी मॉल जैसी इमारत आज तक इस्तेमाल ही नहीं हुई। यही नहीं, विभाग ने वेब आधारित अकाउंट प्रबंधन प्रणाली पर 1.77 करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन यह प्रणाली अब तक काम ही नहीं कर रही है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने 2014 में 16 शीतगृह और छंटाई केंद्रों पर 3.67 करोड़ रुपए खर्च किए। लेकिन, एक दशक गुजरने के बाद भी इनमें काम शुरू नहीं हुआ। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने जमशेदपुर के धालभूमगढ़ में 50 बिस्तरों वाला अस्पताल 1.55 करोड़ रुपए खर्च कर बना दिया, पर तीन साल बाद भी बंद पड़ा है।

# मां को कुल्हाड़ी से काटा, शव के कई टुकड़े किए

## जशपुर में लाश के पास बैठकर गाया गाना, कमरे में फैला खून ही खून

जशपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में सोमवार को एक बेटे ने अपनी मां की बेरहमी से हत्या कर दी। बेटे ने मां पर कुल्हाड़ी से हमला किया। इसके बाद शव के कई टुकड़े कर दिए। हालांकि, हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। यह पूरी घटना कुनकुरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, महिला का नाम गुला बाई और आरोपी का नाम जीत राम यादव है। सोमवार सुबह बेटे ने अपनी मां पर कुल्हाड़ी से हमला कर मार डाला। फिर शव के पास बैठकर गाना गाने लगा। हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जिसके बाद पुलिस को मामले को मामले की जानकारी दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह आरोपी को हिरासत में लिया।

# छत्तीसगढ़ में 18 लोग बाढ़ में बहे, 5 मौतें

## 11 को बचाया, 2 की तलाश, बिलासपुर में देवी-दर्शन करने आया था परिवार, बीजापुर में नाव पलटी

बिलासपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सोमवार को बाढ़ में एक ही परिवार के 6 लोग बह गए, जिनमें से 4 बच्चों की मौत हो गई। इनमें से एक युवक की लाश मंगलवार को पुल से एक किलोमीटर दूर मिली है, जबकि 2 लोगों को किसी तरह बचा लिया गया।

बताया जा रहा है कि बलौदाबाजार जिले के ध्रुव परिवार के लोग मरहीमाता मंदिर दर्शन के लिए आए थे। लौटते वक्त ये हादसा हो गया। घटना कोटा थाना क्षेत्र की है। वहीं दूसरे मामले में पचपेड़ी थाना क्षेत्र के टांगर गांव में एक युवक लीलगर नदी में बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

वहीं, बीजापुर में इंद्रावती नदी में नाव पलट गई। तीन ग्रामीण और कुछ स्कूली बच्चियों समेत कुल 11 लोग सवार थे, जो धान मिलिंग कराने नलगोंडा आ रहे थे। इस हादसे में 11 में से 9 लोग सुरक्षित निकल आए, जबकि मां के साथ मनीषा (10) और शर्मिला उज्जी (11) नदी में डूब गईं। जिनकी तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

तीन अलग-अलग हादसों में कुल 18 लोग बह गए थे, जिनमें से 11 लोगों को बचा लिया गया है। 5 की मौत हो गई है। वहीं 2 बच्चियां लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है। इधर, बच्चों के शव को टेंगनमाड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पोस्टमॉर्टम की व्यवस्था नहीं होने के कारण देर रात कोटा भेजा गया। पीएम के बाद शवों को बलौदाबाजार भेज दिया गया है।

हादसे के दौरान परिवार की महिलाएं वहां पर मौजूद थीं। एक साथ बच्चों समेत चार लोगों को बहते देखकर परिवार की महिलाएं चीखने-चिल्लाने लगीं। परिवार के सदस्य सदमे में आ गए। इस दौरान महिलाएं बिलख-बिलखकर रोती रहीं।

गमगीन माहौल को देखते हुए महिलाओं को घर भेज दिया गया। इस हादसे की जानकारी मिलते ही बिटकुली और परसदा के कुछ लोग भी भनवारटंक पहुंचे।

भनवारटंक के पास स्थित नाला ज्यादातर सूखा रहता है। जब पहाड़ी और जंगल में बारिश होती है, तब उसमें पानी आता है। सोमवार को जंगल में हुई बारिश के कारण अचानक नाले में बाढ़ आ गया। हादसे के वक्त लगातार तेज बारिश हो रही थी, जिसके कारण पुलिस के पहुंचने में देरी हुई। बारिश की वजह से ही बचाव अभियान में रूकावट आई, जिसके चलते नाले में बहने वाले युवक और बच्चों की तलाश के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी।

# झोलाछाप-डॉक्टरों के पाइल्स के इलाज ने ली शख्स की जान

गरियाबंद, 26 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में झोलाछाप डॉक्टरों की लापरवाही के कारण एक ग्रामीण की मौत हो गई। पाइल्स के ऑपरेशन के दौरान मलद्वार की नस कटने से मरीज की जान चली गई। ओडिशा सीमा के 2 झोलाछाप डॉक्टर बबलू तांडी और संजू राजपूत इलाज कर रहे थे।

मरीज की हालत बिगड़ी तो दोनों डॉक्टर घर से भाग गए। बेटी ने देखा कि पिता तड़प रहा था। कुछ देर बाद ग्रामीण ने दम तोड़ दिया। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पेंड्रा गांव का है। जानकारी के मुताबिक, 24 अगस्त को पुरुषोत्तम ध्रुव को घर के बंद कमरे में इंजेक्शन लगाया गया था। दोनों झोलाछाप डॉक्टरों ने इलाज के लिए 30 हजार रुपए लिए थे।

मृतक के भाई धरमराज ध्रुव ने बताया कि पुरुषोत्तम को पाइल्स की परेशानी थी। वह अस्पताल जाकर इलाज कराने से झिझक कर रहा था। ऐसे में पंपलेट के जरिए संपर्क में आए दोनों झोलाछाप डॉक्टरों ने इलाज का भरोसा दिलाया। 20 अगस्त से इलाज शुरू हुआ, जिसकी कीमत 30 हजार रुपए तय की गई।

शुरुआती 2 दिन में 20 हजार रुपए नकद ले भी लिए गए थे। 23 अगस्त को जब एक बार फिर इलाज किया जा रहा था, तब दोनों डॉक्टरों ने परिजनों को कमरे से बाहर निकाल दिया। कहा कि इंजेक्शन लगाया गया है, मरीज आराम कर रहा है। इसके बाद उन्होंने बाकी 10 हजार की मांग की और फिर चुपचाप भाग निकले।

# बाघमारा में कोयला कारोबारी पर हमला

## पेट और पैर के अंगूठे में मारी गोली, तीन बाइक से आए थे हमलावर

धनबाद, 26 अगस्त (एजेंसियां)। धनबाद के बाघमारा प्रखंड के मंदरा पंचायत की मुखिया ललिता देवी के पति शंकर बेलदार पर सोमवार को अपराधियों ने फायरिंग कर दी। घटना बीसीसीएल बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के समीप डूमरा-फुलारीटांड़ सड़क पर घटी। बाइक सवार तीन अपराधियों ने शंकर पर लगातार तीन गोलियां चलाईं।

इसमें एक गोली उनके पेट में और दूसरी पैर के अंगूठे में लगी। गोली लगने के बाद घायल शंकर किसी तरह भागकर बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के परिसर में पहुंचे।

वहां मौजूद कर्मियों और गार्डों की मदद से उन्हें धनबाद स्थित एसजेएस अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है।

घटना की सूचना मिलते ही बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार, तोपचांची सर्किल इंस्पेक्टर, बरोरा, बाघमारा और कतरास थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया और प्रत्यक्षदर्शियों तथा कार्यालय के सुरक्षा गार्डों से पूछताछ की।



एसडीपीओ ने अस्पताल पहुंचकर शंकर से बयान लिया, जिसमें उन्होंने हमलावरों की पहचान संबंधी जानकारी दी। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने इसे आपसी रंजिश का मामला माना है।

अधिकारियों ने बताया कि एक संदिग्ध की पहचान कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

**विवाद के बाद मिली धमकी**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शंकर बेलदार पूर्व में मंदरा पंचायत के मुखिया रह चुके हैं। सोमवार दोपहर उनका विवाद विशु नामक युवक से हुआ था। विवाद के दौरान विशु ने शंकर को देख लेने की धमकी दी थी। पुलिस को जांच में पता चला है कि विशु पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह क्षेत्र के एक अवैध धंधेबाज का करीबी बताया जाता है। इसी कारण पुलिस उसे मुख्य संदिग्ध मानकर जांच कर रही है।

घटना के संबंध में जानकारी मिली है कि शंकर अपने घर से एक व्यक्ति के साथ बाइक पर बैठक के लिए डूमरा की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान तीनों अपराधी बाइक पर उनका पीछा करते हुए बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के समीप पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। घटना के बाद सभी अपराधी फरार हो गए।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि हमले में शामिल अपराधियों में से एक माटीगढ़ा का रहने वाला बताया जा रहा है।

फिलहाल पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# छत्तीसगढ़ के दो 'शेर', जिनके नाम से कांपते हैं नक्सली

रायपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ पुलिस के दो बहादुर अफसर लक्ष्मण केवट और रामेश्वर देशमुख को भारत सरकार शौर्य पदक से सम्मानित करेगी। दोनों अफसरों का नक्सलियों में खौफ है। इन दोनों ने कई नक्सल विरोधी अभियानों का नेतृत्व किया है, जिसमें दोनों अफसरों ने नक्सलियों को उनके गढ़ में घुसकर मारा। उनकी बहादुरी के लिए अब भारत सरकार उन्हें यह सम्मान दे रही है।

**दोनों के नाम की नक्सलियों में दहशत**

इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट और रामेश्वर देशमुख उत्तर बस्तर हो या दक्षिण बस्तर, नक्सलियों में इनके नाम की दहशत है। लक्ष्मण केवट ने 100 से ज्यादा नक्सल ऑपरेशन किए हैं, जिनमें अब तक 92 नक्सलियों को मार गिराया है। दूसरी तरफ रामेश्वर देशमुख ने भी 52 से ज्यादा नक्सलियों को ढेर किया है।

**29 नक्सलियों को किया था ढ़ेर**

एक रिपोर्ट के अनुसार, 16 अप्रैल 2024 को सुरक्षाबलों ने कलपर-हापाटोला इलाके में 29 नक्सलियों को मार गिराया था। यह नक्सलियों का मजबूत गढ़ माना जाता था। इस ऑपरेशन को केवट और देशमुख ने ही लीड किया था।

लक्ष्मण केवट और रामेश्वर देशमुख पखांजुर और भानुप्रतापपुर के थाना प्रभारी रहे हैं। उन्होंने नक्सलियों के खिलाफ कई बड़े ऑपरेशन किए। उनके नेतृत्व में टीम ने नक्सलियों को उनके इलाके में घुसकर मारा। लक्ष्मण केवट को पहले भी 6 बार राष्ट्रपति पदक और एक बार वीरता पदक मिल चुका है।

# ऑनलाइन पेमेंट करने पर ही मिलेगी शराब

## प्रदेश के सभी मदिरा दुकान होंगे कैशलेस फॉर्म हाउस में पार्टी पर एक्शन के निर्देश

रायपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में शराब दुकानों की व्यवस्था अब पूरी तरह केशलैस होने जा रही है। राज्य सरकार ने घोषणा की है कि जल्द ही सभी मदिरा दुकानों में केवल ऑनलाइन भुगतान से ही शराब खरीदी जा सकेगी।

आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने आबकारी विभाग की समीक्षा बैठक में इस व्यवस्था को लागू करने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री ने कहा कि, मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अब शराब दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और मुख्यालय से 24 घंटे निगरानी की जाएगी। साथ ही अवैध शराब और मादक पदार्थों के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए हैं।



**अवैध शराब की बिक्री पर होगी कार्रवाई**

बैठक में आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने यह भी कहा कि, होटल-ढाबे और फॉर्म हाउस में अवैध शराब की बिक्री और सेवन पर कड़ी नजर रखी जाए।

उन्होंने फॉर्म हाउस में शराब पार्टियों पर फौरन कार्रवाई के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान मंत्री ने मदिरा दुकानों की व्यवस्था, लाइसेंस प्रणाली, मार्केटिंग कॉरपोरेशन और बार-क्लब संचालन की समीक्षा की।

विभाग ने बैठक में राजस्व लक्ष्यों को हासिल करने की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की।

# दर्दनाक हादसा, नाले में डूबने से तीन बच्चों समेत चार की मौत

बिलासपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में नाले में डूबने से तीन बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई। जिले के बेलगहना पुलिस चौकी के अंतर्गत भनवारटंक स्थित मरहीमाता मंदिर दर्शन करने गए तीन बच्चों समेत चार लोगों की नाले में बहने से मौत हो गयी। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। तीन शव सोमवार को बरामद कर लिए गए थे जबकि चौथा शव मंगलवार सुबह बरामद हुआ है।

मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मृतकों में दो बलौदाबाजार-भाटापारा जिले तथा दो बिलासपुर जिले के हैं। तीनों बच्चों के शव कल सोमवार रात को बरामद कर लिए गए तथा चौथे व्यक्ति का शव मंगलवार की सुबह बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए कोटा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया है।

बेलगहना पुलिस चौकी के प्रभारी राज सिंह ने बताया कि बलौदाबाजार- भाटापारा जिले के बिटकुली गांव निवासी ध्रुव परिवार सोमवार को एक बस में सवार होकर भनवारटंक के मरहीमाता मंदिर में दर्शन करने आया था। बस में ध्रुव परिवार के बिलासपुर निवासी सदस्यों सहित लगभग 40 लोग सवार थे। सिंह ने बताया कि सोमवार को वह देवी दर्शन के बाद शाम को लगभग चार बजे मुख्य मार्ग में खड़ी बस की तरफ पैदल लौट रहे थे तब अचानक तेज बारिश शुरू हो गई।

उन्होंने बताया कि बारिश की वजह से आसपास की पहाड़ी का पानी तेजी से रास्ते में एक बरसाती नाले में आ गया।

# कैमरून में फंसे झारखंड के 17 मजदूर सुरक्षित घर लौटे

## वेतन न मिलने पर सोशल मीडिया पर लगाई थी मदद की गुहार

रांची, 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे झारखंड के 19 में से 17 मजदूरों की सुरक्षित स्वदेश वापसी हो गई है। ये मजदूर बोकारो और हजारीबाग जिले के रहने वाले हैं। सोमवार को सभी अपने घर पहुंच गए।

**सरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में मजदूरी के लिए गए थे कैमरून**

बताया गया है कि दो अन्य मजदूरों की वापसी 26 अगस्त को होगी। ये मजदूर एक एजेंसी के जरिए कैमरून में बिजली ट्रांसमिशन का काम करने वाली ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में मजदूरी करने ले जाए गए थे। इस कंपनी ने उनका चार महीने का वेतन रोक रखा था।

वेतन बंद होने से उनके सामने खाने-पीने और अन्य बुनियादी जरूरतों का संकट खड़ा हो गया था।

मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश साझा कर केंद्र एवं झारखंड सरकार से हस्तक्षेप और वतन वापसी कराने की गुहार लगाई थी।

झारखंड सरकार के श्रम विभाग ने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय को पूरे मामले से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई का आग्रह किया था।

मंत्रालय ने अफ्रीकी देश में स्थित दूतावास की मदद से मजदूरों की बकाया मजदूरी का भुगतान और उनकी स्वदेश वापसी सुनिश्चित कराई है।

सोमवार को घर लौटे मजदूरों में बोकारो के प्रेम टुडू, सिबोन टुडू, सोमर बेसरा, पुराण टुडू, रामजी हांसदा, विरवा हांसदा एवं महेन्द्र हांसदा और हजारीबाग के आघनू सोरेन, अशोक सोरेन, चेतलाल सोरेन, महेश मरांडी, रामजी मरांडी, लालचंद मुर्मू, फूलचंद मुर्मू, बुधन मुर्मू, जिबलाल मांझी, छोटन बासके और राजेंद्र किस्कू शामिल हैं।

दो मजदूर हजारीबाग के फूलचंद मुर्मू और बोकारो के बबलू सोरेन 26 अगस्त को लौटेंगे। विदेशों में मजदूरों के फंसने का यह कोई पहला मामला नहीं है। पहले भी कई बार अधिक वेतन के लालच में मजदूर विदेश जाकर मुश्किल हालात में फंस चुके हैं, जिनकी वापसी के लिए लंबी प्रक्रिया अपनानी पड़ी थी।



# बुरे फंसेगे ट्रंप, इन देशों के साथ मिल कर प्लान तैयार कर रहा भारत !



नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के तिआनजिन शहर में 31 अगस्त से शुरू हो रहे शंघाई सहयोग संगठन के सालाना सम्मेलन में इस बार एक खास राजनीतिक माहौल देखने को मिलेगा। इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक ही मंच पर मौजूद रहेंगे। ये सिर्फ एक आम बैठक नहीं, बल्कि दुनिया की ताकतों के बदलते समीकरणों का एक झलक है।

भारत, चीन और रूस मिलकर अमेरिका को ये साफ संदेश देना चाहते हैं कि अब दुनिया में सिर्फ अमेरिका की मनमानी नहीं चलेगी। जानकारों का कहना है कि भारत इस सम्मेलन में अमेरिका की हेकड़ी कम करने का भी प्लान बना सकता है, जिसमें उसे चीन और रूस का पूरा समर्थन मिलेगा।असल में, अमेरिका ने भारत पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाया है। 27 अगस्त यानी कल से भारत से अमेरिका जाने वाले सामान पर 50% टैक्स लगेगा। ट्रंप ने पहले 25% टैरिफ लगाया था, लेकिन बाद में रूस से तेल खरीदने के कारण 25% टैरिफ और लगा दिया गया। इतनी टैरिफ तो चीन पर भी नहीं लगाई गई है, जो फिलहाल भारत से भी ज्यादा तेल रूस से खरीद रहा है। ऐसे में भारत चाहता है कि बाकी देश मिलकर एक ऐसी ताकत बनाएं, जिसके सामने ट्रंप अपनी मनमानी थोपने से पहले कई बार सोचें।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करीब सात साल बाद चीन जा रहे हैं।

2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत-चीन के बीच रिश्ते तनावपूर्ण रहे। लेकिन अब सीमा विवाद के मसलों पर कुछ नरमी देखने को मिली है। दोनों देशों के बीच इस मुलाकात से उम्मीद की जा रही है कि वे सीमा पर सैनिकों की चरणबद्ध वापसी, व्यापार-वीजा नियमों में कुछ ढील, जलवायु परिवर्तन पर सहयोग और आम लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने जैसे कदम उठा सकते हैं। ये कदम भारत-चीन संबंधों में एक नई शुरुआत की नींव रख सकते हैं। शंघाई सहयोग संगठन की शुरुआत 2001 में छह देशों के साथ हुई थी, जो अब 10 स्थायी सदस्य और 16 संवाददाता और पर्यवेक्षक देशों तक पहुंच चुका है। पहले इसका मुख्य ध्यान सुरक्षा और आतंकवाद पर था, लेकिन अब ये आर्थिक और सैन्य सहयोग जैसे कई क्षेत्रों तक फैल गया है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि एससीओ का असल कामकाज उतना मजबूत नहीं है और ये ज्यादा दिखावा करता है। फिर भी चीन इस मंच का इस्तेमाल अमेरिका के खिलाफ अपनी वैश्विक रणनीति बनाने के लिए कर रहा है।पश्चिमी देशों द्वारा रूस पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों के बीच यह एससीओ सम्मेलन राष्ट्रपति पुतिन के लिए एक बड़ी कूटनीतिक सफलता साबित हो सकता है। ये उनके लिए रूस के बाहर एक दुर्लभ और लंबा दौरा होगा, जिसमें वे द्वितीय विश्व युद्ध की याद में होने वाली सैन्य परेड में भी हिस्सा लेंगे।

इस सम्मेलन में भारत, चीन और रूस के बीच तीनों तरफा बातचीत की भी संभावना है, जो इस बात का संकेत है कि ये देश पश्चिम के प्रभाव से अलग अपनी साझा रणनीति बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।

डोनाल्ड ट्रंप के समय भारत पर बढ़ाए गए व्यापारिक दबाव और नीतिगत तनाव ने नई दिल्ली को चीन के साथ रिश्ते फिर से सोचने पर मजबूर कर दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत एससीओ के विवादों को पीछे छोड़कर चीन के साथ बातचीत जारी रखना चाहता है, ताकि ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों की आवाज़ को और मजबूत किया जा सके। हालांकि, एससीओ में सदस्य देशों के बीच मतभेद भी कम नहीं हैं। भारत और पाकिस्तान के तनाव के कारण जून में हुई रक्षा मंत्रियों की बैठक में कोई साझा बयान नहीं निकल पाया था। साथ ही, भारत ने एससीओ के उस बयान का हिस्सा बनने से मना किया था, जिसमें ईरान पर हुए इजराइली हमलों की निंदा की गई थी।

फिर भी, इस बार का सम्मेलन यह बड़ा राजनीतिक संदेश देगा कि ग्लोबल साउथ के देश अब पश्चिम की शर्तों पर नहीं, बल्कि अपनी शर्तों पर आगे बढ़ने वाले हैं।

# भारत में 70,000 करोड़ का निवेश करेगी सुजुकी, 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंचा शेयर




नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर जापानी कंपनी सुजुकी के ग्लोबल प्रेसिडेंट तोशिहिरो सुजुकी ने कहा कि कंपनी अगले पांच से छह साल में भारत में 70,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी यह पैसा प्रोडक्शन बढ़ाने, नए मॉडल लॉन्च करने और भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए लगाएगी। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार बाजार है। मोदी ने हंसलपुर प्लांट में पहली ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई। सुजुकी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपनी हाइब्रिड कारों के लिए लिथियम-आयन बैटरी सेल का प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। यह बैटरी कारों को चलाने में मदद करेगी। मारुति सुजुकी अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी ई-विटारा को गुजरात प्लांट से 100 देशों में एक्सपोर्ट करेगी। सुजुकी मोटर के लिए भारत बिक्री और राजस्व के मामले में सबसे बड़ा बाजार है। देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी में इसकी बड़ी हिस्सेदारी है। मारुति सुजुकी भारत में सबसे ज्यादा कारें बेचती है।

**शेयरों में उछाल**

मारुति सुजुकी के शेयर की बात करें तो बाजार में गिरावट के बावजूद कंपनी का शेयर आज 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंच गया। बीएसई पर कंपनी का शेयर 1.82% तेजी के साथ 14721.30 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। कारोबार के दौरान यह 14721.30 रुपये तक गया जो इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर है। इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम स्तर 10,725 रुपये है।

# बढ़े टैरिफ के कारण तिरुपुर, नोएडा

## सूरत की निर्यात इकाइयों ने उत्पादन रोका, फियो ने जताई चिंता



नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने मंगलवार को भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका की ओर से लगाए गए ऊंचे शुल्कों पर गंभीर चिंता जताई है। संगठन ने कहा है कि तिरुपुर, नोएडा और सूरत में कपड़ा और परिधान विनिर्माताओं ने अमेरिका के बढ़े हुए टैरिफ शुल्कों के कारण लागत प्रतिस्पर्धा बिगड़ने के बीच उत्पादन रोक दिया है। 27 अगस्त से भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो जाएगा। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि इस कदम से भारतीय वस्तुओं का अपने सबसे बड़े निर्यात बाजार में प्रवाह बुरी तरह बाधित होगा। उन्होंने इस घटनाक्रम को एक झटका बताया और कहा कि इससे अमेरिका को भारत के निर्यात पर गंभीर असर पड़ सकता है। उनके अनुसार भारत के अमेरिका जाने वाले लगभग 55 प्रतिशत निर्यात (47-48 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के) पर अब 30-35 प्रतिशत की कीमत का नुकसान हो रहा है। रल्हन ने कहा कि भारत पर बढ़े हुए टैरिफ का फायदा चीन, वियतनाम, कंबोडिया, फिलीपींस और अन्य दक्षिण-पूर्वी व दक्षिण एशियाई देशों को मिलेगा। भारत के उत्पादन इन देशों के उत्पादों की तुलना में अप्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। उन्होंने कहा, फियो ने अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय मूल के सामानों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है - जिससे कई निर्यात श्रेणियों पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा, जो 27 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। उन्होंने आगे कहा कि तिरुपुर, नोएडा और सूरत में कपड़ा और परिधान निर्माताओं ने लागत प्रतिस्पर्धा में गिरावट के कारण उत्पादन रोक दिया है। रल्हन ने कहा कि यह क्षेत्र वियतनाम और बांग्लादेश के कम लागत वाले प्रतिद्वंद्वियों के सामने अपनी जमीन खो रहा है। राल्हन ने कहा कि चमड़ा, झींगा, चीनी मिट्टी, रसायन, हस्तशिल्प और कालीन जैसे श्रम-प्रधान निर्यात क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धात्मकता में तीव्र गिरावट का सामना करना पड़ेगा, विशेष रूप से यूरोपीय, दक्षिण-पूर्वी और मैक्सिकन उत्पादकों के मुकाबले। उन्होंने कहा, इन क्षेत्रों में देरी, ऑर्डर रद्द होना और लागत लाभ का समाप्त होना बड़ी समस्या है। टैरिफ पर वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए संगठन ने कहा है कि तत्काल सरकारी सहायता की आवश्यकता है। इसमें कार्यशील पूंजी और तरलता को बनाए रखने के लिए ब्याज अनुदान योजनाओं और निर्यात ऋण सहायता को बढ़ावा देना शामिल है। इस क्षेत्र को वर्तमान में कम ऋण लागत और आसान ऋण उपलब्धता की आवश्यकता है।

# ट्रंप के टैरिफ जारी होने से बाजार धड़ाम

## सेंसेक्स 849 अंक टूटा, निफ्टी 24800 के नीचे

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)।अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंताओं के चलते मंगलवार को प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे गिरकर 87.69 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने 27 अगस्त से लागू होने वाले भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ को लेकर चिंता के कारण आयातकों की ओर से डॉलर की मांग मजबूत हुई।

इसके अलावा विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और कमजोर वैश्विक रुख ने भी निवेशकों की धारणा को कमजोर किया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 255.70 अंक या 1.02 प्रतिशत गिरकर 24,712.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 278.15 अंक या 1.11 प्रतिशत गिरकर 24,689.60 के निचले स्तर पर आ गया। अमेरिका की ओर से भारत से होने वाले आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लागू करने के संबंध में मसौदा अधिसूचना जारी करने के बाद शेयर बाजार में हलचल पैदा हो गई। अमेरिका ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। इसके बाद रूसी तेल आयात को लेकर ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की। इससे कुल शुल्क 50% हो जाएगा। होमलैंड सुरक्षा विभाग द्वारा जारी मसौदा नोटिस के अनुसार, अतिरिक्त टैरिफ उन भारतीय उत्पादों पर लागू होंगे जो 27 अगस्त 2025 को पूर्वी डेलाइट समय के अनुसार रात्रि 12:01 बजे या उसके बाद उपभोग के लिए प्रवेश किए गए हैं, या उपभोग के लिए गोदाम से निकाले गए हैं। सेंसेक्स के शेयरों में सन फार्मास्युटिकल, टाटा स्टील, ट्रेंट, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, अडानी पोर्ट्स, टाइटन, बीईएल और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से पिछड़े रहे।

वहीं हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति सुजुकी इंडिया, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और अल्ट्राटेक सीमेंट को लाभ हुआ। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक नकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सोमवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.48 प्रतिशत घटकर 67.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर



संवत् -2082
शक संवत् -1947, ऋतु शरद
महावीर निर्वाण संवत् -2551

| | |
|---|---|
| | 05-22 बजे |
| | 07-29 बजे |
| | 09-35 बजे |
| | 11-45 बजे |
| | 13-58 बजे |
| | 16-05 बजे |
| | 17-55 बजे |
| | 19-33 बजे |
| | 21-09 बजे |
| | 22-54 बजे |
| | 00-54 बजे |
| | 03-07 बजे |

उत्तर - धनिया खाकर घर से निकले
चतुर्थी 15-44 तक उपरान्त पंचमी
भाद्रपद शुक्ल ,बुधवार 27 August
हस्त 06-04 तक उपरान्त चित्रा
शुभ 12-34 तक शुक्ल
विष्टी ( भद्रा) 15-44 तक उप बव
श्री गणेश चतुर्थी संवत्सरी पर्व जैन
भद्रा 15-45 तक

**राहुकाल 12-17 से 13-51 तक**

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात्रि का चौघड़िया |
|---|---|
| लाभ 06-04 - 07-36 शुभ | उत्पात 18-31 - 19-59 अशुभ |
| अमृत 07-36 - 09-10 शुभ | शुभ 19-59 - 21-25 शुभ |
| काल 09-10 - 10-44 अशुभ | अमृत 21-25 - 22-51 शुभ |
| शुभ 10-44 - 12-17 शुभ | चंचल 22-51 - 00-18 शुभ |
| रोग 12-17 - 13-51 अशुभ | रोग 00-18 - 01-44 अशुभ |
| उत्पात 13-51 - 15-25 अशुभ | काल 01-44 - 03-10 अशुभ |
| चंचल 15-25 - 16-59 शुभ | लाभ 03-10 - 04-36 शुभ |
| लाभ 16-59 - 18-31 शुभ | उत्पात 04-36 - 06-04 अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो,ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
आप आज अपने परिवहन के साधन से परेशान हो सकते हैं । अगर कहीं किसी महत्वपूरण काम के लिए जाना है तो अपने लिए वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था कर लें और कोई बैकअप योजना तैयार रखें । आज आप किसी भीतरी उलझन से परेशान हैं,लेकिन शांति बनाये रखें,यह समय जल्दी ही बीत जायेगा ।

**वृष** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
आज कर्म में आपका विश्वास और पक्का हो जाएगा । आप यह मान लेंगे कि कर्म का फल अवश्य मिलता है । आप दूसरों की तकलीफ समझते हैं । आप सबसे आगे चलते हुए अपने व्यक्तित्व की उदारता की भी नोट करेंगे । कोई आपसे मदद मांगेगा । प्रियजनों के साथ छोटी-मोटी यात्रा कर सकते हैं ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,)
दिन शांत रहेगा । पिछले सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी,जो अच्छी लगेगी । आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं ,इसीलिए अधिक मेहनत करें । कुछ अनापेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं ,उनसे आपको आश्चर्य तो जरुर होगा,लेकिन आप संतोषजनक तरीके से उन्हें सँभालने में कामयाब होंगे ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
लम्बे समय के बाद आज आपको रहत महसूस होगी । किसी महत्वपूर्ण खबर से ख़ुशी मिलेगी । यदि माता-पिता हैं तो बेटे/बेटी के लिए सुयोग्य वर मिल सकता है । किसी लंबित अदालती मामले का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है । करियर के मामले में छोटे से प्रयास से बड़ी सफलता मिलनी तय है ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
समय कुछ बहादुरी भरे कदम उठाने का है,इसमें हिचकिये मत । इसके स्थान पर ,मजबूत फैसला लीजिये । अवसरों को जाने मत दीजिये । इस समय विश्वास पूर्वक लिया गया एक फैसला नाटकीय तरीके से आपकी जिंदगी को बदल सकता है,शायद आपको अभी ये प्रतीत न हो । पुराने संबंधों के बारे में फिर से सोचने और अर्थहीन संबंधों को तोड़ देना ही सही रहेगा ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज आपको कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलेंगी । लेकिन चिंता ना करें,सब अच्छी खबरें होंगी । जिन कई चीजों के लिए आप लम्बे समय से कोशिश कर रहे थे,वे आज पूरी होने वाली हैं । जिन कोशशों को आप अपनी और से व्यर्थ मान चुके थे,वे अंतत आज सफल होंगी । इसीलिए आज दोस्तों और परिजनों के साथ खुशियाँ मनाएं ,हो सकता है कि उनके पास भी आपको सुनाने के लिए कोई अच्छी खबर हो ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
आप आज अनजाने तथ्यों के साथ सहज महसूस नही करेंगे । इसलिए आप प्रयोग ना करते हुए जानी –पहचानी राहों पर ही आगे बढने की कोशिश करेंगे । आपके सामने नए अवसर आयेंगे ,लेकिन आप उनमे से भी उसी को चुनेंगे जिससे आप भली-भांति परिचित हैं । इस समय का उपयोग अपना पिछला बचा हुआ काम निपटाने के लिए करें ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आज के दिन आपसे बहुत सारी अपेक्षाएं रहेंगी । आप अपने वर्त्तमान घर या नौकरी में बदलाव का फैसला ले सकते हैं । कशमकश में न रहें , बदलाव होना अच्छा ही रहेगा । आपको किसी ऐसे आदमी से बात करके अप्रत्याशित सहायता मिल सकती है जो चुपचाप आपकी भलाई चाहता रहा है ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आपके मन में कुछ ऐसा चल रहा है जिससे आप परेशानी महसूस कर रहे हैं,आप पिछली कुछ बातों के बारे में सोचकर परेशान हैं । अपने किसी करीबी दोस्त या सम्बन्धी के साथ अपनी भावनाएं बांटिये,आपको काफी अच्छा महसूस होगा । ये सारी घटनाएँ आपको मजबूत बनाने के लिए हैं ।

**मकर** (भो, ज, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आप एक आशावादी व्यक्ति हैं और आज यह बात सबको जान्ने देने और इससे लाभ उठाने का दिन है । इससे आपकी छवि एक प्रेरणात्मक वक्ता की बनेगी,जिसकी कोशिश आप लम्बे समय से करते आ रहे हो । समाज में आपके सम्बन्ध जिन लोगों के साथ बहुत अच्छे नही हैं ,उनके साथ भी आपके संबंधों में अब सुधार आना शुरू हो जाएगा ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
आज आपके सब कामों और विचारों में एकाग्रता और शांति रहेगी । आप किसी विवाद से प्रभावित नही होंगे ,दरअसल कार्यस्थल पर भी ऐसी स्थिति बन सकती है कि आपको शान्तिदूत बनना पड़े । घर के सुधार का कोई कार्यक्रम बना सकते हैं या अपने घर की समस्याओं को सुलझाने या संबंधों को बेहतर बनाने के लिए काम कर सकते हैं ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आज आप जो भी कुछ शुरू करेंगे ,उसमे चाहे कितनी ही बाधाएं आयें,आपको सफलता मिलनी तय है । दिन के अंत तक आप दूसरों से फिर से बेहतर सम्बन्ध बना पायेंगे । अपनी प्रकृति में एक जरुरी बदलाव लायें-हर सम्बन्ध में केवल अधिकार जताने की कोशिश में ना रहें । सबको बराबरी का दर्जा दें और आपको भी बदले में सबसे प्यार मिलेगा ।


श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# मजबूत मांग के बीच चांदी 3000 रुपये उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर पर, सोना 600 रुपए चढा



नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मजबूत वैश्विक रुख के कारण मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 500 रुपए बढ़कर 1,00,400 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमतें 3,000 रुपये की तेजी के साथ 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को हटाने के फैसले के असर पड़ा। निवेशकों द्वारा पारंपरिक सुरक्षित निवेश की ओर रुख करने से सोने की कीमतों में तेजी आई। इस फैसले से केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।गांधी ने कहा कि इसके अलावा, राष्ट्रपति ट्रम्प की कार्रवाई ने फेड के नेतृत्व पर ब्याज दरों को शीघ्र कम करने के लिए अतिरिक्त दबाव डाला है। यह एक ऐसा कदम है जो आमतौर पर गैर-उपज वाले सोने को लाभ पहुंचाता है।वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.37 प्रतिशत बढ़कर 3,378.37 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं हाजिर चांदी 0.21 प्रतिशत गिरकर 38.48 डॉलर प्रति औंस पर आ गयी।कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी कमोडिटी रिसर्च कायनात चैनवाला ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा फेड गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त करने के बाद अमेरिकी केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर चिंताओं के बीच डॉलर में फिर से कमजोरी आने से हाजिर सोने में तेजी आई।

# रिचर्ड वर्माल्ड होंगे नए मुखिया, मास्टरकार्ड एशिया के नेतृत्व में किया गया बदलाव




नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)।वैश्विक भुगतान नेटवर्क कंपनी मास्टर्कार्ड ने रिचर्ड वर्माल्ड को एशिया प्रशांत का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति 1 जनवरी, 2026 से प्रभावी होगी। रिचर्ड वर्तमान में ऑस्ट्रेलेशिया के डिवीजन अध्यक्ष हैं। वे एरी सरकार का स्थान लेंगे। एरी 2025 के अंत में एशिया प्रशांत के अध्यक्ष पद से हट जाएंगे। एक दशक से अधिक समय तक इस पद पर रहने के बाद, एरी सलाहकार पद पर आएंगे। यहां वे रणनीतिक पहलों पर ध्यान केंद्रित करेंगे और सुचारु परिवर्तन के लिए क्षेत्रीय नेतृत्व को सलाह देंगे। एरी ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में मास्टरकार्ड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने इसके विस्तार को बढ़ाने के साथ-साथ साझेदारियों को मजबूत किया है और सहयोगात्मक संस्कृति को बढ़ावा दिया है।कंपनी ने कहा कि सुचारू परिवर्तन के लिए, एरी और रिच आने वाले महीनों में मिलकर काम करेंगे। साथ ही संयुक्त उपस्थिति और साझा संचार के माध्यम से विभिन्न बाजारों के हितधारकों के साथ जुड़ेंगे।मास्टरकार्ड ने यह भी घोषणा की कि पॉल मोनिंगटन जनवरी 2026 में ऑस्ट्रेलेशिया के डिवीजन अध्यक्ष के रूप में कंपनी में शामिल होंगे। वे वर्माल्ड का स्थान लेंगे। मॉनिंगटन के पास खुदरा भुगतान और फिनटेक नवाचार में व्यापक अनुभव है।

# चीन ने कर दिया दोस्त पाकिस्तान के साथ खेल

नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। चीन और पाकिस्तान के बीच दोस्ती काफी चर्चित है। चीन ने पाकिस्तान की आर्थिक तौर पर काफी मदद की है। चीन अपने कई प्रोजेक्ट पाकिस्तान की मदद से वहां बना रहा है। इसके लिए चीन ने पाकिस्तान को खूब सारा पैसा दिया है। वहीं चीन ने पाकिस्तान की भी उसके कई प्रोजेक्ट में मदद की है। लेकिन अब कुछ बदला-बदला नजर आ रहा है।

मामला पाकिस्तान के एक रेल प्रोजेक्ट से जुड़ा है। चीन ने साल 2015 में पाकिस्तान में 60 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया था। यह बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का हिस्सा था। इसमें रेलवे को सुधारना भी शामिल था। 1800 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक को ठीक करने की योजना थी। लेकिन दस साल बीत जाने के बाद भी चीन से पैसा नहीं मिला। पाकिस्तान पर पहले से ही चीन के प्रोजेक्ट्स का कर्ज है, जिसे चुकाना मुश्किल हो रहा है। पाकिस्तान के रेलवे सिस्टम को सुधारने के लिए अब एशियन डेवलपमेंट बैंक आगे आएगा। चीन से फंडिंग में देरी की वजह से एकडीबी को यह जिम्मेदारी दी जा रही है। खबर है कि एडीबी कराची से रोहरी तक 500 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक को सुधारने के लिए 2 अरब डॉलर देगा। सूत्रों के अनुसार एडीबी इस प्रोजेक्ट को जल्द ही शुरू करेगा। यह रेलवे लाइन रेको डिक माइन से तांबे को लाने के लिए बहुत जरूरी है। रेको डिक माइन को कनाडा की कंपनी बैरिक माइनिंग कॉर्प बना रही है। एडीबी ने अभी तक यह नहीं बताया है कि वह पैसा देगा या नहीं, लेकिन उसने कहा है कि वह पाकिस्तान के साथ रेलवे को सुधारने के बारे में बात कर रहा है। उम्मीद है कि इस महीने एडीबी एक ग्रुप बनाएगा और दुनिया भर से इंजीनियरिंग कंपनियों को बुलाकर काम करवाएगा। सूत्रों के अनुसार, इस बारे में चीन से बात हो चुकी है। चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर में अब ज्यादा काम नहीं हो रहा है। आखिरी बड़ा प्रोजेक्ट साल 2022 में पूरा हुआ था। पाकिस्तान को चीन के बनाए पावर स्टेशनों के पैसे चुकाने में भी परेशानी हो रही है और वह कर्ज को कम करने की कोशिश कर रहा है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि अगर रेलवे लाइन नहीं सुधरी तो बहुत बड़ी दिक्कत हो जाएगी। रेको डिक से तांबा निकालने में बहुत परेशानी होगी। पहले से ही यह लाइन बहुत खराब है और इस पर और ज्यादा दबाव पड़ेगा। रेको डिक तांबे और सोने की खदान पाकिस्तान के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# थोक-खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं की स्टॉक सीमा घटी

## कीमतों पर नियंत्रण के लिए लिया गया फैसला



नई दिल्ली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने मंगलवार को जमाखोरी पर अंकुश लगाने और मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाने के लिए थोक विक्रेताओं, छोटे और बड़े खुदरा विक्रेताओं और प्रसंस्करणकर्ताओं के लिए गेहूं भंडारण मानदंडों को और कड़ा कर दिया। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आगामी त्योहारी सीजन से पहले गेहूं की कीमतों को नियंत्रित करने के निरंतर प्रयासों के तहत, केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक लागू गेहूं स्टॉक सीमा को संशोधित करने का फैसला किया है। संशोधित मानदंडों के अनुसार, थोक विक्रेताओं को 3,000 टन के स्थान पर 2,000 टन तक गेहूं का स्टॉक रखने की अनुमति है, खुदरा विक्रेता प्रत्येक दुकान पर 10 टन के स्थान पर 8 टन गेहूं रख सकते हैं, जबकि बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेता प्रत्येक दुकान पर पहले के 10 टन के स्थान पर आठ टन गेहूं रख सकते हैं। प्रोसेसरों को अपनी मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत के स्थान पर 60 प्रतिशत को बनाए रखने की अनुमति दी जाएगी। 2025 में, सरकार ने गेहूं के स्टॉक की सीमा को दो बार संशोधित किया। पहली बार 20 फरवरी को, व्यापारियों के लिए सीमा को घटाकर 250 टन और प्रति खुदरा दुकान चार टन कर दिया गया। उसके बाद 27 मई को, व्यापारियों के लिए सीमा को बढ़ाकर 3,000 टन और प्रति खुदरा दुकान 10 टन कर दिया गया। नवीनतम आदेश 31 मार्च, 2026 तक वैध है। इससे पहले, केंद्र ने 12 जून, 2023 को स्टॉक सीमा लागू की थी, जो 31 मार्च, 2024 तक प्रभावी थी। 24 जून, 9 सितंबर और 11 दिसंबर, 2024 को इसमें संशोधन किया गया था, जिसका उद्देश्य कीमतों को स्थिर करना और जमाखोरी पर अंकुश लगाना था। मंत्रालय ने कहा कि सभी गेहूं भंडारण संस्थाओं को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल (https://foodstock.dfpd.gov.in) पर पंजीकरण कराना होगा और प्रत्येक शुक्रवार को स्टॉक की स्थिति को अपडेट करना होगा। यदि संस्थाओं के पास स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है, तो उन्हें अधिसूचना जारी होने के 15 दिनों के भीतर मात्रा को निर्धारित स्टॉक सीमा तक लाना होगा। यदि कोई इकाई पोर्टल पर पंजीकृत नहीं पाई गई या स्टॉक सीमा का उल्लंघन करती पाई गई तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अन्य कल्याणकारी योजनाओं और बाजार हस्तक्षेप की आवश्यकता को पूरा करने के लिए गेहूं की पर्याप्त आपूर्ति है। देश ने फसल वर्ष 2024-25 में 117.50 मिलियन टन का रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन और विपणन वर्ष 2025-26 में 30.03 मिलियन टन की खरीद हासिल की। खाद्य मंत्रालय देश में कीमतों को नियंत्रित करने और आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेहूं के स्टॉक की स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है।

# गणपति स्थापना के लिए रहेंगे दो मुहूर्त

# स्थापना और पूजा की विधि

| सुबह | दोपहर |
|---|---|
| 11:10 से दोपहर 12:30 तक | 3:45 से शाम 6:45 तक |



### गणेशजी के 12 मंत्र

ॐ सुमुखाय नम:
ॐ एकदंताय नम:
ॐ कपिलाय नम:
ॐ गजकर्णाय नम:
ॐ लंबोदराय नम:
ॐ विकटाय नम:
ॐ विघ्ननाशाय नम:
ॐ विनायकाय नम:
ॐ धूम्रकेतवे नम:
ॐ गणाध्यक्षाय नम:
ॐ भालचंद्राय नम:
ॐ गजाननाय नम:

### मिट्टी के गणेश पवित्र होते हैं

मिट्टी में स्वाभाविक पविलता होती है। इसमें भूमि, जल, वायु, अग्नि और आकाश का अंश होता है। इन पंचतत्वों के कारण मिट्टी को पवित्र माना जाता है। देवी पार्वती ने मिट्टी का ही पुतला बनाया था, शिवजी ने उसमें प्राण डाले। वो ही गणेश बने।

### नदी या पेड़ के नीचे की मिट्टी से बनाएं गणेश

गंगा या किसी भी पवित्र नदी की मिट्टी ले सकते हैं। शमी या पीपल के पेड़ के नीचे की मिट्टी से मूर्ति बना सकते हैं। जहां से भी मिट्‌टी लें, वहां ऊपर से चार इंच की मिट्टी हटाकर, अंदर की मिट्टी इस्तेमाल करें।

### घर में बैठे हुए गणेश की मूर्ति, 9 इंच से बड़े नहीं हो

घर में हथेली भर के गणेशजी स्थापित करने चाहिए। ग्रंथों के बताई गई माप के मुताबिक घर में रखने वाली मूर्ति 12 अंगुल यानी तकरीबन 7 से 9 इंच तक की हो। इससे ऊंची नहीं होनी चाहिए। मंदिरों और पंडालों के लिए इस तरह का कोई नियम नहीं है। बैठे हुए गणेश घर के लिए, खड़े गणपति ऑफिस, दुकान, कारखानों के लिए शुभ होते हैं।

27 अगस्त, यानी आज गणेश चतुर्थी है। इस दिन, चित्रा नक्षत्र, बुधवार और भाद्रपद महीने की चतुर्थी तिथि से शुभ संयोग बन रहा है।

गणेश जी के सिद्धि विनायक रूप की पूजा हर मांगलिक काम से पहले होती है। माना जाता है गणेश जी का ये रूप सुख और समृद्धि देने वाला होता है। इनकी पूजा से हर काम में सफलता मिलती है। इसलिए इन्हें सिद्धि विनायक कहते हैं।

**शिव पुराण: देवी पार्वती ने शरीर के मैल से बनाए गणेश**

देवी पार्वती ने नहाने से पहले अपने शरीर के मेल से एक बच्चे का पुतला बनाया और उसमें प्राण डाले। देवी ने उसे द्वारपाल बनाकर आज्ञा दी कि कोई भीतर न आए। जब शिव आते हैं तो बालक उन्हें रोकता है। शिव और उस बालक के बीच युद्ध होता है। शिव अपने त्रिशूल से उस बच्चे का सिर काट देते हैं। बच्चे को देख पार्वती दुखी होती हैं। उनके गुस्से से सृष्टि को बचाने के लिए बच्चे के शरीर पर हाथी का सिर लगाया जाता है और उसे फिर से जीवन दिया जाता है। शिव बच्चे को गजानन नाम और प्रथम पूज्य होने का वरदान देते हैं।

**लिंग पुराण: शिवजी ने प्रकट किया गणेश को, विघ्नेश्वर कहलाए**

देवगण बृहस्पति के साथ शिव से प्रार्थना करते हैं कि अधर्मियों के कामों में विघ्न डालने वाला एक देव रूप दें, जिससे धर्मात्मा सुखी हों। तब शिव ने गणेश्वर को प्रकट किया। पार्वती उन्हें गजानन रूप देती हैं। शिव पुत्र-जन्म के संस्कार कराते हैं और वरदान देते हैं कि तीनों लोक में सबसे पहले तुम्हारी पूजा होगी। साथ ही तुम विघ्नेश्वर और विनायक कहलाओगे। तुम्हारे गण अधर्मियों के कामों में रुकावटें पैदा करेंगे। इसके बाद गणेश अपने विघ्न-गणों की स्थापना करते हैं।




**वराह पुराण : रूद्र से प्रकट हुए गणेश, विनायक नाम पड़ा**

ऋषि मुनियों की पूजा में आसुरी शक्तियां रुकावट डाल रही थीं। ऐसे में देवता और पितर कैलाश जाकर शिव से उपाय मांगते हैं। शिव देवी पार्वती को देखते हुए विचार करते हैं कि मेरी देह पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु में तो है, लेकिन आकाश में क्यों नहीं और हंस पड़ते हैं। रूद्र के इस भाव से तेजस्वी बालक प्रकट होता है। उसे देखकर पार्वती मुग्ध हो जाती हैं। इस पर रूद्र को गुस्सा आता है और वो बालक को श्राप देते हैं कि तुम्हारा मुंह हाथी जैसा हो जाए, पेट बड़ा हो जाए और तुम्हारी जनेऊ नाग बन जाए। तब ब्रह्मा आकर कहते हैं जो रुद्र के भाव से उत्पन्न हुआ वो गणपति बने। तब शिव का गुस्सा शांत होता है और उस बालक को विनायक, विघ्नकर और गणेश नाम दिया जाता है। वरदान भी दिया जाता है कि हर पूजा आराधना से पहले गणपति की पूजा अनिवार्य है।

## गणेश स्थापना सामग्री

1- गणेश जी की मूर्ति – मिट्टी की (शास्त्रों में इसे शुभ माना गया है)।
2- चौकी / पाट – जिस पर मूर्ति स्थापित करनी है।
3- लाल या पीला कपड़ा – चौकी पर बिछाने के लिए।
4- आसन – मूर्ति और पूजन के लिए (लाल/पीला कपड़ा)।
5- कलश – जल से भरा हुआ, आम के पत्ते और नारियल सहित।
6- अक्षत (चावल) – पूजन में अर्पण के लिए।
7- दूर्वा (तीन पत्ती घास) – गणपति का प्रिय।
8- सिंदूर, हल्दी, चंदन, रोली – तिलक और पूजन के लिए।
9- धूप, दीपक, कपूर, अगरबत्ती।
10- फूल – विशेषकर लाल और पीले रंग के।
11- माला – फूलों की गणेशजी और सजावट के लिए।
12- पान के पत्ते, सुपारी, लौंग, इलायची।
13- फलों का थाल – केला, अनार, अमरूद, नारियल आदि।
14- मिठाई – खासकर मोदक और लड्डू।
15- पंचामृत – दूध, दही, घी, शहद, शक्कर।
16- नैवेद्य – पकवान, पंचमेवा आदि।
17- घंटी, शंख और आरती की थाली।
18- गंगाजल – शुद्धिकरण के लिए।
19- स्वस्तिक बनाने के लिए लाल चंदन/रोली।
20- कुंभ (कलश) पर मौली (रक्षासूत्र) बांधने के लिए।

## गणेशजी की मूर्ति लाते समय सूंड मुद्रा समेत इन बातों का रखें ध्यान



गणपति का मुख पूर्व या उत्तर की ओर होना शुभ है। भक्त जब पूजा करे तो उसका मुख पश्चिम या दक्षिण की ओर होना चाहिए।

**मूर्ति का आकार और स्थान**

घर में 1.5 फीट तक की मूर्ति सर्वोत्तम रहती है। बहुत बड़ी मूर्ति घर में लाना उचित नहीं माना जाता। घर में स्वच्छ, पवित्र और हवादार स्थान चुनें। किचन या बाथरूम के पास मूर्ति रखना वर्जित है। मूर्ति को जमीन पर सीधे न रखें, चौकी/पाट पर लाल या पीला कपड़ा बिछाकर रखें।

**गणेश जी की सूंड की दिशा**

दाईं ओर सूंड वाली मूर्ति (सिद्धिविनायक रूप) अत्यधिक जाग्रत मानी जाती है, जिसमें नियमपूर्वक कठोर पूजा आवश्यक होती है। बाईं ओर सूंड वाली मूर्ति गृहस्थ जीवन के लिए शुभ और सरल पूजा के लिए मानी जाती है।

**गणेशजी की मूर्ति में मोषक**

गणेशजी बैठे हुए (लाल वस्त्र धारण किए, एक हाथ आशीर्वाद मुद्रा में) हों तो धन, सुख और बुद्धि वृद्धि होती है। खड़े गणपति व्यापार और नई शुरुआत के लिए शुभ होते हैं। साथ ही ध्यान रखें कि गणेशजी की मूर्ति लेते समय उनके साथ मोदक और मूषक जरूर हों।

**मूर्ति का प्रकार और मुख**

मिट्टी (शाडू माटी) की गणेश प्रतिमा सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। गणेशजी की पूजा के लिए धातु, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां शास्त्रसम्मत नहीं मानी जातीं।

**मूर्ति लाने का तरीका**

प्रतिमा घर लाते समय उसे लाल या पीले कपड़े में लपेटें। मूर्ति को अपने सिर से ऊंचा उठाकर लाना चाहिए, पैरों के नीचे नहीं रखना चाहिए। घर लाने के समय गणपति बप्पा मोरया का उच्चारण करें।

### गणेश जी की आरती



जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।
एक दन्त दयावन्त, चार भुजा धारी।
मस्तक सिन्दूर सोहे, मूसे की सवारी।।
अन्धन को आँख देत, कोढ़िन को काया।
बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया।।
हार चढ़ें फूल चढ़ें, और चढ़ें मेवा।
लड्डूवन का भोग लगे, सन्त करें सेवा।।
दीनन की लाज राखो, शुम्भ-सुत-वारी।
कामना को पूरी करो, जग बलिहारी।।
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा।।

## आज रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग में करें गणपति की स्थापना

दृक पंचांग के अनुसार, इस दिन अभिजीत मुहूर्त नहीं है और राहुकाल का समय दोपहर के 12 बजकर 22 मिनट से होकर 1 बजकर 59 मिनट तक रहेगा। इस दिन रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग भी रहेगा।

रवि योग ज्योतिष में एक शुभ योग है। यह योग तब बनता है जब चंद्रमा का नक्षत्र सूर्य के नक्षत्र से चौथे, छठे, नौवें, 10वें और 13वें स्थान पर होता है। इस दिन आप किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत कर सकते हैं। निवेश, यात्रा, शिक्षा या व्यवसाय से संबंधित काम की शुरुआत करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। साथ ही इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग तब बनता है जब कोई विशेष नक्षत्र किसी विशेष दिन के साथ आता है। मान्यता है कि इस योग में किए गए कार्य सफल होते हैं और व्यक्ति को सफलता प्राप्त करने में मदद मिलती है। इसका मुहूर्त 27 अगस्त की सुबह 5 बजकर 57 मिनट से शुरू होकर 6 बजकर 4 मिनट तक रहेगा।

**10 दिन तक चलता है गणेश उत्सव**

चतुर्थी तिथि भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को शुरू होती है और 10 दिनों तक चलती है, जिसे अनंत चतुर्दशी के दिन समाप्त किया जाता है। यह त्योहार पूरे भारत में, विशेषकर महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात, कर्नाटक और तेलंगाना में, बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान, लोग अपने घरों और सार्वजनिक पंडालों में भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करते हैं। इन 10 दिनों में, भगवान गणेश की मूर्ति की पूजा, मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन किए जाते हैं। लोग गणेश जी को उनके पसंदीदा मोदक और लड्डू का भोग लगाते हैं। दसवें दिन, भक्त गणेश जी की मूर्तियों को विसर्जन के लिए भक्तों की रैली ले जाते हैं और उन्हें नदी, समुद्र या तालाब में विसर्जित करते हैं। यह विसर्जन इस बात का प्रतीक है कि भगवान गणेश अपने भक्तों के घरों से विदा लेकर अपने धाम लौट रहे हैं। यह त्योहार एकता, खुशी और आध्यात्मिकता का प्रतीक है।

# पल-पल जूझ रही नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस खतरनाक स्टेज 4 कैंसर से जंग बनी एक मां की जिद



कभी परदे पर किरदारों में जान फूंकने वाली अभिनेत्री तनिष्ठा चटर्जी आज एक ऐसी स्क्रिप्ट जी रही हैं, जिसमें कोई रीटेक नहीं होता और जिसे निभाना सिर्फ मुश्किल नहीं, बेहद दर्दनाक है। लेकिन फिर भी वह पूरी मजबूती और संवेदना के साथ इस भूमिका को निभा रही हैं, एक अभिनेत्री, एक निर्देशक और सबसे बढ़कर एक मां के रूप में। साल भर भी नहीं हुआ, जब तनिष्ठा ने अपने पिता को कैंसर से खो दिया। शोक में डूबने का भी वक्त नहीं था। घर में 70 साल की मां और 9 साल की बेटी की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी, लेकिन ठीक एक साल के भीतर ही उनकी जिंदगी ने ऐसी करवट ली, जिसकी उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी।

### पिता की गई थी कैंसर से जान

तनिष्ठा कहती हैं, 'पापा के जाने के पांच दिन बाद ही मैं शूटिंग पर लौट गई थी। रुकने का समय नहीं था। पापा के पसंदीदा गाने सुनकर खुद को याद दिलाती थी कि मुझे चलते रहना है।' लेकिन किस्मत ने एक और वार कर दिया। इसी साल पिता की मौत के चंद महीने बाद उन्हें पता चला कि उन्हें मेटास्टेटिक ब्रेस्ट कैंसर है, वो भी स्टेज IV। एक्ट्रेस कहती हैं, 'मैं 'एक रुका हुआ फैसला' फिल्म की शूटिंग कर रही थी और उसी दौरान जिंदगी ने मुझे मेरी सबसे कठिन भूमिका सौंप दी। मैंने सोचा, क्यों? मेरे साथ ही क्यों? क्या ये कर्म है?'

### सिंगल मदर होने का दर्द

तनिष्ठा एक सिंगल मदर हैं। साल 2019 में उन्होंने एक बेटी को गोद लिया था। शादी नहीं की, लेकिन मां बनने का सपना बहुत छोटी उम्र से देखा था। उनका कहना था, 'मैं 16 साल की थी, जब मैंने तय किया था कि मैं बच्चा गोद लूंगी। लोग हंसते थे, पर मुझे पता था कि ये मेरा सच है।' अब जब कैंसर ने उनकी दुनिया हिला दी, तब सबसे कठिन निर्णय उन्हें अपनी बेटी को लेकर लेना पड़ा। उनका कहना है, 'मैं नहीं चाहती थी कि मेरी बेटी मुझे कमजोर देखे। मैं चाहती हूं कि वो मुझे हमेशा उसी तरह देखे जैसे वो मुझे देखती है-सुपरवुमन। इसलिए मैंने उसे अपनी बहन के पास अमेरिका भेज दिया। उसका बचपन डर के साए में न गुजरे, ये मेरे लिए सबसे जरूरी था।'

### साथ खड़ी हैं ये फिल्मी हस्तियां

इलाज शुरू हुआ तो डॉक्टरों ने कहा किसी भरोसेमंद को साथ लाओ, कागजों पर हस्ताक्षर करने होंगे, मेडिकल फैसले लेने होंगे। मां बुजुर्ग थीं, बेटी दूर। तब बहन ने उन्हें याद दिलाया, 'अब मदद मांगने का वक्त है।' और यहीं से शुरू होती है एक नई कहानी इंसानियत की। तनिष्ठा बताती हैं कि उनके दोस्तों ने उन्हें एक पल के लिए भी अकेला महसूस नहीं होने दिया। शबाना आजमी, ऋचा चड्ढा, कोंकणा सेन शर्मा, विद्या बालन, दिव्या दत्ता, उर्मिला मातोंडकर और दीया मिर्जा, ये नाम सिर्फ स्क्रीन के सितारे नहीं हैं, बल्कि तनिष्ठा की जिंदगी की लड़ाई में उनके सबसे मजबूत सहारे बनकर खड़े हैं। वो बताती हैं, 'कीमोथेरेपी के हर सेशन में कोई न कोई मेरे साथ था।

कभी हाथ थामने वाला, कभी हंसाने वाला, कभी चुपचाप बैठने वाला। यही लोग मेरे असली परिवार बन गए।' तनिष्ठा कहती हैं, 'सबसे बड़ी सीख जो मुझे मिली, वो ये है कि लोग परवाह करते हैं।

आपको सिर्फ उन्हें पुकारना होता है।' उनकी आंखों में आंसू हैं पर चमक भी है, उम्मीद की, जिद की, जज्बे की। वो कहती हैं, 'मैं थक गई हूं... मजबूत होने से। पर अब भी हर सुबह उठती हूं, अपनी बेटी की तस्वीर देखती हूं और खुद से कहती हूं कि एक दिन और। बस एक दिन और।'

# यॉट की सवारी से लेकर बिकनी में पोज तक कृति ने ऐसे किया फ्रेंच रिवेरा में एंजॉय

अभिनेत्री कृति सेनन इस वक्त इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस में शामिल हैं। फिल्मों के साथ-साथ एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में कृति फ्रेंच रिवेरा में अपनी छुट्टियां बिताने गई थीं। इस दौरान कई फोटोज और वीडियोज भी सामने आए थे, जहां अभिनेत्री एंजॉय करती नजर आई थीं। अब अभिनेत्री इन छुट्टियों से तो वापस आ गई हैं, लेकिन उन मन अभी भी वहीं लगा हुआ है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया है, जो उनकी इन्हीं छुट्टियों का है।

### थ्रो बैक वीडियो में कृति ने कराई सैर

कृति ने अपने इंस्टाग्राम पर एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस फ्रेंच रिवेरा में अपनी छुट्टियां एंजॉय कर रही हैं। ये एक रील वीडियो है, जिसमें एक्ट्रेस के धूप में नहाती यॉट की सवारी से लेकर अलग-अलग हिस्सों में उनके घूमने और मस्ती करने के सभी पल कैद हैं। वीडियो में कृति नीले समुंदर में कभी यॉट चलाती नजर आ रही हैं, तो कभी वो क्रूज पर अपनी ड्रिंक का मजा ले रही हैं। वीडियो



में एक्ट्रेस नियॉन गुलाबी बिकिनी और एक डिस्ट्रेस्ड सफेद श्रग पहने कैमरे के सामने पोज भी देती हैं।

### बहन नुपुर की भी दिखी झलक

इस वीडियो में कृति ने अपने फैंस को जेट-स्कीइंग सहित एड्रेनालाईन से भरपूर वाटर स्पोर्ट्स की झलकियां भी दिखाई हैं। एक हाइलाइट में उनकी बहन नूपुर सेनन और दोस्त स्टेबिन बेन के साथ एक कैंडिड ग्रुप फोटो भी शामिल है। रील के अंत में कृति मुस्कुराते हुए सेल्फी लेती हैं। इस रील को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा है, 'मानसिक तौर पर मैं अभी भी यहीं हूं।' इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग थ्रोबैक भी लिखा है।

### कृति की पाइपलाइन में हैं कई फिल्में

वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति सेनन के पास इस वक्त कई प्रोजेक्ट हैं। वो जल्द ही आनंद एल रॉय की फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी। इसमें उनके साथ धनुष प्रमुख भूमिका में दिखेंगे। इसके अलावा उन्होंने 'कॉकटेल 2' की भी शूटिंग शुरू कर दी है। साथ ही एक्ट्रेस की पाइपलाइन में फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित 'डॉन 3' भी है, जिसमें वो रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी।

# जब अजय देवगन ने काजोल को बिना बताए किया था किसिंग सीन, शूटिंग के बाद ऐसे मांगी थी माफी

अजय देवगन और काजोल बॉलीवुड के सबसे प्यारे कपल्स में से एक हैं. दोनों साल 1999 में शादी के बंधन में बंधे थे. अजय और काजोल के दो बच्चे युग और निसा हैं. फैंस अजय और काजोल के साथ उनके बच्चों को भी बहुत फॉलो करते हैं. काजोल और अजय जब भी साथ होते हैं तो एक-दूसरे को परेशान करते हुए नजर आते हैं. काजोल ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि एक बार अजय ने किसिंग सीन के बारे में उन्हें नहीं बताया था. जिसके बाद उन्होंने माफी मांगी थी. काजोल एक बार कपिल शर्मा के शो में अपनी फिल्म प्रमोट करने के लिए आई थीं. जहां पर कपिल ने उनसे किसिंग सीन के बारे में पूछा था जो अजय ने फिल्म में किया था. इस फिल्म को अजय ने डायरेक्ट किया था और काजोल उसकी को-प्रोड्यूसर थीं. काजोल ने खुलासा किया कि अजय ने उन्हें पहले इस किसिंग सीन के बारे में बताया ही नहीं था.

### अजय ने मांगी माफी

काजोल ने कहा- 'अजय ने मुझे बिल्कुल भी इस बारे में नहीं बताया था, वो मेरी परमिशन लेते उससे पहले ही उन्होंने मुझसे माफी मांगी और कहा- मैंने ये कर लिया है और मैं अब तुमसे माफी मांग रहा हूं.'



### क्या काजोल को हुई थी जलन

कपिल ने काजोल से पूछा कि क्या आपको ये सीन देखकर जलन हुई थी. इसके जवाब में काजोल ने कहा- 'मुझे इसके बारे में पता नहीं था लेकिन जब मैंने देखा तो गुस्से में होने का नाटक किया.' उन्होंने कहा- 'जो मेरी दिलवाले वाली गन थी वो निकाली और उस आइकॉनिक सीन की तरह किया. जिसके बाद हर कोई हंसने लगा.' बता दें अजय देवगन और काजोल साथ में कई फिल्में कर चुके हैं. दोनों को साथ में तानाजी में देखा गया था. उसके बाद से किसी फिल्म में साथ में नजर नहीं आए हैं.

# बिना शादी के प्रेग्नेंट हुई थी नेहा लोगों ने सुनाई खरीखोटी



नेहा धूपिया की पहली प्रेग्नेंसी हमेशा ही विवादों में रही है। नेहा भी इस पर बात करने से पीछे कभी नहीं हटीं और न ही उन्होंने इसे छिपाया। इस मामले पर अब एक बार फिर नेहा धूपिया ने बात की और बताया कि वो इन आलोचनाओं और ट्रोलिंग पर कैसे रिएक्ट करती हैं। इसके अलावा उन्होंने अपनी तुलना आलिया भट्ट और नीना गुप्ता से भी की। दोनों ही एक्ट्रेस शादी से पहले प्रेग्नेंट हुई थीं। जहां नीना गुप्ता ने बिना शादी के ही मसाबा गुप्ता को जन्म दिया था तो वहीं आलिया भट्ट भी शादी से पहले ही प्रेग्नेंट हुई शादी के चंद महीने बाद ही बेटी राहा को जन्म दिया।

### नेहा ने की आलिया और नीना से तुलना

अभिनेत्री नेहा धूपिया ने हाल ही में खुलासा किया है कि आज भी लोग उन्हें शादी से पहले गर्भवती होने को लेकर ट्रोल करते हैं, लेकिन अब उन्होंने इसे हल्के में लेना सीख लिया है। उन्होंने एक इंटरव्यू में मजाकिया लहजे में कहा, 'कम से कम मैं नीना गुप्ता और आलिया भट्ट की लिस्ट में हूं।' नेहा और अंगद बेदी ने मई 2018 में शादी की थी और छह महीने बाद नवंबर में उनकी बेटी मेहर का जन्म हुआ। नेहा बताती हैं कि लोगों ने उनकी शादी के समय सबसे ज्यादा यही सवाल किया, 'छह महीने में बच्चा कैसे आ गया?'

### नेहा धूपिया ने क्या कहा?

एक इंटरव्यू में नेहा ने बताया कि इस ट्रोलिंग और आलोचना का उन्होंने कैसे सामना किया। वे कहती हैं, 'आज भी जब किसी एक्ट्रेस के शादी से पहले प्रेग्नेंट होने की खबर आती है तो मुझे भी उसमें टैग किया जाता है। लेकिन प्रेग्नेंसी कोई शर्म की बात नहीं है, यह एक खूबसूरत अनुभव है।' नेहा के मुताबिक इसी अनुभव ने उन्हें फ्रीडम टू फीड नाम का प्लेटफॉर्म शुरू करने के लिए प्रेरित किया, जो मातृत्व से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात करने को बढ़ावा देता है। उनका मानना है कि महिलाओं के शरीर और मातृत्व पर चुप्पी तोड़ने की जरूरत है।

### नेहा को परिवार ने दिए थे सिर्फ 72 घंटे

एक पुराने इंटरव्यू में टाइम्स नाउ से बात करते हुए नेहा ने बताया कि जब उन्होंने अपने परिवार को प्रेग्नेंसी की खबर दी तो उनकी शादी की तैयारियों के लिए उन्हें सिर्फ ढाई दिन (72 घंटे) का समय मिला। उन्होंने आगे कहास, 'हमने दिल्ली में एक सिंपल शादी की। गुरुद्वारे में आनंद कारज हुआ और सिर्फ करीबी लोग ही मौजूद थे।' नेहा और अंगद की शादी भले ही अचानक और प्राइवेट रही हो, लेकिन आज वे एक खुशहाल परिवार के रूप में जाने जाते हैं। उनकी बेटी मेहर के बाद mाल 2021 में उनके बेटे गुरिक सिंह धूपिया बेदी का जन्म हुआ।

# जिस्मफरोशी के दाग से सनी हसीना की जिंदगी
## फिर राजनीति में की धांसू एंट्री, अब बनाना चाहती हैं अपनी 'डर्टी पिक्चर'

फिल्मों में एंट्री के बाद ही हसीनाओं के पैर जमीन पर नहीं पड़ते। कई हीरोइनें सही दिशा पकड़कर करियर में आगे बढ़ती हैं तो कई गलत राह पर चल पड़ती हैं और उनके नाम गैरकानूनी कामों में सामने आते हैं। फेमस होने के बजाए उनके करियर पर यहीं से ब्रेक लग जाता है। विवादों में उलझकर उनकी जिंदगी पटरी से उतर जाती हैं। आज ऐसी ही एक हसीना के बारे में आपको बताने जा रहे हैं, जिस पर जिस्मफरेशी के धंधे में लिप्त होने का दाग लगा और फिर ये बर्बादी का आलम देखा, जेल की हवा खाई और फिर राजनीति से वापसी की। यह कहानी है साउथ फिल्म इंडस्ट्री की एक चर्चित और बेहद खूबसूरत एक्ट्रेस भुवनेश्वरी की, जिन्होंने कई फिल्मों और टीवी शोज में यादगार भूमिकाएं निभाईं। उन्होंने टीवी शो 'गोकुलम वीदू' में एक निगेटिव किरदार निभाकर ऐसी पहचान बनाई कि वह हर घर में जानी जाने लगीं। इस शो की लोकप्रियता के बाद उन्हें अक्सर इसी तरह के रोल मिलने लगे।

### इस फिल्म से की करियर की शुरुआत


भुवनेश्वरी की पहली फिल्म 'कुरकुरे' थी, जिसमें उन्होंने बतौर लीड हीरोइन काम किया था। लेकिन उनका करियर उस वक्त



अचानक विवादों में घिर गया जब साल 2009 में उनकी गिरफ्तारी की खबर सामने आई। पुलिस ने उन्हें उनके घर से गिरफ्तार किया और आरोप था कि वे जिस्मफरोशी रैकेट से जुड़ी हुई हैं और दो मॉडल्स को जबरदस्ती इस धंधे में धकेलने की कोशिश कर रही थीं। उनके साथ चार अन्य लोग भी पकड़े गए थे।

गिरफ्तारी के बाद भुवनेश्वरी ने इमोशनल होकर मीडिया से कहा कि अगर पुलिस राजनीतिक दबाव में न हो तो वह कई नामचीन एक्ट्रेसेज के नाम उजागर करने को तैयार हैं, जो इस धंधे से जुड़ी हुई हैं।

# टीवी की सबसे ग्लैमरस एक्ट्रेस हैं रुबीना दिलैक



टीवी इंडस्ट्री में कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिनकी खूबसूरती पर लोग फिदा हैं, लेकिन एक पहाड़ी लड़की ऐसी है जो सालों पहले इंडस्ट्री में आई और छा गई थी. उनका नाम रुबीना दिलैक है, जो आज अपना 38वां बर्थडे मना रही हैं. 26 अगस्त 1987 को शिमला में जन्मीं रुबीना दिलैक की स्कूलिंग शिमला में ही हुई है. 2006 में रुबीना ने मिस शिमला का खिताब जीता था और फिर उन्होंने कई ब्यूटी कॉन्सेस्ट स्कूल या कॉलेज के समय में जीता था. रुबीना दिलैक ने इंग्लिश लिट्रेचर में ग्रेजुएशन और पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया था. 2008 में चंडीगढ़ में हुए ब्यूटी कॉन्टेस्ट में रुबीना ने मिस नॉर्थ इंडिया का खिताब जीता था. रुबीना चंडीगढ़ में IAS की तैयारी करने के लिए काफी समय रहीं. उसी दौरान एक सीरियल का ऑडिशन हो रहा था और दोस्तों के कहने पर वो छुट्टी वाले दिन ऑडिशन में चली गईं और वो 'छोटी बहू' सीरियल के लिए सिलेक्ट हो गईं. 2009 में टीवी सीरियल 'छोटी बहू' शुरू हुआ, जिसमें वो बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आई थीं. उनके किरदार का नाम राधिका था और इसी नाम से वो घर-घर में फेमस हुईं. ये सीरियल 2012 तक जीटीवी पर प्रसारित हुआ था. 2013 में इनका नया सीरियल 'पुनर विवाह-एक नई उम्मीद' टेलीकास्ट हुआ था, जो काफी समय तक चला. इसके बाद रुबीना ने 'देवों के देव महादेव', 'शक्ति-अस्तित्व के एहसास की' जैसे सुपरहिट सीरियल किए. 2020 में 'बिग बॉस 14' आया था, जिसमें रुबीना दिलैक ने ट्रॉफी जीती थी. इसके बाद 2022 में इन्होंने 'खतरों के खिलाड़ी 12', 'झलक दिखला जा 10', 'लाफ्टर शेफ' और 'पति-पत्नी और पंगा' जैसे रियलिटी शोज में नजर आईं. 2020 में रुबीना की पहली शॉर्ट फिल्म 'बरेली की बेटी' से बॉलीवुड करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद इन्होंने हिंदी फिल्म 'अर्ध' और पंजाबी फिल्म 'चल भज चलिए' जैसी फिल्में कीं. रुबीना ने 2018 में एक्टर अभिनव शुक्ला के साथ शादी की थी, जिनसे उन्हें दो बेटियां जीवा और एधा शुक्ला रखा है. रुबीना और अभिनव की बॉन्डिंग गजब की है. रुबीना अपने पति अभिनव के साथ इन दिनों 'पति-पत्नी और पंगा' में नजर आ रहे हैं.

## प्रेग्नेंसी के बाद हुई ट्रोलिंग पर बोलीं समीरा रेड्डी
# सब्जी वाले ने बढ़ते वजन पर कमेंट किया था, मैं डिप्रेशन में चली गई थी



बॉलीवुड एक्ट्रेस समीरा रेड्डी ने शादी के बाद फिल्मी दुनिया से दूरी बना ली है। हालांकि, वो सोशल मीडिया के जरिए आज भी अपने फैंस से जुड़ी हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया के जरिए हेल्दी लाइफस्टाइल, एजिंग, डिप्रेशन और प्रेग्नेंसी के बाद होने वाले बदलावों पर बात करते नजर आती हैं। हाल ही एक इंटरव्यू में समीरा ने बताया कि कैसे प्रेग्नेंसी के दौरान वजन बढ़ने के कारण उन्हें ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। यहां तक कि एक सब्जी वाले ने भी उनके बढ़ते वजन पर टिप्पणी कर दी थी। जूम को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा- 'बच्चे को जन्म देने के बाद मेरा वजन बहुत बढ़ गया क्योंकि मेरे शरीर में हार्मोन बहुत बढ़ गए थे। शुरुआत में, मैं खुद भी उलझन में थी इसलिए इसका मुझ पर असर पड़ा। मैं बिल्कुल पतली से 105 किलो की हो गई थी।' इसी इंटरव्यू में समीरा ने बताया कि कैसे एक सब्जी वाले ने उनके वजन बढ़ने पर टिप्पणी की थी। वो कहती हैं- 'मुझे याद है मैं गुस्से में रहती थी और डिप्रेशन में थी। लोग अच्छा बर्ताव नहीं करते। अगर उन्हें कुछ कहना होता, तो सीधे मुंह पर बोल देते हैं। मैं हमेशा कहती हूं कि सब्जी वाले ने भी मुझे नहीं छोड़ा और कहा, क्या हो गया आपको? उस पल कोई समझ नहीं सकता कि आप क्या झेल रहे हैं। तो मैं झूठ नहीं बोलूंगी कि मुझे दुख नहीं हुआ।' 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस', 'दे दना दन', 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं समीरा रेड्डी को आखिरी बार साल 2013 में कन्नड़ फिल्म 'वराधनायका' में देखा गया था। साल 2014 में उन्होंने बिजनेसमैन अक्षय वर्दे से शादी की और 2015 में बेटे को जन्म दिया। अब वो जल्दी बड़े पर्दे पर कमबैक करने वाली हैं। समीरा की हॉरर फिल्म 'चिमनी' इसी साल रिलीज होने वाली है।

# मैं मर्द की तरह बोलता हूं मिमिक्री आर्टिस्ट पर भड़के सुनील शेट्टी, स्टेज से सुना दी खरी-खोटी



बॉलीवुड के फेमस एक्टर सुनील शेट्टी आए दिन किसी न किसी वजह से सुर्खियों का हिस्सा रहते हैं. अब वो अपने एक वीडियो की वजह से चर्चा में आ गए हैं. वीडियो में सुनील शेट्टी थोड़े गुस्से में नजर आ रहे हैं. दरअसल, एक मिमिक्री आर्टिस्ट ने उनकी नकल करते हुए उनका डायलॉग 'अंजलि' बोला. हालांकि, सुनील को उस आर्टिस्ट का ऐसा करने पसंद नहीं आया, जिसके बाद उन्होंने स्टेज से उस शख्स को खरी-खोटी सुना दी. वायरल वीडियो इंदौर का बताया जा रहा है. सुनील शेट्टी वीडियो में कहते हैं, "तब से ये भाई साहब 'अंजलि ' और अलग-अलग डायलॉग बोल रहे हैं, जो मेरी आवाज में है ही नहीं. इतना घटिया मिमिक्री मैंने देखा ही नहीं है. जब सुनील शेट्टी बोलता है तो एक मर्द की तरह बोलता है. ये बच्चे की तरह बोल रहा है."

सुनील ने आगे उस शख्स से कहा, "बेटा जब मिमिक्री करते हो तो अच्छी करनी चाहिए. खराब नकल नहीं करना चाहिए." उसके बाद वो शख्स उनसे कहता है, "सॉरी सर मैं बिल्कुल आपकी मिमिक्री करने की कोशिश नहीं कर रहा था." उसकी इस बात पर सुनील शेट्टी कहते हैं, "कोशिश करना भी मत बेटा. अभी बहुत टाइम है सुनील शेट्टी बनने में."

### सुनील शेट्टी ने एक्शन फिल्मों का जिक्र किया

सुनील शेट्टी ये भी कहते हैं, "पीछे बाल बांधने से कुछ नहीं होता है. अभी बच्चा है. लगता है सुनील शेट्टी की एक्शन फिल्में देखी नहीं है इसने. कभी बोले तो आजमा भी सकता हूं." सुनील वहां मौजूद तमाम फैंस का शुक्रिया भी अदा करते हैं. वो कहते हैं, "बहुत सारा प्यार आपलोगों को."

### इस फिल्म में नजर आने वाले हैं सुनील शेट्टी

सुनील शेट्टी डायरेक्टर अहमद खान की फिल्म 'वेलकम टू जंगल' में नजर आने वाले हैं, जिसमें अक्षय कुमार, दिशा पाटनी, परेश रावल समेत और भी कई बड़े सितारे नजर आने वाले हैं. ये फिल्म इसी साल दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. इसके अलावा 'हेरा फेरी 3' पर भी काम चल रहा है, जिसमें भी अक्षय, परेश और सुनील एक साथ नजर आएंगे.



# ‘शेर और बकरी को एक हेलीकॉप्टर में बैठा दिया’

## डोटासरा ने कसा तंज; बोले- किरोड़ी ने दिल्ली में की बेढम की शिकायत



जोधपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मंगलवार को जोधपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनकी सरकार पर जमकर हमला बोला। डोटासरा ने कहा कि भजनलाल सरकार पूरी तरह विफल रही है और मुख्यमंत्री की कुर्सी खतरे में है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली से पर्ची बदलने की तैयारी हो चुकी है, क्योंकि मंत्रियों और विधायकों की शिकायतें लगातार उच्च स्तर पर पहुंच रही हैं। डोटासरा ने मंत्रियों के आपसी मतभेदों पर भी तंज कसते हुए कहा कि शेर और बकरी को एक साथ हेलिकॉप्टर में बैठा दिया, दोनों को एक हेलीकॉप्टर में भेजकर एक घाट पर पानी पिलाने की कोशिश की गई है। बता दें डोटासरा का यह तंज अप्रत्यक्ष रूप से मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और जवाहर सिंह बेढम पर था।

डोटासरा ने जोधपुर सेकंड हाउस में पत्रकारों से कहा कि मुख्यमंत्री काम नहीं कर पा रहे हैं। उनकी कुर्सी पूरी तरह हिल चुकी है। ऊपर पूरा फीडबैक पहुंच गया है और अब पर्ची बदलने की तैयारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भजनलाल सरकार ने डेढ़ साल में कांग्रेस के पांच साल के काम को बर्बाद कर दिया। किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ रही हैं, और मंत्रियों के बीच आपसी तनातनी चरम पर है।

डोटासरा ने कहा कि विधायक काम चाहते हैं, लेकिन मंत्री उनकी सुन नहीं रहे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कुछ मंत्री जेसीबी पर चढ़ रहे हैं, कुछ टावर पर और कुछ हेलीकॉप्टर से उड़ रहे हैं, लेकिन जनता के लिए कोई काम नहीं हो रहा।

**किरोड़ी ने की बेढम की शिकायत- डोटासरा**

डोटासरा ने विशेष रूप से किरोड़ी लाल मीणा और जवाहर सिंह बेढम के बीच तनाव पर निशाना साधा। उन्होंने खुलासा किया कि चार दिन पहले किरोड़ी लाल मीणा दिल्ली पहुंचे थे और जवाहर सिंह बेढम की शिकायत की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि बेढम ने सवाई माधोपुर और भरतपुर सहित पूरे प्रदेश का बेड़ा गर्क कर दिया है। डोटासरा ने तंज कसते हुए कहा कि अब इन दोनों शेर और बकरी को एक हेलीकॉप्टर में बाढ़ क्षेत्र भेज दिया गया, जैसे एक घाट पर पानी पिलाने की कोशिश हो रही हो। उन्होंने कहा कि मंत्रियों की आपसी खींचतान और अफसरशाही का बोलबाला पूरे प्रदेश को परेशान कर रहा है।

**'सिर्फ अपने भाग्य के दम पर बने सीएम'**

डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सिर्फ अपने भाग्य के दम पर मुख्यमंत्री बने हैं। जब पद पर नहीं रहेंगे तब भी पूर्व मुख्यमंत्री तो कहलाएंगे, लेकिन जनता काम के आधार पर आकलन करती है, पद के आधार पर नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भजनलाल विधायकों और जनता की शिकायतें सुनने में नाकाम रहे हैं। शिकायतें दिल्ली तक पहुंचने के बाद अब वे विधायकों को बुलाकर मिलन समारोह कर रहे हैं, ताकि अपनी कुर्सी बचाई जा सके। डोटासरा ने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता और जनता दोनों सरकार से नाराज हैं, क्योंकि कोई काम नहीं हो रहा।

**बाढ़ पर हो रही बयानबाजी पर साधा निशाना**

डोटासरा ने किरोड़ी लाल मीणा के उस बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि बाढ़ से 80 लोगों की मौत होगी। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मंत्री इतने बड़े दावे कर रहे हैं, तो मुख्यमंत्री चुप क्यों हैं? मुख्यमंत्री का कोई दायित्व नहीं बनता? वे सिर्फ कांग्रेस को कोसने में व्यस्त हैं। डोटासरा ने कहा कि लोग चाहते हैं कि सरकार काम करे, लेकिन बीजेपी सरकार में सिर्फ शिकायतें और समारोह हो रहे हैं।

**पंचायत चुनाव को लेकर क्या बोले?**

पंचायत चुनाव में देरी पर डोटासरा ने कहा कि संविधान के अनुसार समय पर चुनाव होने चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विधानसभा और लोकसभा चुनाव पांच साल में हो रहे हैं, तो पंचायत चुनाव क्यों रुके हुए हैं? उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने भी इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं और बीजेपी सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी।

**नरेश मीणा को टिकट नहीं- डोटासरा**

अंता विधानसभा उपचुनाव में नरेश मीणा को टिकट देने के सवाल पर डोटासरा ने साफ किया कि अभी टिकट का समय नहीं आया है। उन्होंने कहा कि नरेश मीणा पहले निर्दलीय चुनाव लड़कर अपना भाग्य आजमा चुके हैं और यह फैसला आलाकमान को करना है। बता दें, आज गोविंग सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा जोधपुर से जैसलमेर के मोहनगढ़ जाएंगे, जहां वे दिवंगत पूर्व सांसद कर्नल सोनाराम को श्रद्धांजलि देंगे।

# जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे महेश जोशी

## हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका



जयपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी को राजस्थान हाईकोर्ट से राहत नहीं मिल पाई है। जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े मनी लॉनड्रिंग केस में उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया है। जस्टिस प्रवीर भटनागर की अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने इससे पहले 8 अगस्त को दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। महेश जोशी को ईडी ने 24 अप्रैल 2024 को गिरफ्तार किया था। उन पर जल जीवन मिशन में टेंडर प्रक्रिया के दौरान रिश्वत लेने और धन शोधन में संलिप्त होने के आरोप हैं।

गिरफ्तारी के बाद से ही वे जेल में हैं। ईडी मामलों की विशेष कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी। महेश जोशी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेकराज बाजवा ने बहस करते हुए कहा कि उनके मुवक्किल को राजनीतिक दबाव में फंसाया गया है। एसीबी द्वारा दर्ज मूल केस में जोशी का नाम तक नहीं है। बावजूद इसके एक साल पुराने नोटिस के आधार पर उन्हें अचानक गिरफ्तार कर लिया गया। वकील ने यह भी कहा कि ईडी ने उन पर 2.01 करोड़ रुपए के लेन-देन का आरोप लगाया है, लेकिन इस बात का कोई ठोस साक्ष्य नहीं है।

बाजवा ने यह भी दलील दी कि ईडी ने जोशी के बेटे की कंपनी में 50 लाख रुपए का लेन-देन दिखाया है, जबकि यह राशि एक लोन के तौर पर ली गई थी और बाद में लौटा भी दी गई। ऐसे में इसे अपराध का हिस्सा नहीं माना जा सकता।

वहीं ईडी की ओर से अधिवक्ता अक्षय भारद्वाज ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि जोशी ने विभाग की टेंडर प्रक्रिया में रिश्वत ली थी। उनके बेटे की कंपनी में 50 लाख रुपए का लेन-देन हुआ है, जिसे लौटाने से अपराध की गंभीरता कम नहीं हो जाती। ईडी ने तर्क दिया कि धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 45 के अनुसार आरोपी को तभी जमानत दी जा सकती है जब यह स्पष्ट हो कि वह अपराध में संलिप्त नहीं है।

यदि महेश जोशी को जमानत दी जाती है तो वे गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। इसी आधार पर अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी।

# युवा विधायक और दिग्गज मंत्री के बीच तकरार

## सरकार के खिलाफ बोलने पर छिड़ी 'जंग'



जयपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में भरतपुर लोकसभा क्षेत्र की बैठक हुई। इस दौरान उस समय हैरान करने वाला नजारा सामने आया, जब गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और कांमा की विधायक नौक्षम चौधरी के बीच तकरार हो गई। यह तकरार बीते दिनों नौक्षम चौधरी के एक बयान के चलते हुई, जहां उन्होंने एक बयान देकर बिना नाम लिए सरकार के एक मंत्री की कार्य शैली पर सवाल उठाए। इस दौरान बहस इतनी बढ़ गई कि पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को बीच बचाव करना पड़ा।

**बेढ़म बोले- विधायक सरकार के खिलाफ बोल रही हैं**

इधर, इस घटनाक्रम को लेकर सियासी गलियारों में जमकर चर्चा हो रही है। बैठक में भरतपुर लोकसभा क्षेत्र को लेकर चर्चा हो रही थी। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और कांमा की भाजपा विधायक नौक्षम चौधरी आपस में भिड़ गए। बेढ़म ने बैठक में नौक्षम चौधरी को टारगेट करते हुए कहा कि वह मेरे खिलाफ बोल रही हैं, इसका मतलब सरकार के खिलाफ बोल रही हैं। इस पर नौक्षम चौधरी ने पलटवार करते हुए कहा कि वह खुद भी सरकार का एक हिस्सा हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कांमा में प्रधान कौन बनता है? यह तो वही तय करेंगी।

बैठक में गृह राज्य मंत्री और विधायक के बीच जमकर तनातनी हुई। यह मामला इतना बढ़ गया कि एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करने लगे। मामले की नजाकत देखते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बात को संभाला। उन्होंने दोनों को समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद कांमा की विधायक ने संगठन की बैठक का हवाला देकर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

**नौक्षम चौधरी ने यह दिया था बयान**

बता दें कि विधायक नौक्षम चौधरी ने गत दिनों पंचायत समिति कामां के प्रधान चुनाव को लेकर बिना नाम लिए तंज कसते हुए एक बयान दिया। इसमें कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस की एक पूर्व मंत्री के साथ-साथ भाजपा के एक वर्तमान मंत्री भी पार्टी के खिलाफ काम कर रहे थे। इस बयान ने न केवल सियासी गलियारों में हलचल मचा दी, बीजेपी में आपसी मतभेदों को भी उजागर किया है।

# फर्जी डिग्री बेचने वाली संगीता के कारनामे थ्रिलर फिल्म से कम नहीं

## वॉलीबाल स्टार से ऐसे बनी रैकेट की क्वीन

जयपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। फर्जी डिग्रियों के खेल ने एक इंटरनेशनल वॉलीबॉल प्लेयर को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। यह कहानी किसी फिल्मी सस्पेंस जैसी लगती है, जहां एक इंटरनेशनल चैंपियन खिलाड़ी, रेलवे कर्मचारी और फिर पत्रकार रह चुकी महिला आखिरकार डिग्री माफिया की अहम कड़ी बन बैठी।

संगीता का सफर चौंकाने वाला है। कभी SAF खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली यह खिलाड़ी खेल कोटे से रेलवे में भर्ती हुई थी। लेकिन 2014 में निजी कारणों से नौकरी छोड़ दी। इसके बाद बहन सरिता के जरिए रोहतक के एक न्यूज चैनल से जुड़ीं और फिर चूरू के राजगढ़ स्थित ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में पर्यवेक्षक बनीं।



**बैक डेट में जारी की थी हजारों डिग्रियां**

यहीं से खेल शुरू हुआ। जांच में सामने आया कि विश्वविद्यालय के मालिक जोगेंद्र सिंह के साथ मिलकर संगीता ने हजारों डिग्रियां बैक डेट में जारी करवाईं। इन डिग्रियों के बदले उम्मीदवारों से लाखों रुपए वसूले गए। खासकर बी.एड, बी.पी.एड और एमएससी कृषि जैसे कोर्स की डिग्रियां धड़ाधड़ बेची गईं।

अब एसओजी 2013 से अब तक जारी हुई करीब 43 हजार से ज्यादा डिग्रियों की जांच कर रही है। जनवरी में इसी मामले में विश्वविद्यालय के अकाउंटेंट सुमित जाट को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल, संगीता को जयपुर लाकर कोर्ट में पेश किया जाएगा। माना जा रहा है कि उसकी गिरफ्तारी से इस पूरे फर्जीवाड़े की कई नई परतें खुलेंगी।

राजस्थान एटीएस को उसकी तलाश लंबे समय से थी। आरोपी संगीता कड़वासरा पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था, लेकिन वह इतनी चालाकी से छिपी रही कि उसे पकड़ने के लिए अधिकारियों को इलेक्ट्रीशियन का भेष धरना पड़ा।

**दिल्ली में रह रही थी इनामी महिला**

दरअसल, एटीएस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संगीता दिल्ली के कंझावला इलाके में अपने भांजे के साथ किराए के फ्लैट में रहती है। वह घर से बाहर लगभग नहीं निकलती थी। बस सुबह-सुबह मंदिर जाना ही उसकी दिनचर्या का हिस्सा था। यही जानकारी एटीएस के लिए सबसे बड़ा सुराग बनी।

टीम ने पहले इलाके की निगरानी की और फिर शनिवार शाम बड़ा दांव खेला। फ्लैट की बिजली काट दी गई। जैसे ही संगीता ने बिजली न आने की शिकायत की, उसका भांजा केयर टेकर को बुलाने गया। उसी समय एटीएस की टीम इलेक्ट्रीशियन बनकर फ्लैट में घुसी और बिना शोर-शराबे के संगीता को पकड़ लिया।

# पेपरलीक गैंग सरगना अमृतलाल की मौत

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, रिश्तेदारों को फ्री में दिलवाया था पेपर

जयपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान लोक सेवा आयोग के पेपरलीक गिरोह का सरगना अमृतलाल मीणा की वाराणसी में संदिग्ध हालात में तबीयत बिगड़ गई। कुछ दिन बनारस हॉस्पिटल में भर्ती रहने के बाद परिजन उसको जयपुर ला आ रहे थे। आगरा पहुंचने पर उसकी मौत हो गई।

बता दें कि परिजन हिंडौन सिटी जिला अस्पताल में शव लेकर पहुंचे, जहां रविवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव सौंप दिया। वहीं, परिजनों ने वाराणसी में हत्या की आशंका जताते हुए नादौती थाने में रिपोर्ट दी।

पुलिस ने जीरो नंबर की एफआईआर दर्ज कर वाराणसी के सिगारा थाने में भेज दी। रिपोर्ट में बताया कि वाराणसी से आरके सिंह बिहारी नाम से एक व्यक्ति ने फोन कर अमृतलाल के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना दी थी। जब परिजन रविवार को वाराणसी पहुंचे, संपर्क करने पर आरके सिंह का मोबाइल बंद आया।

**पेपललीक में था लिप्त**

वहीं, बताया गया कि आरके सिंह भी पेपरलीक मामले में लिप्त रहा था। अमृतलाल सरकारी कॉलेज में व्याख्याता रह चुका था। साल 2014 आरपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपरलीक कर पेपर बेचने के मामले में एसओजी ने गिरोह का पर्दाफाश किया था।

**पेपरलीक मामले में गिरफ्तार भी हुआ**

राजस्थान प्रशासनिक सेवा की परीक्षा 2013 का पेपरलीक करने के मामले में अमृतलाल को गिरफ्तार किया था। आरोप था कि तब एक अभ्यर्थी को प्री और मेंस परीक्षा पास कराने के बदले में 30 लाख रुपए में सौदा तय किया था। तब एसओजी ने पेपरलीक मामले में संजीव और हंसराज मीणा को गिरफ्तार किया था। अमृतलाल ने पांच रिश्तेदारों को मुफ्त में पेपर पढ़ाया था।

### गूगल मैप से रास्ता भटके, हादसे में इकलौते पुत्र की मौत

पाली, 26 अगस्त (एजेंसियां)। जैतपुर थाना क्षेत्र के गेलावास के निकट एक कार अनियन्त्रित होकर सड़क किनारे पिलर से टकरा गई। जिससे कार सवार व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि अमरपुरा वैशालीनगर जयपुर निवासी राहुल सिंह व उसका साथ अमरपुरा वैशालीनगर जयपुर निवासी राहुल देवासी दोनों कार से जयपुर से जसोल माता दर्शन करने गूगल मैप के सहारे जा रहे थे। गूगल मैप से रास्ता भटक गए व गेलावास के निकट मोड़ में कार अनियन्त्रित होकर सड़क के किनारे पिलर से टकरा गई। हादसे में कार सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। सूचना पर जैतपुर थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह, एएसआई सत्यनारायण सिंह ने पहुंचकर दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रोहट पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने राहुल सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं राहुल देवासी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार किया। हादसे की सूचना पर जयपुर से परिजन रोहट पहुंचे जहां जैतपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंपा। जयपुर निवासी राहुल सिंह शेखावत अपने पिता का इकलौता पुत्र था व जल्द ही राहुल सिंह का विवाह था। विवाह से पहले जसोल धाम में दर्शन कर आर्शीवाद लेने जयपुर से जसोल जा रहा था। तभी गेलावास के निकट कार हादसे में राहुल की मौत हो गई। जिस घर में शहनाई बजनी थी। उस घर में मातम छा गया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

# 86 कॉलोनियों से अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी

## अवैध निर्माण ध्वस्त कर अधिकारियों पर करेंगे कार्रवाई

जयपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। हाईकोर्ट ने जयपुर जिले में आवासन मंडल के लिए अवाप्त जमीनों पर बसी 86 कॉलोनियों में अवैध निर्माणों का नियमन करने की नगरीय विकास विभाग की तैयारी पर सख्ती दिखाई। कोर्ट ने अवैध निर्माणों के नियमन की प्रक्रिया को रोक दिया, वहीं अवैध निर्माण ध्वस्त कर इन कॉलोनियों को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया। साथ ही कहा है कि अतिक्रमण के लिए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और न्यायाधीश संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने पब्लिक अगेंस्ट करप्शन की जनहित याचिका पर यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि इन कॉलोनियों में नियमन की प्रक्रिया शुरु करने का नगरीय विकास विभाग का परिपत्र अवाप्तशुदा भूमि पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण को नियमित करने वाला है। यह सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने भी वाला है। इस तरह के प्रयास को अनुमति नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगते हुए सुनवाई 8 सप्ताह टाल दी।

अधिवक्ता पूनम चंद भंडारी व टीएन शर्मा ने कोर्ट को बताया कि जयपुर में बी टू बाइपास से सांगानेर के बीच के इलाके सहित अन्य जगह आवासन मंडल के लिए कई बीघा जमीन अवाप्त कर अवार्ड जारी किया गया, लेकिन कब्जा नहीं लिया। गृह निर्माण सहकारी समितियों ने वहां करीब 86 कॉलोनियां बसा कर पट्टे जारी कर दिए। नगरीय विकास विभाग ने 12 मार्च को इनके नियमन का आदेश जारी कर दिया।

याचिका में इसे चुनौती देते हुए कहा कि आवासन मंडल की जमीन पर अतिक्रमियों का नियमन रोक कर अतिक्रमण हटाया जाए। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि तीन दशक से अधिक समय से लोग बसे हुए हैं। अवाप्ति का उद्देश्य पूरा होना संभव नहीं है, जिसके कारण भूमि का कॉलोनीवासियों के पक्ष में नियमन करने का निर्णय लिया।

### एटीएम में पट्टी लगाकर रुपये उड़ाने का प्रयास

## दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



सिरोही, 26 अगस्त (एजेंसियां)। आबूरोड शहर पुलिस ने एटीएम में नकबजनी की कोशिश का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी एटीएम से रुपए निकलने वाले स्थान पर पट्टी लगाकर वारदात को अंजाम देने की कोशिश करते थे।

थानाधिकारी हरचंद देवासी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशिष सिंह उर्फ कल्लू सिंह चौहान फतेहपुर (यूपी) और प्रदीप कुमार उर्फ मोनू (यूपी) के रूप में हुई है। कार्रवाई में एएसआई श्रवण सिंह, कांस्टेबल कैलाश, संतोष कुमार और प्रवीण सिंह शामिल रहे।

पुलिस के अनुसार, 24 अगस्त 2025 की शाम करीब 6.12 बजे आईसीआईसीआई बैंक के शाखा प्रबंधक दीपक सारस्वत ने रिपोर्ट दी थी कि आबूरोड स्थित एटीएम में दो युवक चोरी की नियत से घुसे हैं। सीसीटीवी फुटेज में वे रुपए निकलने वाले स्लॉट पर पट्टी लगाकर मशीन से छेड़छाड़ करते नजर आए। इसके बाद मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और दोनों आरोपियों को दबोच लिया।

फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगा रही है कि उन्होंने और कहां-कहां इस तरह की वारदातें की हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी रोहिड़ा पुलिस ने माधव यूनिवर्सिटी के बाहर लगे एटीएम पर इसी तरह की कार्रवाई की थी।

# भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात, 8 जिलों में स्कूल बंद

## उदयपुर में कार नाले में गिरी, 3 की मौत



जयपुर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में लगातार हो रही भारी बारिश ने प्रदेशभर में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई जिलों में सड़कों पर पानी भर गया है, तो कहीं गांव टापू बन गए हैं। अब तक बारिश से हुए हादसों में 90 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। हालात इतने गंभीर हैं कि कई जिलों में सेना और एसडीआरएफ की टीमें राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं।

मौसम विभाग ने मंगलवार को प्रदेश के 3 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और 8 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग का कहना है कि अगले तीन दिनों तक दक्षिण और पूर्वी राजस्थान में मूसलाधार बारिश की संभावना बनी रहेगी।

**स्कूलों में छुट्टी, यूनिवर्सिटी परीक्षा स्थगित**

भारी बारिश और जलभराव को देखते हुए 8 जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। वहीं कोटा में यूनिवर्सिटी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि मौसम साफ होने तक बिना जरूरी काम के घर से बाहर न निकलें।

**गांवों में घुसा पानी**

सवाई माधोपुर जिले में बनास, चंबल, गलवा, मोरल, गम्भीरा और निगोह नदियां ऊफान पर हैं। कई छोटे-बड़े बांध ओवर फ्लो हो गए हैं, जिससे निचले इलाकों के गांवों में पानी भर गया। दर्जनों गांवों को खाली कराना पड़ा है। सीकर के नीमकाथाना में 54 मिमी, डूंगरपुर के देवल में 50 मिमी, माउंट आबू और झुंझुनू के बिसाऊ में 45-45 मिमी, चित्तौड़गढ़ के डूंगला में 48 मिमी और उदयपुर शहर में 42 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

**उदयपुर में बड़ा हादसा**

उदयपुर जिले के खेरवाड़ा क्षेत्र में लकोड़ा गांव के पास एक कार अनियंत्रित होकर बरसाती नाले में गिर गई। कार में पांच लोग सवार थे। हादसे में तीन की मौत हो गई, जबकि दो लोगों ने समय रहते शीशा तोड़कर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रातभर चले रेस्क्यू ऑपरेशन में दो शव बरामद किए गए। एक युवक का शव सुबह तक पानी में लापता रहा।

**प्रशासन अलर्ट पर**

लगातार बारिश और बाढ़ जैसे हालात के कारण कई हाईवे और ग्रामीण सड़कें बंद हो गई हैं। निचले इलाकों के गांवों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

प्रशासन ने लोगों को नदियों और तालाबों के पास जाने से बचने की सलाह दी है। एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस लगातार निगरानी रख रही है।

# अपने दो शावकों के साथ दुकान में घुसी मादा भालू

## वन विभाग के ढीले रवैये से भय का माहौल



सिरोही, 26 अगस्त (एजेंसियां)। माउंट आबू में भालुओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। एक मादा भालू अपने दो शावकों के साथ शहर में घूमते दिखी। इस दौरान तीनों भालू एक दुकान में घुस गए और लगभग दस मिनट तक तोड़फोड़ की। दुकानों में रखी खाद्य सामग्री, जैसे कोलड्रिंक की बोतलें, दही और शक्कर भालुओं का निशाना बनी। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की हेल्पलाइन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन किसी तरह की मदद नहीं मिल सकी। इससे शहरवासियों में दहशत का माहौल है। गौरतलब है कि पिछले दिनों भी भालुओं का मूवमेंट माउंट आबू के विभिन्न इलाकों में देखा गया था। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के बीच भालुओं का शहरी इलाकों में आना लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोग वन विभाग से तुरंत ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि शहरवासी सुरक्षित महसूस कर सकें और भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# सीरवी समाज ट्रस्ट करमनघाट का बीज महोत्सव सम्पन्न



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। करमनघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के सानिध्य में श्री आईमाताजी के 610वें अवतरण दिवस व नवां वार्षिकोत्सव दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा व सचिव पुखराज चोयल ने बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य में दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार 24 अगस्त प्रात: वेला मे श्री आईमाताजी का विशेष श्रृंगारकर रात्रि 9.15 बजे से जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे जेठुसिंह धेनड़ी ने श्री आईमाँ के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किये।

सोमवार 25 अगस्त भादवा सुदी बीज को प्रात: 9.15 बजे पुजारी अम्बाराम सोलंकी द्वारा पुजा-अर्चना व महाआरती के पश्चात समाज बन्धुओं ने श्री आईमाताजी के चरणों मे श्रीफल व श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर माई का आर्शीवाद प्राप्त किया। पदाधिकारियों द्वारा पधारे अतिथियों का सम्मानकर, समाज के बाल कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सम्बोधन भाषण में अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा ने समाज बन्धुओं का आभार प्रकट करते हुए भादवा सुदी बीज व वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी एवं समाज की एकता बच्चों मे संस्कार, शिक्षा के प्रति जागरुक कराते हुए समाज मे किये गये विकास शील कार्यो से अवगत कराया। महिलाओं को भी समाज के विकास में बढचढकर भाग लेना चाहिए। अवसर पर महिलाओं द्वारा आई माँ के चरणो मे विशेष सत्संग का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। समाज बन्धुओं व अतिथियों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। सचिव पुखराज चोयल ने बीज की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा,उपाध्यक्ष चेनाराम सिन्दड़ा, सचिव पुखराज चोयल, सहसचिव गजाराम सैंणचा, सहकोषाध्यक्ष मंगलाराम परिहारियां, खेल मंत्री धनराज बर्फा, सहखेल मंत्री मोतीलाल चोयल, मीडिया प्रभारी गोविन्दराम पंवार, सलाहकार हंसाराम आगलेचा, मगाराम परिहार, चौथाराम पंवार, पूर्व सचिव हिरालाल सैंणचा, नेमाराम काग, चुन्नीलाल वरपा, पूर्व कोषाध्यक्ष दीपाराम काग, समस्त कार्यकारिणी सदस्यों, समाज बन्धुओं, महिला मंडल एवं युवा शक्ति का विशेष सहयोग रहा। मंच का संचालन पुखराज चोयल एवं अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

# जगद्गुरु श्री श्रीचन्द्र जयन्ती महोत्सव 30 को



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पुरानापुल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण मे उदासीनाचार्य जगद्गुरु श्री श्रीचन्द्र की 531वीं जयन्ती महोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 30 अगस्त से 1 सितंबर तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में महंत श्री योगी प्रशांतदासजी महाराज ने बताया कि जयन्ती महोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आचार्य श्री की विशेष पूजा, आरती विधि विधान से वैदिक विद्वानों के मंत्रोच्चारण से सम्पन्न होगी। शनिवार 30 अगस्त प्रात: 11 बजे से माता शास्त्र पाठ, रविवार 31 अगस्त प्रात: 11 बजे से श्री श्रीचन्द्र भगवान कीर्तन, सायं 4 बजे से 7 बजे तक श्याम बाबा की भजन संध्या एवं राधाष्टमी कार्यक्रम, सोमवार 1 सितंबर प्रात: 8 बजे से ध्वजा साहिब एवं धूना साहिबजी का पूजन हवन अरदास आरती व सायं 7 बजे से पधारे भक्तों के लिए विशाल भण्डारा महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महंत श्री ने भक्तों से अनुरोध किया है कि इस श्रद्धा पर्व पर सपरिवार पधारकर पूज्य आचार्य श्री की पूजा-अर्चना कार्यक्रम में श्रीफल एवं श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर पुण्य एवं आशीर्वाद प्राप्त करे।

## पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा

### 151वां निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप संपन्न



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बद्रीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा दुर्गा माता गोल्डन टेम्पल लंगर हाउस के सहयोग से 151वां निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप बापूनगर लंगर हाउस स्थित ब्रिलियेंट स्कूल में आयोजित किया गया।

अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, किम्स सनशाइन हॉस्पिटल बेगमपेट से जनरल फिजिशियन, कार्डियोलॉजी, हड्डी रोग विशेषज्ञ, ईसीजी, 2डी इको, बीएमडी, बीपी जांच, आरबीएस की सेवा दी गई जिसमें डॉ. हरि और डॉ. मबरूर, नर्सिंग स्टाफ स्वप्ना मैथिन, संगीता एवं उदय कुमार ने सेवा प्रदान की। नेत्रों की जांच लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद साधुराम आई अस्पताल दोमलगुडा द्वारा की गई जिसमें 99 लोगों को चश्मे तथा 15 लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। अस्पताल के डॉ. श्रुति, डॉ. मेघना, विजयालक्ष्मी, राजू, थाहा, कैंप कोऑर्डिनेटर यदगिरी ने सहयोग प्रदान किया। दंत की सेवा एसएनआर डेंटल के डॉ. नवनीत राज ने प्रदान की। शिविर में 336 से अधिक मरीज ने लाभ लिया।

शिविर को सफल बनाने में पित्ती ट्रस्ट के सीएमडी एवं अग्रवाल सेवा दल के सलाहकार शरद बी.पित्ती, शिविर संयोजक एवं अग्रवाल सेवा दल के सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र गोयल, निखिल राणासरिया, उर्मिला अग्रवाल, स्थानीय भागीदार दुर्गा मठ स्वर्ण मंदिर, लंगर हाउस, हैदराबाद की बी. शांता देवी. डॉ.एस जगन, एम रोहिणी देवी, शोभा पांडे, रवि ठाकुर, प्रदीप सिंह, बी ब्रिजेश्वर सिंह, बी नितेश्वर सिंह, बी भरत सिंह, हर्ष प्रसाद, रोहित, विकास तिवारी, स्वयंसेवक विनोद अग्रवाल, राधेश्याम बियानी, गणेश चौधरी, सुरेश चौधरी, नारायण चौधरी, समाजसेवी गोपाल सिंह, शंकर लाल यादव, घनश्याम यादव, पित्ती नॉमिनेशन के सदस्यों ने योगदान प्रदान किया।

# एक शाम श्री बाबा रामदेवजी के नाम जागरण सम्पन्न



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। गाजुलारामाराम शापुर नगर स्थित महाराजा गार्डन में रामदेव मित्र मंडल आप और हम एवं समस्त सनातन धर्मप्रेमियों के तत्वावधान में एक शाम श्री बाबा रामदेवजी महाराज के नाम विशाल जागरण का आयोजन सोमवार 25 अगस्त रात्रि 8.15 बजे भव्य रूप से आयोजित किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में नेमीचन्द गेहलोत ने बताया कि भव्य पंडाल सजाकर, बाबा की तस्वीर पर माल्यापर्ण व ज्योत प्रज्वलितकर एक शाम श्री बाबा रामदेवजी के नाम विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें मरुधरा से पधारे भजन गायकार रमेश माली, बाल कलाकार श्री राजपुरोहित, अभिनेत्री भजन गायिका नुतन गेहलोत एवं प्रमोद सोनी ने अपने मधुर आवाज में भजनों के पुष्प अर्पित किए। जिसका समाज बन्धुओं ने देर रात तक नाचते गाते हुए लाभ लिया। दान दाताओं द्वारा प्राप्त राशी गौ सेवार्थ एवं एम्बुलैन्स् सेवा के लिए दी गयी।

कार्यक्रम में पधारे सम्मानित अतिथियों का आयोजकों द्वारा राजस्थानी परमपरा से विशेष सम्मान किया गया।

पधारे भक्तों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था सायं 7.15 बजे से कार्यक्रम स्थल पर की गयी। मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर 56 यूनिट रक्त प्राप्त किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में गोपाल टॉक, नेमाराम, भंवरलाल गहलोत, जीवराज गुजर, नरेश भाई देवड़ा, बलदेवराम, सगजी, जगदीश, प्रह्लाद, मुरली कच्छहवा, कैलाश शर्मा, महेन्द्र सीरवी, जीतू साँखला, चम्पालाल, भागचन्द माली व सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यूट्यूब पर सीधा प्रसारण पी.एम.एल सीरवी द्वारा किया गया। महा आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कोरेमुला सीरवी समाज का बीज महोत्सव सम्पन्न



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कोरेमुला स्थित सीरवी समाज की आस्था के केद्र श्री आईमाता मंदिर में श्री आई माँ का 610वाँ अवतरण दिवस व 11वाँ वार्षिकोत्सव समाज बंधुओं के सान्निध्य में आयोजित किया गया।

समाज अध्यक्ष कालूराम काग व सचिव डायाराम लचेटा ने बताया कि भादवा सुदी बीज महोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रविवार को माता का विशेष श्रृंगार किया गया। समाज के बाल कलाकारों द्वारा विशेष रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। रात्रि में पूजा-अर्चना, साँची ज्योत प्रज्ज्वलित कर महाआरती के पश्चात जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें पुखराज सैणचा एण्ड पार्टी राजस्थान ने भजनों के पुष्प अर्पित किये। सोमवार 25 अगस्त को समाज बन्धुओं ने आईमाताजी के चरणों में श्रद्धा के पुष्प व श्रीफल भेंटकर महाप्रसादी का सपरिवार लाभ उठाया। सचिव डायाराम लचेटा ने समाज में किये गये विकासशील कार्यों से समाज बन्धुओं को अवगत कराया।

कोषाध्यक्ष पोकरराम पंवार ने आय-व्याय का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर मंदिर निर्माण के लिए समाज बन्धुओं से तन- मन-धन से सहयोग हेतु आग्रह किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष कालुराम काग, उपाध्यक्ष वगताराम पंवार, राजाराम पंवार, सचिव डायाराम लचेटा, सह सचिव राजाराम गहलोत, कोषाध्यक्ष पोकरराम पंवार, खेल मंत्री ओमप्रकाश हाम्बड़, सलाहकार रमेश हाम्बड़, पुनाराम हाम्बड़, कार्यकारणी सदस्य ओगड़राम सैणचा, तेजाराम काग, जेरुपराम परेरिया, रताराम सोलंकी, छोगाराम गहलोत, बाबूलाल काग, भीकाराम पंवार, बाबूलाल परिहार, अर्जुनसिंह राठौड़, हुक्माराम सपेटा, देवाराम परिहारिया, प्रकाश खण्डाला, पुनमचन्द्र पंवार, खीवाराम गहलोत ताराराम भायल व समाज बन्धु। कोरोमुला वडेर के अध्यक्ष कालुराम ने संबोधित करते हुए कहा कि हैदराबाद में आईमाताजी का शिखरबद्ध नवनिर्मित मंदिर का निर्माण होने जा रहा है ये एक बहुत ही सुंदर मंदिर बनेगा और हैदराबाद मै ये पहला मंदिर बनेगा जिसमें सभी देवता विराजमान रहेगें आगे उन्होंने समाज बंधुओ ने अपील करते हुए कहा कि इस भव्य मंदिर निर्माण कार्य के लिए आप सभी तन मन धन से सहयोग प्रदान करे। अवसर पर संरक्षक प्रभुराम परिहारियां मंदिर कार्य के लिए आप सभी तन मन धन से सहयोग प्रदान करें। अध्यक्ष कालुराम काग ने समाज बंधुओ को बीज महोत्सव की बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। साथ ही बडेर प्रांगण में भव्य मंदिर निर्माण का कार्य समाज बंधुओं। मंच का संचालन डायाराम लचेटा ने किया। कालुराम काग के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## गदवाल गुरुकुल में चूहों का आतंक

### 3 छात्र अस्पताल में भर्ती, अधिकारी निलंबित

जोगुलम्बा गदवाल, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उंदावल्ली मंडल में महात्मा ज्योतिभा फुले गुरुकुल के तीन छात्रों को चूहों द्वारा काटे जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। देर से सामने आई इस घटना ने स्कूल की लापरवाही को उजागर कर दिया है, जहां छात्रों ने चूहों के आतंक की बार-बार शिकायत की थी, लेकिन उनकी चिंताओं को नजरअंदाज कर दिया गया। चूहों की समस्या के साथ-साथ, लगभग 20 छात्र कथित तौर पर वायरल बुखार से बीमार पड़ गए। कुछ दिन पहले ही छात्रों ने बुनियादी सुविधाओं और उचित स्वच्छता की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था, फिर भी कर्मचारियों द्वारा कोई सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई। रिपोर्ट के अनुसार निरीक्षण के बाद जिला कलेक्टर बी. संतोष ने दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया तथा तीन अन्य कर्मचारियों को नोटिस जारी किया।

## मेहंदीपटनम में टीजीएसआरटीसी की बस में लगी आग, यात्री सुरक्षित

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) की एक चलती बस में मंगलवार को मेहंदीपटनम बस स्टॉप पर आग लग गई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 9 बजे हुई, जब शहर की साधारण बस लगभग 40 यात्रियों को लेकर मसाब टैंक से राजेंद्रनगर की ओर जा रही थी।

मेहंदीपटनम में मेट्रो पिलर संख्या 9 के पास पहुंचते ही बस में आग लग गई। ड्राइवर ने यह देखा और गाड़ी सड़क पर ही रोक दी। यात्रियों को इसकी भनक लग गई और वे सुरक्षित बाहर निकल आए। बस कर्मचारियों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी। दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाई, तब तक बस का अगला हिस्सा बुरी तरह जल चुका था।

## प्रोफेसर एम. घनश्याम कृष्ण चुने गए शिक्षाविद

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) के भौतिकी स्कूल, इलेक्ट्रॉनिक्स विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उन्नत अध्ययन केंद्र के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रोफेसर एम घनश्याम कृष्ण को पतली फिल्मों, नैनोस्ट्रक्चर्ड सामग्रियों और सेंसर के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ मैटेरियल्स (एपीएएम) के शिक्षाविद के रूप में चुना गया है।

एपीएएम एक वैज्ञानिक सोसायटी है जो उन्नत सामग्रियों के क्षेत्र में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा देने की समस्याओं पर केंद्रित है। प्रोफेसर घनश्याम कृष्ण, हैदराबाद विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान संकाय के प्रोफेसर टी.पी. राधाकृष्णन के बाद, एपीएएम के शिक्षाविद चुने जाने वाले दूसरे संकाय सदस्य हैं। वे तेलंगाना विज्ञान अकादमी और आंध्र प्रदेश विज्ञान अकादमी के फेलो भी हैं।


दक्षिण मध्य रेलवे
@SCRailwayIndia
www.scr.indianrailways.gov.in

**निविदा सूचना संख्याः सी_ एसजी_ सी_ 36_ 5_414 दि.22-08-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से के लिए, उप मुख्य सिग्नल एण्ड दूरसंचार अभियंता (परियोजनाएं), दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु दि. 1-10-2025 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित हैं।

क्रम संख्याः01, टेंडर नं. सी/एसजी/सी/36/5/414, कार्य विवरणः दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद डिवीजन के नेक्कोंडा-गुन्ड्राटिमडुगु सेक्शन्स में स्वचालित आटोमेटिक ब्लाक सिग्नलिंग सिस्टम के प्रावधान हेतु विस्तृत सिग्नलिंग एवं दूर संचार कार्य। अनुमानित लागत रू.703688354.63, पूरा करने की अवधिः 18 महिने

तत्संबंधित सभी विवरण जैसे संपूर्ण कार्य की जानकारी, निविदा नियम शर्तें, योग्यता मानदण्ड एवं अधिक जानकारी, उपरोक्त कार्यों से जुडी निविदा दस्तावेज की डाउनलोडिंग हेतु कृपया इण्डियन गवर्नमेन्ट टेंडर पोर्टल वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

**उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार अभियंता (परियोजनाएं), सिकंदराबाद**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (http://ireps.gov.in के माध्यम से)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य बिजली अभियंता (निर्माण), दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेन्डरिंग के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित हैं।

क्रम संख्याः 01, एनआयटी संख्याः टेंडर नं.02-2025-2026-ई-जीएस-सीएन-जीटीएल, कार्य विवरणः टेंडर नं.02-2025-2026-ई-जीएस-सीएन-जीटीएलः इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन/जीटीएलः गुंटकल डिवीजनः गूटी, गुंटकल व लिंगनेनीदोड्डी यार्ड परिवर्तन कार्यों सहित स्टेशन बिल्डिंग, आरबीजीइ रूम्स, गूम्टीज,आरआरआय केबिन्स,एफओबी, प्लाटफार्म लाइटिंग, एप्रोच रोड लाइटिंग के प्रति बिजली व्यवस्थाएं आदि तथा एलटी/एचटी ओवरहेड लाइन्स की शिफ्टिंग/माडिफिकेशन कार्य। अनुमानित लागत रू. 4,71,32,220.18, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.3,85,700.00,
पूरा करने की अवधिः 12 (बारह) महिने, बंद करने की तिथिः 11-09-2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज व अन्य विवरणार्थ कृपया वेबसाइटःhttp://ireps.gov.in पर लागिन करें।

पूर्व धरोहर राशि-पूधरा का भुगतान आनलाइन पर आयआरइपीएस पर उपलब्ध केवल नेट बैंकिंग/पेमेन्ट गेटवे सुविधाओं के माध्यम से ही करें।

निविदादाता अपने आफर्स को आनलाइन में निविदा प्रस्तुति अवधि के दौरान, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, पंद्रह दिन की अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं।

निविदाकार किसी भी शुध्दिपत्रों (केवल आनलाइन पर जारी) को निविदा प्रस्तुति की अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**मुख्य बिजली अभियंता (निर्माण), सिकंदराबाद**

A1271

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्स https://www.ireps.gov.in एवं www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**



दक्षिण मध्य रेलवे
हमें @SCRailwayIndia पर फॉलो करें. द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**संख्याःसी/ई-नीलामी सूची/एससी/2025-26, दि.25-08-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति, भारतीय गणराज्य की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे द्वारा वाणिज्यिक आय तथा एनएफआर संविदाओं हेतु ई-नीलामी आमंत्रित हैं। तदनुसार, एससी डिवीजन ने निम्न श्रेणियों हेतु ई-नीलामी संसाधित की है, जिसे https://www.ireps.gov.in/website पर अधिसूचित किया गया है।

क्रम संख्याः01, श्रेणीः पे एण्ड यूज, सूची संख्याः पीएनयु-एससी-एसीडब्ल्यूएच -टीओआय, नीलामी शुरू तिथि व समय -26 अगस्त-25 के 12.00 बजे, तत्संबंधित स्टेशन(स्टेशन्स)/ट्रेन(ट्रेन्स)- एससी, एचवायबी नीलामी विवरणः 1. सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर प्लाटफार्म नं. 1 से 7 तक पे एण्ड यूज टायलेट्स या शौचालयों का ठेका(5 ब्लाक्स)। 2. हैदराबाद स्टेशन पर पे एण्ड यूज टायलेट्स व्यवस्था। 3. सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन प्लाटफार्म नं.10 पर प्रिपेड एसी वेटिंग हाल व्यवस्था। 4. सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन प्लाटफार्म नं.01 पर प्रिपेड एसी वेटिंग हाल व्यवस्था।

क्रम संख्याः02, श्रेणीः पार्किंग, सूची संख्याः पीआरकेजी-डी08-25 -27, नीलामी शुरू तिथि व समय -28 अगस्त-25 के 13.45 बजे, तत्संबंधित स्टेशन(स्टेशन्स)/ट्रेन(ट्रेन्स)-जीटी, बीजी, एचएफजेड,एसकेजेडआर, एचटीसीवाय, एचएफजेड । नीलामी विवरणः घटकेसर, भोंगिर, सिरपुरकागजनगर, हायटेक सिटी तथा हाफिजपेट स्टेशनों पर पार्किंग ठेका।

क्रम संख्याः03, श्रेणीः कैटरिंग, सूची संख्याः एससी-सीएटीजी-13 -2025, नीलामी शुरू तिथि व समय -28 अगस्त-25 के 14.00 बजे, तत्संबंधित स्टेशन(स्टेशन्स)/ट्रेन(ट्रेन्स)-जेडएन,एसइएम,जीटी, केएमटी, बीएचएलके, बीजी, सीएचजेड, एसकेजेडआर,एलपीआय। नीलामी विवरणः जनगांव, सेडम, घटकेसर, खम्मम, भालकी, भोंगिर,चर्लापल्ली, सिरपुरकागजनगर, लिंगमपल्ली स्टेशनों पर खानपान ठेका या कैटरिंग कान्ट्राक्ट्।

क्रम संख्याः04, श्रेणीः एडवर्टाइजिंग, सूची संख्याः एससी-विज्ञापन-इन्फो बो, नीलामी शुरू तिथि व समय -30 अगस्त-25 के 13.00 बजे, तत्संबंधित स्टेशन(स्टेशन्स)/ट्रेन(ट्रेन्स) 20701/02, 20707/08 । नीलामी विवरणः 20701-20702 सिकंदराबाद-तिरुपति-सिकंदराबाद तथा 20707-20708 सिकंदराबाद-विशाखापट्नम-सिकंदराबाद वन्दे भारत एक्सप्रेस यात्रियों को, इन्फोटेनमेन्ट बुकलेट के वितरण का ठेका।

क्रम संख्याः05, श्रेणीः एमआयएससी-स्टेटिक, सूची संख्याः एससी-आरसीआर-011, नीलामी शुरू तिथि व समय -01 सितंबर-25 के 14.00 बजे, तत्संबंधित स्टेशन(स्टेशन्स)/ट्रेन(ट्रेन्स)-एफजेडजीएच, एनएलआरडी, एचटीसीवाय। नीलामी विवरणः फिरोजगुडा, नेकलेस रोड तथा हायटेक सिटी स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टारेंट की स्थापना व इंस्टाल्लेशन का ठेका।

क्रम संख्याः06, श्रेणीः पार्सिल्स, सूची संख्याः एससीपार्सिल्स-1325ए, नीलामी शुरू तिथि व समय -03 सितंबर-25 के 11.30 बजे, तत्संबंधित स्टेशन(स्टेशन्स)/ट्रेन(ट्रेन्स)-12437, 22152, 22718/17, 22850/49 नीलामी विवरणः 1.एसएलआर कोच (सिंगल कम्पार्टमेन्ट) के पार्सिल स्पेस में 12437, 22152, 2. पार्सिल वैन के पार्सिल स्पेस में 22718/17, 22850/49

क्रम संख्याः07, श्रेणीः एमआयएससी-स्टेटिक, सूची संख्याः गेमझोन-बीएस-01, नीलामी शुरू तिथि व समय -06 सितंबर-25 के 12.00 बजे, तत्संबंधित स्टेशन(स्टेशन्स)/ट्रेन(ट्रेन्स)-एफजेडजीएच, बीएमटी नीलामी विवरणः 1. फिरोजगुडा रेलवे स्टेशन के बाहरी ओर उपलब्ध क्षेत्रों में फन झोन की स्थापना का ठेका 2. बेगमपेट रेलवे स्टेशन पर बैट्री स्वैपींग स्टेशनों के लिए ठेका।

क्रम संख्याः08, श्रेणीः पार्सिल्स, सूची संख्याः एससीपार्सिल्स-1, नीलामी शुरू तिथि व समय -10 सितंबर-25 के 12.00 बजे, तत्संबंधित स्टेशन(स्टेशन्स)/ट्रेन(ट्रेन्स)-12734, 12774, 07030, 12706 तथा 17007/08 नीलामी विवरणः एसएलआर कोच के 12734, 12774, 07030, 12706 में पार्सल स्पेस तथा 17007/08 के पार्सिल वैन में पार्सिल स्पेस।

इच्छुक पार्टीज एवं ठेकेदारगण कृपया इस बात पर ध्यान दें कि, ई-नीलामी सूचना के बारे में विस्तृत जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाइट पर जाएं।

पूछताछ/स्पष्टीकरणों हेतु कृपया अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर संपर्क करें।

A1270 **वरिष्ठ विभागीय वाणिज्यिक प्रबंधक, सिकंदराबाद**


# दूसरों को दुखी करना बंद कर दो, स्वयं सुखी बन जाओगे

**पर्युषण महापर्व का सप्तम दिवस ध्यान दिवस के रूप में मनाया गया**



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 'युगप्रधान' आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या साध्वी डॉ. गवेषणा श्री जी के मंगल सान्निध्य में राजा राजेश्वरी गार्डन, डायमंड पॉइंट, सिख विलेज में पर्यूषण महापर्व का सप्तम दिन ध्यान दिवस के रूप में मनाया गया। साध्वी श्री मेरु प्रभा जी द्वारा मंच संचालन किया गया एवं सुमधुर गीतिका का संगान भी किया गया। मंगलाचरण राजलदेसर, श्री डूंगरगढ़, रतनगढ़, नोहर, भादरा, हरियाणा, पंजाब, रुनियावास, सूरतगढ़ के श्रावक श्राविकाओं द्वारा किया गया।

आज साध्वी श्री जी के दर्शन करने हेतु मलकाजगिरी के सांसद इटेला राजेंद्र ने धर्माराधना कर रहे सभी श्रावक श्राविकाओं को आध्यात्मिक मंगलकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर जब-जब अंधकार छाया है, तब-तब संतों ने प्रकाश फैलाया है। कबीर, तुलसी, मीरा, नामदेव, ज्ञानेश्वर, रामानुज, चैतन्य महाप्रभु, गुरु नानक देव जी जैसे संतों ने समाज को जागरूक किया, आस्था को गहराई दी और सत्य, प्रेम और करुणा का मार्ग दिखाया। पीएम मोदी का मानना है कि भारत की संत परंपरा ही हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर की सबसे बड़ी शक्ति है। अंत में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद के अध्यक्ष सुशील संचेती ने इटेला राजेंद्र का सम्मान कर तुलसी ग्रन्थ भेंट किया।

साध्वीश्री डॉ. गवेषणा श्री जी ने कहा- जीवन को आउट ऑफ डेट न बनाकर अप टू डेट बनाना है, तो इसके लिए जागना जरूरी है। अपने जीवन के प्रति बिना जागे विवेक नहीं आएगा और बिना विवेक आए जीवन की उपयोगिता सिद्ध नहीं होगी। जागरण बदलाव का दूसरा नाम है, दिया जब तक जलता है अंधेरा पास नहीं फटकता। जागृत जीवन बुराइयों से भी नहीं गिरता सपनों के भ्रम जाल में नहीं अटकता। भगवान महावीर ने कहा जीवन में महानतम उपलब्धि आत्म साक्षात्कार है और वह ध्यान से ही होता है। गौतम स्वामी प्राय चार प्रहर ध्यान करते थे और चार प्रहर स्वाध्याय। जैन साधना में ध्यान का वही स्थान है जो शरीर में गर्दन का है।

भगवान महावीर चाहते थे सभी जीव सुखी रहे। सुखी रहने का मुख्य कारण है- आप दूसरों को दुखी करना बंद कर दो। स्वयं सुखी बन सकते है। धर्म करो धर्म के पीछे पुण्य का बंध अपने आप हो जाता है। मयंक प्रभा जी ने प्रेक्षा ध्यान के कई प्रकार के प्रयोग करवाते हुए, संपूर्ण परिषद् को ध्यान में लीन करते हुए कहा- जैन अध्यात्म साधना में आज तक जितने चित्र स्तरीय के आलंबन विकसित हुए हैं वह सब धर्म ज्ञान की कोटि में समाहित होते हैं। मनुष्य की इच्छाओं की कोई सीमा नहीं है जब तक चीज ना मिले तब तक उसकी आसक्ति रहती है उसके बाद आसक्ति समाप्त हो जाती है।

सभी साध्वीवृंद द्वारा कल संवत्सरी के उपलक्ष में गीत गाकर संपूर्ण परिषद को निमंत्रण रूप में दिया संवत्सरी आई है उत्तरपारणा तैयार संवत्सरी आई है। शब्दों के साथ सुमधुर गीतिका गाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थिति दर्ज की।

महासभा सदस्य लक्ष्मीपत बैद ने सभी संस्थाओं की तरफ सूचना प्रेषित की। अंत में साध्वी श्री जी के मंगल पाठ से कार्यक्रम की समापना हुई।

# भारत के अनुभव सचान ने रचा इतिहास

## बने यूके यूनिवर्सिटी पोलो चैंपियनशिप जीतने वाले पहले खिलाड़ी

लंदन, 26 अगस्त (एजेंसियां)। अनुभव ने जब वारविक पोलो क्लब जॉइन किया, तब उनके पास पोलो का कोई अनुभव नहीं था। पढ़ाई और कठिन प्रशिक्षण के बीच तालमेल बैठाना आसान नहीं था, लेकिन लगातार अभ्यास और समर्पण ने उन्हें सफलता दिलाई।

भारत के युवा खिलाड़ी अनुभव सचान ने यूनाइटेड किंगडम में इतिहास रच दिया है। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक की बी3 टीम के साथ यूनिवर्सिटी पोलो चैंपियनशिप का खिताब जीतकर यह उपलब्धि हासिल की। खास बात यह है कि वे ऐसा करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। उनकी इस सफलता को ब्रिटेन की प्रतिष्ठित पत्रिका पोलो टाइम्स ने भी 2025 संस्करण में जगह दी है।




कानपुर में जन्मे अनुभव सचान का घोड़ों से जुड़ाव किसी आलीशान पोलो ग्राउंड से नहीं, बल्कि लखनऊ रेसकोर्स से शुरू हुआ, जहां उन्होंने पहली बार घुड़सवारी सीखी। वहीं से निकला यह लगाव उन्हें ब्रिटेन के पोलो मैदानों तक ले आया। स्कूलिंग उन्होंने द सिंधिया स्कूल से की, जहां वे डिप्टी हेड बॉय, डिबेटिंग सोसाइटी के सचिव और फुटबॉल टीम के सदस्य रहे।

वर्तमान में अनुभव यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक में फिलॉसफी, पॉलिटिक्स और इकोनॉमिक्स के छात्र हैं। इसके साथ ही वे वारविक कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं और राजनीति, नीति-निर्माण व वैश्विक विषयों पर छात्र-नेतृत्व वाले संवाद का संचालन करते हैं।

पोलो की दुनिया में शुरुआत

दिलचस्प बात यह है कि अनुभव ने जब वारविक पोलो क्लब जॉइन किया, तब उनके पास पोलो का कोई अनुभव नहीं था। पढ़ाई और कठिन प्रशिक्षण के बीच तालमेल बैठाना आसान नहीं था, लेकिन लगातार अभ्यास और समर्पण ने उन्हें सफलता दिलाई।

**बड़ी जीत और नया लक्ष्य**

2025 के एसयूपीए नेशनल्स में उनकी टीम ने डर्हम, ऑक्सफोर्ड और नॉटिंघम जैसी मजबूत टीमों को हराकर खिताब जीता। अनुभव का मानना है कि पोलो सिर्फ खेल नहीं, बल्कि धैर्य, टीमवर्क और नेतृत्व का विद्यालय है। उनके शब्दों में, 'मेरे लिए यह हमेशा जीतने से ज्यादा सीखने और बेहतर बनने की बात रही है। घोड़े के साथ जुड़ाव, टीम के साथ तालमेल और खेल का अनुशासन आपको धैर्य और आत्मविश्वास सिखाता है।'

अनुभव का सपना

अनुभव का सपना है कि भारत में घुड़सवारी और पोलो को नई दिशा मिले। वे चाहते हैं कि अधिक से अधिक युवा इस खेल से जुड़ें और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन करें।

# हॉकी इंडिया का फैंस को तोहफा : बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप में दर्शकों को निशुल्क प्रवेश

राजगीर, 26 अगस्त (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को घोषणा की कि 29 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश मिलेगा। हॉकी इंडिया ने एक बयान में कहा, 'प्रशंसक डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू टिकट जिनी डॉट इन या हॉकी इंडिया ऐप के जरिये मुफ्त टिकट पा सकते हैं। उन्हें प्रक्रिया पूरी करने पर वर्चुअल टिकट मिलेगा।

हीरो पुरुष एशिया कप में आठ टीमें भारत, जापान, चीन, कजाखस्तान, मलेशिया, कोरिया, बांग्लादेश और चीनी ताइपै भाग लेंगे। यह 2026 में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालिफायर टूर्नामेंट भी है। भारत को पूल ए में जापान, चीन और कजाखस्तान के साथ रखा गया है। भारत को 29 अगस्त को चीन से, 31 को जापान और एक सितंबर को कजाखस्तान से खेलना है।



**2017 में जीता था पिछला खिताब**

मौजूदा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और एशिया की नंबर एक टीम भारत ने आखिरी बार 2017 में ढाका में एशिया कप का खिताब जीता था। तब उसने फाइनल में मलयेशिया को 2-1 से हराया था। भारतीय टीम 2022 में जकार्ता में खेले गए एशिया कप में दक्षिण कोरिया और मलेशिया के बाद तीसरे स्थान पर रहा था।

**पूर्व खिलाड़ियों ने भारत को दावेदार बताया**

हॉकी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों का मानना है कि भारत बिहार के राजगीर में होने वाले आगामी पुरुष एशिया कप को जीतने और अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने का प्रबल दावेदार है। भारत की 1975 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान अजीतपाल सिंह ने हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम को प्रबल दावेदार बताया, लेकिन खिलाड़ियों को आत्ममुग्धता से बचने के लिए भी चेताया।

**ट्रॉफी का हुआ अनावरण**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने एशिया कप 2025 ट्रॉफी का अनावरण किया, जिसके साथ ही टूर्नामेंट की उल्टी गिनती शुरू हो गई। एशिया कप ट्रॉफी के अनावरण के अवसर पर तीन बार के ओलंपिक पदक विजेता हरबिंदर सिंह और पूर्व खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद भी उपस्थित थे।

# एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत को 8 मेडल

## महिला ट्रैप टीम और इंडिविजुअल में नीरू धनदा और जूनियर पिस्टल में पायल ने गोल्ड जीता

शिमकेंट, 26 अगस्त (एजेंसियां)। कजाकिस्तान के शिमकेंट में चल रही 16वीं एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के आठवें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते।

महिला ट्रैप इवेंट में भारत ने इंडिविजुअल और टीम दोनों इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया। नीरू धनदा ने इंडिविजुअल में गोल्ड जीता, जबकि जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भी भारत ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।



**महिला ट्रैप में मिले तीन मेडल**

महिला ट्रैप इवेंट में भारत को तीन मेडल मिले। नीरू धनदा और आशिमा अहलावत ने क्वालिफिकेशन में 107 अंकों के साथ पांचवें और छठे स्थान पर जगह बनाई। प्रीति राजक 105 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में बाहर हो गईं। कतर की रे बासिल ने 110 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं। फाइनल में नीरू ने शानदार प्रदर्शन किया। शुरूआत में भारत की नीरू और आशिमा, कतर की रे बासिल और जापान की नानामी मियासाका के बीच कड़ा मुकाबला रहा। बाद में चीनी ताइपे की लियू वान-यू भी चुनौती बनकर उभरीं। नीरू ने अंतिम 25 में से 22 और आखिरी 10 टारगेट्स में सभी 10 हिट्स लगाए, जिससे उन्होंने 43 हिट्स के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। आशिमा और रे बासिल 29 हिट्स के साथ बराबरी पर रहीं, लेकिन बिब नंबर के आधार पर आशिमा को ब्रॉन्ज और रे को सिल्वर मिला। भारत की तिकड़ी (नीरू, आशिमा, प्रीति) ने 319 अंकों के साथ टीम गोल्ड भी जीता, जो चीन (301) से 18 अंक आगे रहा।

**जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में तीनों मेडल भारत**

जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत की पायल खत्री, नाम्या कपूर और तेजस्विनी ने शानदार प्रदर्शन किया।

फाइनल में तीनों भारतीय खिलाड़ियों ने कोरिया, इंडोनेशिया और मलेशिया की प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए आपस में ही मुकाबला किया। पायल ने छठे से नौवें सीरीज में चार-चार हिट्स और 10वीं सीरीज में 5/5 हिट्स के साथ 36 हिट्स बनाए और गोल्ड जीता। नाम्या ने 30 हिट्स के साथ सिल्वर और तेजस्विनी ने 27 हिट्स के साथ ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके अलावा, पायल, तेजस्विनी और रिया शिरीष ठट्टे (554 अंक) ने मिलकर 1700 अंकों के साथ टीम सिल्वर मेडल जीता, जिसमें कोरिया ने गोल्ड हासिल किया।

इससे पहले नाम्या ने 581 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में पहला स्थान हासिल किया, जबकि तेजस्विनी 577 अंकों के साथ दूसरे और पायल 569 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहीं।

**पुरुष ट्रैप में भवनीश को सिल्वर**

पुरुष ट्रैप में भारत के भवनीश मेंदिरत्ता ने 118 अंकों (25,24,23,22,24) के साथ क्वालिफिकेशन में चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल में उनका मुकाबला पेरिस ओलिंपिक के सिल्वर मेडलिस्ट चीन के क्वि यिंग से हुआ। भवनीश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 45 हिट्स बनाए, लेकिन क्वि के 47 हिट्स के सामने उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।

**भारत मेडल टैली में टॉप पर**

चैंपियनशिप में भारत 28 गोल्ड, 10 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज मेडलों के साथ टॉप पर है।

# शटलर लक्ष्य सेन बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप से बाहर

## वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यू की ने हराया




खेल डेस्क, 26 अगस्त (एजेंसियां)। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन को हारकर बाहर होना पड़ा है। मेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 64 मैच में उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यू की ने सीधे गेम में हरा दिया। पेरिस के अडीडास एरिना में चीनी प्लेयर ने 21-17, 21-19 से बाजी मारी और अगले राउंड में एंट्री की। चीनी प्लेयर ने चौथी बार हराया शी यू की और लक्ष्य के बीच बैडमिंटन में पांचवां ही मैच खेला गया। शी ने इनमें चौथी बार बाजी मारी, लक्ष्य 1 बार ही चीनी प्लेयर को हरा सके। 54 मिनट तक चले मैच में शी हावी ही दिखे। उन्होंने 21-17 से पहला गेम जीतने के बाद 21-19 से दूसरा गेम भी जीत लिया।

दोनों प्लेयर्स इसी साल जून में आखिरी बार इंडोनेशिया ओपन के दौरान भी भिड़े थे। तब भी शी ने बाजी मारी थी। हालांकि, तब मुकाबला 3 गेम तक चला था। शी के खिलाफ लक्ष्य की इकलौती जीत 2022 के एशियन गेम्स में आई थी। तब लक्ष्य ने 22-20, 14-21, 21-18 से मैच जीता था।

# टीम इंडिया में नहीं मिली जगह

## गौतम गंभीर पर ध्रुव जुरेल ने दिया बड़ा बयान

मुंबई, 26 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2025 को लेकर बीसीसीआई ने टीम इंडिया के 15 सदस्यीय स्क्वाड का ऐलान 19 अगस्त को कर दिया था, जो थोड़ा हैरान करने वाला भी था क्योंकि आईपीएल 2025 में कमाल का प्रदर्शन करने वाले पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर को टीम में जगह नहीं मिली, जिसपर कई पूर्व खिलाड़ियों ने भी सवाल उठाया। वहीं एक खिलाड़ी और है जिसको 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं, जिसके बाद अब इस खिलाड़ी ने टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को लेकर बड़ा बयान दिया है।



**गंभीर को लेकर ध्रुव जुरेल का बड़ा बयान**

इंग्लैंड दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान ध्रुव जुरेल टीम इंडिया का हिस्सा थे, लेकिन उनको सीरीज के आखिरी मैच की प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका मिला था। ऋषभ पंत के इंजर्ड होकर पांचवें टेस्ट से बाहर होने के बाद जुरेल को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। जिसके बाद एशिया कप 2025 को लेकर भी टीम का ऐलान होने से पहले जुरेल के नाम पर काफी चर्चा हो रही थी, लेकिन ये विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन और जितेश शर्मा के सामने हार गया। ध्रुव जुरेल एशिया कप के लिए टीम के स्क्वाड में मौका नहीं मिला।

वहीं अब एक इंटरव्यू के दौरान ध्रुव जुरेल ने हेड कोच गौतम गंभीर को लेकर कहा "वह महेशा मेरे पास आते हैं और कहते हैं कि आप मुझसे कभी भी बात कर सकते हैं। चाहे तो आप मुझे कॉल भी कर सकते हैं और मैं हमेशा आपका सपोर्ट करूंगा। बस आप हमेशा कड़ी मेहनत करते रहे। यह काफी अच्छा लगता है। जब टीम इंडिया का हेड कोच आपसे ऐसे बात करता है तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाता है।"

ध्रुव जुरेल को एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया के 15 सदस्यीय स्क्वाड में तो नहीं रखा गया है, लेकिन वे रिजर्व खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हैं। अगर टीम इंडिया का कोई विकेटकीपर बल्लेबाज चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो जाता है तो जुरेल को स्क्वाड में शामिल किया जा सकता है।

# सिनक्यूफील्ड कप में प्रज्ञानंद को संयुक्त बढ़त

## वेस्ली के खिलाफ गुकेश हारे



सेंट लुई (अमेरिका), 26 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने फ्रांस के अलीरजा फिरोजा को हराकर ग्रैंड शतरंज टूर के सिनक्यूफील्ड कप के सातवें दौर के बाद संयुक्त बढत बना ली । लगातार ड्रॉ के बाद प्रज्ञानंद की यह दूसरी जीत है। वह अमेरिका के फेबियानो कारूआना के साथ 4.5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश को अमेरिका के वेस्ली सो के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा।

लेवोन आरोनियन और वेसली चार अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव, पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ और अमेरिका के सैमुअल सेवियान संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। गुकेश और अलीरजा तीन तीन अंक लेकर अगले स्थान पर हैं, जबकि नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव डेढ अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं ।

पिछले दो दौर में सारे मुकाबले ड्रॉ रहने के बाद सातवें दौर में पांच में से तीन मुकाबलों के नतीजे निकले। अलीरजा और गुकेश के अलावा नोदिरबेक को भी पराजय झेलनी पड़ी जिन्हें डुडा ने हराया।

# 18 छक्कों के साथ बनाए 181 रन

## विष्णु विनोद ने सिर्फ 2 मैच में सबको छोड़ा पीछे, किए 3 रिकॉर्ड

तिरुवनंतपुरम, 26 अगस्त (एजेंसियां)। केरल क्रिकेट लीग 2025 में तूफानी बल्लेबाजी का नजारा आए दिन देखने को मिल रहा है. लीग के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी विष्णु विनोद का तो खैर कहना ही क्या? दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज विष्णु विनोद ने सिर्फ 2 मैचों में सबको पीछे छोड़ दिया है. बड़ी बात ये है कि ये दोनों मैच उन्होंने दो दिनों में खेले हैं, जिनमें उन्होंने कुल मिलाकर 18 छक्के उड़ाए हैं. अब इससे बल्ले से मचाए तूफान का अंदाजा लगाया जा सकता है, जिसकी बदौलत विष्णु विनोद ने केसीएल 2025 में 3 रिकॉर्ड भी फिलहाल के लिए अपने नाम कर लिए हैं.

अब सवाल है कि 2 दिन में 2 मैच में विष्णु विनोद ने छक्कों और रनों की बरसात कैसे की? उन्होंने ताजातरीन हमला अपने बल्ले से त्रिसुर टाइटंस के खिलाफ बोला. 25 अगस्त को खेले मुकाबले में एरिज कोलम सेलर्स के बल्लेबाज विष्णु विनोद ने पारी की शुरुआत करते हुए सिर्फ 38 गेंदों में गर्दा-गर्दा कर दिया. विष्णु विनोद ने 38 गेंदों में 8 छक्के के साथ 226.32 की स्ट्राइक रेट से 86 रन बनाए.




उनकी इस विस्फोटक बैटिंग का असर ये हुआ कि एरिज कोलम सेलर्स ने त्रिसुर टाइटंस के खिलाफ मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया. त्रिसुर टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 144 रन बनाए थे. जवाब में 145 रन के टारगेट को एरिज कोलम सेलर्स ने 14.1 ओवर में ही 2 विकेट खोकर चेज कर लिया.

विष्णु विनोद ने इससे पहले 24 अगस्त को संजू सैमसन की टीम कोच्चि ब्लू टाइगर्स के खिलाफ भी तांडव किया था. उस मैच में विष्णु ने 41 गेंदों में 10 छक्कों के साथ 229.27 की स्ट्राइक रेट से 94 रन बनाए थे. हालांकि, वो मैच उनकी टीम 236 रन बनाकर भी नहीं जीत सकी थी, क्योंकि, रनचेज में संजू सैमसन का शतकीय प्रहार भारी पड़ गया था. 2 दिन में खेले 2 मैच में 18 छक्के जमाकर विष्णु विनोद ने केसीएल 2025 में अब तक सबसे ज्यादा छक्के जमाने का कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है. इसके अलावा वो लीग के मौजूदा सीजन में अब तक सबसे ज्यादा 181 रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं. विष्णु विनोद सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी टॉप पर हैं. उन्होंने अब तक 2 अर्धशतक लगाए हैं.

# अल्काराज यूएस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

## ओपेल्का को सीधे सेटों में हराया; कैरोलिना मुचोवा से हारीं वीनस विलियम्स

न्यूयॉर्क, 26 अगस्त (एजेंसियां)। स्पेन के टेनिस स्टार और यूएस ओपन में दूसरी सीड कार्लोस अल्काराज दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। वहीं, दो बार की चैंपियन वीनस विलियम्स को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा।

आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए मैच में अल्काराज नए लुक में नजर आए। वह सिर मुंडवाकर खेलने उतरे। अल्काराज ने पहले राउंड में रीली ओपेल्का को 6-4, 7-5, 6-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की।



दो घंटे से ज्यादा समय तक चले इस मैच में उन्होंने केवल 17 गलतियां कीं, 58 में से 50 सर्विस पॉइंट जीते, सभी तीन ब्रेक पॉइंट बचाए और ओपेल्का की सर्विस तीन बार तोड़ी।

**मैक्लॉरी ने नए लुक को लेकर किया मजाक**

मैच से पहले अल्काराज की मुलाकात गोल्फ स्टार रॉरी मैक्लॉरी से हुई, जिन्होंने उनके मुंडे सिर को छूकर मजाक किया। पिछले हफ्ते यूएस ओपन के मिक्स्ड डबल्स में अल्काराज के बाल पूरे थे, लेकिन इस बार उनका नया लुक चर्चा का विषय बना।

**मैच के बाद अल्काराज ने अपने हेयरकट के बारे में फैन्स की राय जानी**

मैच के बाद अल्काराज ने दर्शकों से अपने नए हेयरकट के बारे में राय मांगी। दर्शकों ने जोरदार तालियों के साथ इसे पसंद किया। अल्काराज ने कहा, 'लगता है उन्हें मेरा नया लुक पसंद आया।' हालांकि, उनके दोस्त और टेनिस खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो को यह हेयरकट बिल्कुल पसंद नहीं आया। टियाफो ने मजाक में कहा, 'यह भयानक है, जिसने भी कार्लोस को ऐसा करने को कहा, उसने गलत सलाह दी। मैं अच्छे हेयरकट का शौकीन हूं, लेकिन यह वाकई खराब है।'

**वीनस विलियम्स यूएस ओपन से बाहर**

वीनस विलियम्स को चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा से 6-3 2-6 6-1 से हार का सामना करना पड़ा।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मेडिसन कीस पहले दौर में हारी

न्यूयॉर्क, 26 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मेडिसन कीस को अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मैक्सिको की 82वीं रैंकिंग वाली रेनेटा जाराजुआ ने हराकर उलटफेर कर दिया। वहीं, दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में डायने पैरी से मिली हार के बाद टेनिस को अलविदा कह दिया।

कीस ने मैच में की कई गलतियां

छठी वरीयता प्राप्त कीस ने 89 सहज गलतियां और 14 डबल फाल्ट किये जिसकी वजह से उन्हें 7-6, 6-7, 5-6 से पराजय का सामना करना पड़ा। अन्य मुकाबलों में ब्राजील के 19 वर्ष के जोओ फोंसेका ने अमेरिकी ओपन में डेब्यू के साथ जीत दर्ज करते हुए मियोमीर केसमानोविच को 7-6, 7-6, 6-3 से हराया। वहीं कनाडा की 18 वर्ष की विकी एमबोको ने दो बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-2 से मात दी। वहीं 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंचीं कैरोलिन गार्सिया अपने कैरियर के आखिरी टूर्नामेंट में कामिला रखिमोवा से 6-4, 4-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गईं।



क्वितोवा मैच के बाद हुईं भावुक

वहीं, दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को डायने पैरी ने 6-1, 6-0 से हराया। मुकाबला खत्म होने के बाद क्वितोवा की आंखें भर आईं। दर्शक दीर्घा में मौजूद उनके पति और कोच जिरि वानेक ने उन्हें गले लगाया। पिछले साल जुलाई में बेटे को जन्म देने वाली क्वितोवा 17 महीने बाद कोर्ट पर लौटी थीं। उन्होंने इस साल की शुरूआत में ही कह दिया था कि अमेरिकी ओपन उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह पहले वह कोविड 19 संक्रमण का शिकार होने के कारण अमेरिकी ओपन से नाम वापिस लेने की सोच रही थीं। उन्होंने कहा, 'सुबह उठने के बाद से मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा नहीं होगा। मैं खा नहीं सकी। मैं काफी नर्वस थी और कुछ कर नहीं पा रही थी। यह काफी कठिन था। मैंने कभी ऐसा अनुभव नहीं किया था।'

2016 में क्वितोवा पर हुआ था हमला

क्वितोवा ने 2011 में मारिया शारापोवा को हराकर विंबलडन खिताब जीता था। इसके बाद 2014 में यूजीन बूचार्ड को हराकर खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2019 के फाइनल में उन्हें नाओमी ओसाका ने हराया था। दिसंबर 2016 में उनके घर पर एक घुसपैठिये ने उन पर चाकू से हमला किया जिससे लगी चोट से उबरने के लिए उन्हें लंबी सर्जरी करानी पड़ी थी।

# राहुल गांधी के साथ रेवंत रेड्डी ने बिहार में मतदाता अधिकार यात्रा में भाग लिया




हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ बिहार में चल रही मतदाता अधिकार यात्रा में भाग लिया।

इस यात्रा में टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार गौड़, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क, मंत्री पोन्नम प्रभाकर, सीतक्का, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी और वकाती श्रीहरि जैसे गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए, साथ ही सांसद अनिल कुमार यादव और डीसीसी अध्यक्ष रोहिन रेड्डी भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान, तेलंगाना के नेताओं ने बिहार के पारस में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी से भी मुलाकात की और यात्रा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। यह यात्रा इंडिया ब्लॉक की राज्यव्यापी पहल का हिस्सा है जिसका उद्देश्य चुनावी अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और कथित मतदान दमन के मुद्दों का समाधान करना है, जिसमें कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के वरिष्ठ नेताओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। 1,300 किलोमीटर लंबी 'मतदाता अधिकार यात्रा' 17 अगस्त को बिहार के सासाराम से शुरू हुई। यह यात्रा 16 दिनों तक चलेगी और 20 से ज़्यादा जिलों का दौरा करेगी, और 1 सितंबर को पटना में एक रैली के साथ इसका समापन होगा। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में यह अभियान मतदाता दमन और लोकतांत्रिक जवाबदेही के महत्व से जुड़े मुद्दों पर जोर देता है, और इस यात्रा को "चुनावी अधिकारों की रक्षा के संघर्ष" के रूप में प्रस्तुत करता है।

## तेलंगाना विधानसभा का विशेष सत्र 30 अगस्त से

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना विधानसभा का सत्र 30 अगस्त से शुरू होने वाला है। विशेष सत्र का विशिष्ट एजेंडा 29 अगस्त को होने वाली कैबिनेट बैठक में तय किया जाएगा। सरकार तीन से पांच दिनों तक चलने वाले विधानसभा सत्र आयोजित करने का इरादा रखती है, जिसमें पिछड़ी जातियों के आरक्षण और कालेश्वरम परियोजना से संबंधित पीसी घोष आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि तेलंगाना सरकार ने उच्च न्यायालय को आश्वासन दिया है कि कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं के संबंध में न्यायमूर्ति पीसी घोष समिति के निष्कर्षों पर विधानसभा में विचार किया जाएगा। सरकार ने न्यायालय को यह भी सूचित किया है कि कालेश्वरम परियोजना की रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत की जाएगी, जिसके बाद दोषी पाए जाने वालों के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में, विरोधी बीआरएस आयोग की रिपोर्ट में खामियों को उजागर करने की कोशिश कर रही है, जबकि सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेता कालेश्वरम परियोजना से जुड़ी विसंगतियों और भ्रष्ट आचरण को उजागर करने की तैयारी कर रहे हैं।

# एक बार फिर विधायक जग्गारेड्डी ने लोगों का दिल जीता

### बीमार बच्ची सुषमा के इलाज के लिए दिए तीन लाख रुपये नकद



हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व विधायक जग्गारेड्डी ने एक बार फिर लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने 9 साल की गंभीर रूप से बीमार बच्ची को 3 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। जग्गारेड्डी ने हैदराबाद के एक कॉर्पोरेट अस्पताल में बच्ची के इलाज में मदद का वादा किया। गांधी भवन में मीडिया को बच्ची की दुर्दशा के बारे में जग्गारेड्डी ने कहा कि महबूबाबाद जिले के केसमुद्रम मंडल के पेनुगोंडा गांव की रहने वाली सुषमा 9 साल की उम्र में बीमार पड़ गई। दशहरा के मौके पर अपनी नानी के घर गई थी।

सुषमा ने गलती से रोटी के साथ चींटी मारने वाला जहर मिलाकर खा लिया और गंभीर रूप से बीमार पड़ गई। सुषमा पिछले काफी दिनों से बिस्तर पर ही है। आर्थिक तंगी के कारण उसका इलाज नहीं हो पा रहा है। पिता बेटी की इलाज के लिए दर दर भटक रहे है। जग्गारेड्डी को जब इस मामले की जानकारी मिली, तो उन्होंने उसके पिता महेश को फोन किया और उन्हें आश्वासन दिया कि वह मदद करेंगे। जग्गारेड्डी ने डॉ. चंद्रशेखर से बात की और सुझाव दिया कि वे सभी प्रकार के मेडिकल टेस्ट करें और उन्हें बताएं कि बच्चे को फिर से चलने-फिरने के लिए किस तरह का इलाज करवाना चाहिए। जग्गारेड्डी ने आश्वासन दिया कि अगर सर्जरी जैसे इलाज की जरूरत पड़ी, तो वे न केवल कुछ आर्थिक मदद करेंगे, बल्कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भी बात करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सरकार पूरा इलाज खर्च वहन करे। जग्गारेड्डी ने 3 लाख रुपये की आर्थिक मदद की और सुषमा के स्वास्थ्य के लिए लोगों से आर्थिक योगदान देने का अनुरोध किया।

# बंड़ी संजय का रवैया अभी भी एक पार्षद की मानसिकता को दर्शाता है : सांसद

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सांसद चमाला किरण कुमार रेड्डी ने टीपीसीसी अध्यक्ष महेश कुमार के बारे में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय की टिप्पणी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बंड़ी संजय अभी तक एक पार्षद के रूप में अपने अनुभव से आगे नहीं बढ़े हैं और अभी भी खुद को उसी स्तर पर काम करते हुए देखते हैं। मंगलवार को दिए गए एक बयान में, चमाला किरण कुमार रेड्डी ने कहा कि टीपीसीसी महेश कुमार गौड़ ने वोट चोरी को लेकर चिंता जताई, जबकि बंड़ी संजय ने इस मुद्दे को



खारिज कर दिया और ध्यान किसी दूसरे विषय पर केंद्रित कर दिया। लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी ने वोट चोरी पर एक विस्तृत पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन दिया। एक घर में 100 वोट हैं, जबकि 78 वोट एक पब के नाम पर पंजीकृत हैं। यह जानकारी सबूतों के साथ प्रस्तुत की गई, जिसमें बेंगलुरू में हुई अनियमितताओं को उजागर किया गया। उन्होंने संसद में इस मुद्दे पर चर्चा कराने में केंद्र सरकार की अनिच्छा पर चिंता जताई। कांग्रेस सांसद ने कहा कि अगर वास्तव में वोट चोरी की कोई घटना नहीं हुई है, तो इस पर बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, चुनाव आयुक्त ने केवल राजनीतिक मुद्दों पर बात की और पत्रकारों द्वारा पूछे गए किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया।

# केटीआर ने यूरिया की कमी की बजाय दिल्ली के सपनों को प्राथमिकता देने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत की आलोचना की

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों की कड़ी आलोचना की, क्योंकि वे "दिल्ली के सपनों" पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जबकि तेलंगाना में किसान यूरिया की बढ़ती कमी का सामना कर रहे हैं। उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओं पर चिंता जताते हुए कहा, किसान यहां संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री और मंत्री कहां हैं? समस्याएं तेलंगाना में हैं, फिर भी मुख्यमंत्री और उनके मंत्री दिल्ली और बिहार में हैं! मंगलवार को यहां एक बयान में, केटीआर ने किसानों की कठिनाइयों पर जोर दिया, सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया और कहा कि जहां किसान यूरिया के लिए बेताब हैं, वहीं मुख्यमंत्री और उनकी टीम चुनाव वाले राज्यों की यात्रा में व्यस्त हैं। उन्होंने इस संकट पर कार्रवाई न करने के लिए कांग्रेस और भाजपा सांसदों पर भी निराशा व्यक्त की और कहा, यूरिया के मामले में कांग्रेस सांसद अनभिज्ञ हैं, और भाजपा सांसद इस स्थिति को सुलझाने की कोशिश भी नहीं कर रहे हैं। बीआरएस नेता ने राष्ट्रीय दलों पर चुनावी लाभ को जनता की भलाई से ऊपर रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय दल वोट जीतने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि तेलंगाना के लोग ही पीड़ित हैं। केटी रामाराव ने आगाह किया कि जनता सरकार की कार्रवाई की कमी और राष्ट्रीय दलों की उदासीनता को देख रही है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने यूरिया की कमी से निपटने और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, सरकार को किसानों की चुनौतियों का समाधान करने के लिए तेजी से कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिक राज्य के नेतृत्व की जांच कर रहे हैं और जवाबदेही की अपेक्षा कर रहे हैं।

# एनजीटी ने कोडंगल लिफ्ट सिंचाई परियोजना पर रोक लगाई

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने नारायणपेट कोडंगल लिफ्ट सिंचाई परियोजना के संबंध में तेलंगाना सरकार को एक बड़ा झटका दिया है। मंगलवार को, इसने एक निर्देश जारी किया जिसमें कहा गया है कि पर्यावरणीय मंज़ूरी मिलने तक इस परियोजना स्थल पर कोई भी कार्य शुरू नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने नारायणपेट-कोडंगल लिफ्ट सिंचाई परियोजना को बहुत ही प्रतिष्ठित दृष्टिकोण से लिया है और यह पहल पूर्व महबूबनगर जिले के अंतर्गत नारायणपेट और कोडंगल निर्वाचन क्षेत्रों को सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति करने के लिए बनाई गई है। इस लिफ्ट सिंचाई परियोजना में कंकुर्थी जलाशय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसका निर्माण दो चरणों में करने की योजना है, और सरकार का लक्ष्य कनुकुर्थी जलाशय के विकास के माध्यम से योजना की कार्यान्वयन क्षमता को बढ़ाना है। राज्य सरकार ने कृष्णा नदी से पानी खींचकर नारायणपेट, कोडंगल और मकतल के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति करने की योजना बनाई है। हालांकि, नारायणपेट-कोडंगल लिफ्ट सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए किए गए एक सर्वेक्षण के दौरान, स्थानीय किसानों ने इस योजना का कड़ा विरोध किया।

# किसान ने पी लिया कीटनाशक, इलाज न मिलने पर मौत

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सरकारी अस्पतालों में स्टाफ की लापरवाही और बिस्तरों की कमी के कारण सोमवार को महबूबनगर के एक किसान की मौत हो गई। जाडचेरला के एर्लापल्ली निवासी किसान इस्लामाबाद रवि नाइक (40) ने अपनी दो एकड़ जमीन पर कपास की खेती की थी। उन्होंने खेती के लिए 4 लाख रुपये का कर्ज लिया था, लेकिन कम पैदावार के कारण वह उसे चुका नहीं पाए। आर्थिक तंगी से जूझते हुए उन्होंने सोमवार सुबह करीब 9 बजे अपने खेत में कीटनाशक पी लिया।

उसकी हालत देखकर, अन्य किसान और परिवार के सदस्य उसे तुरंत स्थानीय अस्पताल ले गए। उसकी हालत गंभीर होने के कारण, वहां के कर्मचारियों ने उसे सुबह 11 बजे महबूबनगर के सरकारी सामान्य अस्पताल में रेफर कर दिया। हालांकि, अस्पताल के कर्मचारियों ने कथित तौर पर बेड की कमी का हवाला देते हुए उनके परिवार को उन्हें निम्स या हैदराबाद के किसी निजी अस्पताल में ले जाने को कहा। खबरों के अनुसार, उन्हें दोपहर 1.30 बजे निम्स ले जाया गया, लेकिन शाम 5 बजे तक इंतजार करने के बाद, उनके परिवार को बेड की कमी का हवाला देते हुए उन्हें फिर से गांधी अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई। अंततः उन्हें गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शाम करीब 5.30 बजे इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सरकारी अस्पताल के कर्मचारियों पर इलाज से इनकार करने और बिस्तर उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए रवि नाइक के परिवार के सदस्यों ने कहा कि वे पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल

जगतियाल, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जगतियाल नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष के पति सहित चार लोग मंगलवार सुबह मल्लियाल मंडल के कोंडागट्टू में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय घटित हुई जब विपरीत दिशाओं से आ रही दो कारें आमने-सामने टकरा गईं। दुर्घटना के समय हैदराबाद जाते समय पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति के पति अदुवाला लक्ष्मण और उनके मित्र घायल हो गए। एक अन्य कार में सवार कोंडागट्टू जा रहे रंगू नरसिम्हुलु और उनकी पत्नी विजया भी घायल हो गए। चारों को जगतियाल अस्पताल ले जाया गया।

## अमित शाह न्यायमूर्ति सुदर्शन रेड्डी की उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी को पचा नहीं पा रहे : भाकपा नेता

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चाडा वेंकट रेड्डी ने आज आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह, न्यायमूर्ति सुदर्शन रेड्डी की भारतीय जनता पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि गुजरात के गृह मंत्री रहते हुए, शाह को न्यायमूर्ति रेड्डी के फैसले के कारण दो साल तक गुजरात से दूर रहना पड़ा था और अब वे न्यायपालिका पर हमला कर रहे हैं।

भाकपा नेता ने पत्रकारों से बात करते हुए न्यायमूर्ति रेड्डी को माओवादियों से 'जोड़ने' वाली शाह की टिप्पणी की निंदा की और मोदी-शाह पर असहमति को दबाने का आरोप लगाया। उन्होंने कार्यकर्ता साईं बाबा की विकलांगता के बावजूद उन्हें जेल में डालने और उनकी मृत्यु का हवाला दिया। उन्होंने चंद्रबाबू नायुडू और पवन कल्याण से लोकतंत्र के लिए खड़े होने का आग्रह किया।




# किसानों को यूरिया आपूर्ति की चिंता नहीं करनी चाहिए : मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव ने मंगलवार को आईडीओसी में महबूबनगर जिले में उपलब्ध यूरिया स्टॉक और आपूर्ति की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में विधान पार्षद दामोदर रेड्डी, विधायक येन्नम श्रीनिवास रेड्डी, मधुसूदन रेड्डी, बंडला कृष्ण मोहन रेड्डी, पर्णिका रेड्डी, मेघा रेड्डी, कासिरेड्डी नारायण रेड्डी, डॉ. राजेश रेड्डी, डॉ. वामसी कृष्णा, डीसीसीबी अध्यक्ष विष्णुवर्धन रेड्डी, जिला कलेक्टर, एसपी, कृषि अधिकारी और अन्य लोग शामिल हुए।

इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर यूरिया के मामले में जिला अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें और सुनिश्चित करें कि आपूर्ति में कोई समस्या न हो। उन्होंने अधिकारियों को निजी डीलरों के पास मौजूद यूरिया स्टॉक को तुरंत किसानों को बेचने के लिए कदम उठाने की सलाह दी। उन्होंने अधिकारियों को नकली बीज बेचने वाले व्यापारियों और यूरिया को ऊंचे दामों पर बेचने वाले खाद विक्रेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने और उन्हें दंडित करने के निर्देश दिए। उन्होंने




अधिकारियों से कृत्रिम कमी पैदा करने और अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की। राव ने कहा कि जिलाधिकारियों को किसानों को आश्वस्त करने, स्टॉक का विवरण देने और किसानों की चिंता दूर करने के लिए प्रेस वार्ता आयोजित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संबंधित जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए कि निजी विक्रेताओं के पास मौजूद स्टॉक की उचित आपूर्ति हो। उन्होंने कहा कि चालू फसल सीजन के अंत तक, प्रत्येक खाद विक्रेता दुकान, पी.ए.सी.एस. और कृषि सेवा केंद्रों के लिए एक अधिकारी नियुक्त किया जाना चाहिए और उन्हें जिम्मेदारियां दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए। पुलिस अधिकारियों को कृषि विभाग के अधिकारियों और प्रत्येक दुकान के लिए नियुक्त अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यूरिया की आपूर्ति में कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी आगामी रबी सीजन के लिए किसानों को आवश्यक यूरिया की मात्रा का अनुमान लगाएं, वास्तविक आंकड़ों के अनुसार प्रस्ताव तैयार करें और राज्य सरकार को जिलेवार मांगपत्र भेजें। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार उन प्रस्तावों के आधार पर केंद्र को मांगपत्र भेजेगी। मंत्री जुपल्ली ने कहा कि राज्यों को यूरिया का आवंटन केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है और आरोप लगाया कि केंद्र, जिसे राज्यों की जरूरतों के अनुसार यूरिया की आपूर्ति करनी चाहिए, तेलंगाना के साथ सहयोग नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा, केंद्र को खरीफ सीजन के लिए तेलंगाना को 9.8 लाख मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति करनी चाहिए, लेकिन अभी तक उसने केवल 6.6 लाख मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति की है और अभी भी 3 लाख मीट्रिक टन से अधिक यूरिया की आपूर्ति की जानी है, जिसके कारण राज्य में यूरिया की कमी है।

## सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्री की मौत

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार रात चेवेल्ला के पास हैदराबाद-बीजापुर राजमार्ग पर एक दुखद सड़क दुर्घटना में एक पिता और उसकी छोटी बेटी की मौत हो गई। पीड़ितों की पहचान विकाराबाद जिले के कोटपल्ली मंडल के बिरेली गांव निवासी रविंदर (32) और उसकी बेटी कृपा (13) के रूप में हुई है, जो मोइनाबाद मंडल के टोलकट्टा गांव में गुरुकुल स्कूल में कक्षा सात की छात्रा है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब रविंदर अपनी बेटी के साथ दोपहिया वाहन पर घर लौट रहे थे। कथित तौर पर लापरवाही से चलाए जा रहे एक कंक्रीट मिक्सर ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वाहन से कुचलकर रविंदर की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल कृपा को चेवेल्ला सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चेवेल्ला पुलिस जांच कर रही है।

## पर्यावरण-अनुकूल गणेश प्रतिमा

हैदराबाद, 26 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। डॉ. सीएच भद्रा के नेतृत्व में "विश्व पर्यावरण संगठन" ने हैदराबाद शहर के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता सेमिनार आयोजित किए और मिट्टी के गणेश वितरित किए। सभी को पर्यावरण की रक्षा करते हुए इस त्योहार का आनंद लेना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के कारण हमारी झीलें, नदियां, तालाब और महासागर अत्यधिक प्रदूषित हो रहे हैं, जिससे इन जलाशयों की जैव विविधता खतरे में पड़ रही है। मुख्य अतिथि कृष्ण चामुंडेश्वरी स्वामीजी द्वारा गणेश पूजा के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, चामुंडेश्वरी पीठम के प्रमुख ने कहा कि उनका पीठम चार दशकों से भी अधिक समय से "आइए मिट्टी के गणेश की पूजा करें, आइए महागणेश की पूजा करें" के नारे के साथ छात्रों और उनके अभिभावकों के बीच पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए यह अद्भुत पहल कर रहा है। प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरणविद् और पर्यावरण शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र के वैश्विक अध्यक्ष, डॉ. रमेश नायुडू ने कहा कि विश्व पर्यावरण संगठन ने अपने पर्यावरण संरक्षण मिशन में उल्लेखनीय सफलताएं प्राप्त की हैं। 2017 में, खैरताबाद के पास विशाल गणेश प्रतिमा के साथ "मिट्टी के गणेश मीठे हैं, प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां- नहीं, नहीं" नारे के साथ एक विशाल रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि खैरताबाद उत्सव समिति की अपील के बाद, अब विश्व प्रसिद्ध महागणेश की मूर्ति भी मिट्टी से बनाई गई- जो विश्व पर्यावरण संगठन के सराहनीय प्रयासों का प्रमाण है। यह कार्यक्रम विश्व पर्यावरण संगठन की तेलंगाना राज्य सचिव अप्पिकोंडा अनुराधा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.